लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 147, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 31.7° अधिकतम तापमान | 24.8° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 19 : 04

हल्द्वानी, रविवार, 14 जुलाई 2024

स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर...13

मनमोहक महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड कस्बे में विट्ठल-रुक्मिणी के वेश में दिंडी यात्रा का अभ्यास करते स्कूली बच्चे। यह यात्रा आषाढ़ी या देवशयनी एकादशी पर निकाली जाती है।

शैक्षणिक कैलेंडर अनिवार्य रूप से लागू करें विश्वविद्यालय

ब्यूरो, देहरादून

- उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा- परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया समय से करें पूर्ण

अमृत विचार : प्रदेश में उच्च शिक्षा के अंतर्गत आने वाले सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सरकार द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। उच्च शिक्षा निदेशालय के साथ ही सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। साथ ही परीक्षा परिणाम समय पर घोषित करने व प्रवेश प्रक्रिया को निर्धारित समय पर पूर्ण करने को कहा गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को यमुना कालोनी स्थित अपने शासकीय आवास पर उच्च शिक्षा विभाग की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक चुनाव व एक दीक्षांत के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व निदेशक उच्च शिक्षा को राज्य सरकार द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर को सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन को परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित कर प्रवेश प्रक्रिया को नियत समय के अंतर्गत पूर्ण करने को कहा।

डॉ रावत ने कहा कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम घोषित करने व प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराने में आ रही दिक्कतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इसके लिए उच्चाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ ही एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स के गठन के साथ ही अन्य सामाजिक पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग की बैठक लेते उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

बदरीनाथ में भाजपा को मात

विधानसभा उपचुनावः राज्य की दोनों सीटें मंगलौर व बदरीनाथ पर कांग्रेस का कब्जा

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : विधानसभा उपचुनाव परिणाम ने भाजपा को तगड़ा झटका दिया है। मंगलौर में कांग्रेस को कड़ी चुनौती तो दी लेकिन भाजपा को सफलता नहीं मिल पाई। वहीं भाजपा बदरीनाथ सीट भी नहीं जीत पाई। मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन और बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत बुटोला विजयी हुए।

हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर वर्ष 2022 में बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक बने थे। उनके निधन के बाद मंगलौर सीट पर उपचुनाव हुआ। मंगलौर सीट पर भाजपा को कभी सफलता नहीं मिली। इस बार भाजपा ने मंगलौर के अभेद दुर्ग को भेदने को ठोस रणनीति बनाई थी लेकिन वह भी नाकाम हो गई। भाजपा ने इस चुनाव में करतार सिंह भडाना को प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन प्रत्याशी थे। जबकि बसपा ने दिवंगत विधायक सरबत करीम अंसारी के पुत्र उबेदुर्रहमान को चुनाव मैदान में उतारा।

काजी निजामुद्दीन और लखपत बुटोला।

- मंगलौर में काजी निजामुद्दीन व बदरीनाथ में लखपत बुटोला जीते

इस चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को कड़ी चुनौती दी। कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 449 वोट के अंतर से विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को हराया। काजी निजामुद्दीन को 31710 और भडाना को 31261 वोट मिले। बसपा प्रत्याशी उबेदुर्रहमान 19552 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने मंगलौर सीट से 2002 व 2007 बसपा विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद काजी ने 2022 विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन बसपा प्रत्याशी सरवत करीम अंसारी से लगभग 700 मतों के अंतर से हार गए थे।

बदरीनाथ विधानसभा सीट से वर्ष 2022 में राजेंद्र सिंह भंडारी कांग्रेस से विधायक बने थे। लेकिन,लोकसभा चुनाव से पहले भंडारी कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए। इस उपचुनाव में भाजपा ने राजेंद्र सिंह भंडारी को प्रत्याशी बनाया था। जबकि कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता लखपत बुटोला को चुनाव मैदान में उतारा। कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को 5224 मतों से शिकस्त दी है। लखपत बुटोला को कुल 28161 वोट हासिल हुए जबकि राजेंद्र भंडारी को 22937 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे नवल किशोर नेगी को 1813 वोट ही हासिल हुए। अयोध्या के बाद बदरीनाथ सीट हारना भाजपा के लिए बड़ा झटका है। वहीं बदरीनाथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की गृह सीट भी है।

7 राज्यों की 13 सीटों में 10 इंडी गठबंधन ने जीतीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की, एक सीट पर निर्दलीय विजयी

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई।

विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उम्मीदवार उतारे थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट पर भाजपा के शीतल अंगुरल को 37,325 मतों से हराया। तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट पर पीएमके के अंबुमणि सी को 67,757 वोटों से पराजित किया। टीएमसी के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी और सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण और मानिकतला सीट पर जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को हराया। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को हराया। भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती है। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह ने कांग्रेस के धीरन शाह इनवती को हराया जबकि बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जद (यू) के कलाधर प्रसाद मंडल को हराया।

पिथौरागढ़ जिले में आपदा की झूठी सूचना देने वाले पर मुकदमा

ब्यूरो, देहरादून

- धारचूला में पुल बहने तथा झील बनने की दी थी गलत सूचना
- सचिव, आपदा प्रबंधन ने लिया धारचूला मामले का संज्ञान

अमृत विचार : आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने कड़ा रुख अपनाया है। धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। सचिव ने आपदा को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में शुक्रवार शाम को सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील स्थित कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की सूचना प्रसारित हुई थी। इस पर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तत्काल जिला प्रशासन को अलर्ट किया। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने घटना को लेकर जानकारी की तो यह सूचना गलत पाई गई। शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल भ्रामक व गलत सूचना प्रसारित करने वाले को ट्रेस कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। पिथौरागढ़ प्रशासन ने संबंधित व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

सचिव ने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 54 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति आपदाओं को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करता है तो दोषसिद्ध होने पर एक साल की जेल और जुर्माने का भी प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति भविष्य में ऐसी सूचनाएं प्रसारित करता है तो उसपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

ईडी ने धनशोधन मामले में कई की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक आईपीएस अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14 .02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 182 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को एम्स से छुट्टी दी गई

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई।

स्पाइवेयर से मेरे फोन को निशाना बनाया गया

नई दिल्ली। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मोदी सरकार पर उनके फोन को दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर के माध्यम से निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा इस घोर असंवैधानिक कृत्य तथा निजता के हनन का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वेणुगोपाल ने एप्पल की ओर से कथित तौर पर भेजे गए एक संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें कहा गया है आपको एक ऐसे स्पाइवेयर हमले द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे फोन पर भी अपना पसंदीदा दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर भेजने के लिए प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद! एप्पल ने आपके इस विशेष उपहार के बारे में मुझे सूचित किया है।

निष्क्रिय किए गए ड्रोन से तीन पिस्तौल बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और एसएसओसी फाजिल्का ने संयुक्त रूप से फाजिल्का सीमा पर बीएसएफ द्वारा निष्क्रिय किए गए ड्रोन से पिस्तौल बरामद की। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि रात के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को रोका। जवानों ने तुरंत उस पर फायरिंग की और अवैध ड्रोन को निष्क्रिय करने कर कार्रवाई शुरू की। ड्रॉपिंग ज़ोन में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जिसमें एक संदिग्ध पैकेट बरामद हुआ।पैकेट में एक धातु की अंगूठी और एक छोटी प्लास्टिक की टॉर्च भी लगी हुई मिली। पैकिंग खोलने पर उसमें से तीन पिस्तौल और सात खाली पिस्तौल मैगजीन बरामद हुई।

इस बार गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िये

ब्यूरो, देहरादून

- भूस्खलन की घटनाएं, सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने लगाई रोक

अमृत विचार : भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलियां क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। आपदा के संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है।

हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िये गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियाएं क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िये जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे। उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने ऐहतियातन कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल का कहना है कि गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियाएं क्षतिग्रस्त हैं, लिहाजा सुरक्षा के दृष्टिगत कांवड़िये इससे आगे नहीं भेजे जाएंगे। कांवडियों को इस बार गंगोत्री धाम से ही जल भर कर लौटना होगा।

क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो कानून की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया विधि विवि के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने दी सलाह
- मेधावियों को दिए पदक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य हुए सम्मिलित

अमृत विचार : कानून की पढ़ाई हिंदी व क्षेत्रीय भाषा में भी कराई जाए तो अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। इसके लिए देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार-विमर्श भी करता रहता हूं। कानून के सिद्धांतों को यदि हम सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की ही कमी नजर आ रही है।

कानून की शिक्षा व जानकारी अधिकाधिक लोगों को उनकी ही भाषा में हो इसके लिए हमें फलदाई व सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए। कोर्ट को अपने फैसले अंग्रेजी के साथ ही हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषा में भी सुनाना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा में अपनापन होता है। अनुवादित भाषा कभी-कभी अर्थ का अनर्थ बना देती है। उक्त उद्गार भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ के हैं। शनिवार को डा. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) लखनऊ के दीक्षांत समारोह में विधि विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों से मुखातिब थे।

दीक्षांत समारोह में एक मेधावी को सम्मानित करते सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह। ● अमृत विचार

इस अवसर पर सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के कई फैसले हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में न होने से आम लोगों को समझ में नहीं आते हैं। इसलिए जरूरी है कि भाषाई दिक्कतों को दूर किया जाए। यह कोई बड़ी बात नहीं, हम चाहें तो इसे बेहतर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में एलएलबी की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जानी चाहिए। क्योंकि अंग्रेजी भाषी विधि विद्यार्थी खसरा-खतौनी की जानकारी मांगने पर बगले झांकने लगते हैं।

दीक्षांत समारोह में विधि विषय के मेधावियों को पदक दिए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

ताल-तलैया का अर्थ उत्तर प्रदेश में ही जान पाया : सीजेआई

सीजेआई ने बताया कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। उन्होंने यहीं आकर स्थानीय भाषा में ताल-तलैया का अर्थ जाना। बताया कि अंग्रेजी भाषा की समझ अधिकांश न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं को तो होती है, लेकिन भोजपुरी, अवधी, बुंदेली, हिंदी आदि बोलने वाले अधिकतर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। हमें ऐसे लोगों की सुविधा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मां के प्यार का असल भाव अंग्रेजी के अनुवाद से नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की शिक्षा से अंग्रेजी को हटा देने के वे पक्षधर नहीं, लेकिन स्थानीय भाषाओं को भी आगे लाए जाने की जरूरत है। क्योंकि न्याय समय पर मिलना आवश्यक है, इसकी सभी को जरूरत है।

सीआईसी के पास पीठ गठित करने व नियम बनाने की शक्तियां : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है।

पीठ ने कहा कि आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो।

- प्रभावी कामकाज के लिए सीआईसी की स्वायत्तता महत्वपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

पीठ ने कहा कि ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस, लोक व्यवस्था, नियुक्ति आदि मामलों में मंजूरी होगी जरूरी

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं। उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किए जाने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं।

गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है। कहा गया है कि महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल का अनुमोदन लेने पड़ेगा। अभियोजन मंजूरी प्रदान करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा। कारागार, अभियोजन निदेशालय और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित मामले भी उपराज्यपाल के समक्ष रखे जाएंगे।

जल्दी नहीं मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ाए जाने का मतलब यह है कि निकट भविष्य में इस केंद्र शासित का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना नहीं दिखती। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 30 सितंबर, 2024 तक कराने का आदेश दिया था।

कश्मीर के राजनेताओं ने गृह मंत्रालय पर साधा निशाना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियों का दायरा बढ़ाने के गृह मंत्रालय के निर्णय पर कश्मीर के नेताओं ने निशाना साधा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के लोग एक शक्तिहीन, रबर स्टैम्प मुख्यमंत्री से बेहतर के हकदार हैं, जिसे अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल से भीख मांगनी पड़ेगी। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नगर पालिका बनकर रह जाएगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

सार-संक्षेप

जीआईसी ढोकाने के 50 विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन

गरमपानी : सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने में एनसीसी के सीनियर व जूनियर डिविजन के कैडेट्स की चयन प्रक्रिया की गई। दोनों ही डिविजन के लिए पचास कैडेट्स चुने गए। पंचायत प्रतिनिधियों व अभिभावकों ने एनसीसी इकाई शुरू होने पर खुशी व्यक्त की है। विद्यालय परिसर में कैडेट्स के चयन का जिम्मा 79 एनसीसी बटालियन नैनीताल ने संभाला। सूबेदार मेजर पाकेश कुमार चौहान की देखरेख में शुरू हुई प्रक्रिया में विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत नौनिहालों ने प्रतिभाग किया। बीएचएम तारा सिंह, एएनओ जेडी पंत, एएनओ एसडी दीपक कुमार की देखरेख में शारीरिक मापदंडों व कई अहम पड़ाव सफलतापूर्वक पार करने के बाद जूनियर डिविजन के लिए 14 बालक व 11 बालिकाओं का चयन किया गया, जबकि सीनियर डिविजन के लिए भी 14 बालक व 11 बालिकाओं समेत 25 कैडेट्स का चयन किया गया।

गुलाबघाटी के टूटे पैराफिट दे रहे हादसों को बढ़ावा

भीमताल : हल्द्वानी-नैनीताल राजमार्ग पर रानीबाग से पहले गुलाबघाटी में गौला नदी की तरफ टूटे हुए पैराफिट को शीघ्र बनाने की मांग स्थानीय जनता ने संबंधित विभागों से की है। सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक दीपक नौगाई बताते हैं कि पैराफिट टूटने के कारण मोटर मार्ग संकरा हो गया है। बरसात के दिनों में रोज यातायात जाम लगता है। वहीं दुर्घटना का भय भी बना रहता है। पैराफिट ना होने से पहले भी यहां से दोपहिया वाहन और चारपहिया वाहन नदी में गिर चुके हैं, वहीं स्थानीय निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह, पूर्व ग्राम प्रधान आनंद कुजरवाल ने बताया कि इस संबंध में उनकी ओर से कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है पर कार्रवाई आज तक नहीं हो पाई है।

भवाली में पौधरोपण की तैयारी करतीं कांग्रेस नेत्री खष्टी बिष्ट व अन्य।

पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

भवाली : मानसून में हरेला पर्व और वन महोत्सव की धूम रहती है। इसी के तहत भवाली क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री खष्टी बिष्ट की ओर से पौधरोपण का कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर सेनिटोरियम क्षेत्र और नैनीताल रोड दोनों तरफ विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान भवाली के लोगों ने भी इस सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका के ईओ संजय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता शेर सिंह बिष्ट, शांति तिवारी, धनी दुमका, जय, कपिल, भास्कर, शशि, गीता बिष्ट, ललित, आदिल आदि उपस्थित थे। वहीं रामगढ़ हिमालयन हाइट्स अमारी रिजॉर्ट के सीएमडी व रिजॉर्ट प्रबंधक सुभास सुंठा ने रिजॉर्ट कर्मचारियों व स्थानीय लोगों के साथ पौधे लगाए। इस दौरान उतिश, पंगार, खरशू, नींबू, सेब, नाशपाती के 450 से अधिक पौधे लगाए गए। ग्रामीणों व रिजॉर्ट कर्मियों को पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई।

पर्यावरण और जल संचय के लिए घातक है चीड़ : बिष्ट

भीमताल : प्रदेश के पर्यावरण को बचाना अत्यंत आवश्यक है। इस बात का जिक्र करते हुए भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री व पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर पेयजल संकट, वन्नग्नि की घटनाएं व जल संरक्षण के लिए चीड़ वृक्ष को हटाकर वर्षा ऋतु में हरियाली दिवस पर चौड़ी पत्ती के पौधों को लगवाने की मांग की है। पत्र में बताया है कि उत्तराखंड के पर्वतीय भू-भाग के संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। पर्वतीय भू-भाग में आग व पेयजल संकट को इस वर्ष सभी ने देखा है जिसका दुष्परिणाम ग्रीष्म ऋतु में सभी को झेलना पड़ा तथा भविष्य में यदि सावधान नहीं हुए तो इससे भी ज्यादा गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि पेयजल संकट व वनाग्नि का मुख्य कारण चीड़ प्रजाति के वृक्ष ही हैं जो आग अचानक पकड़कर उसे तेजी से फैलाने का कार्य करता है। पेयजल श्रोतों को भी सुखाता है। अपने आसपास अन्य चौड़ी प्रजाति के वृक्ष को पनपने नहीं देता। चीड़ से ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि में कृषि उत्पादन भी नहीं हो पाता।

ऋतु खंडूरी करेंगीं हरेला महोत्सव का उद्घाटन

नैनीताल : लेक सिटी वेलफेयर क्लब 20 और 21 जुलाई को भव्य हरेला महोत्सव का आयोजन करेगा। मौसम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष रितु खांजूरी करेंगी। शनिवार को महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गई। क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढोंढीयाल के नेतृत्व में विभिन्न उप समितियों का गठन कर सदस्यों को दायित्व सौंपा। गोवर्धन हॉल से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। सांस्कृतिक शोभा यात्रा बाजार से सीआरएसटी इंटर कॉलेज में एकत्र होगी। कार्यक्रम में पंजाब एवं राजस्थान की सांस्कृतिक टीमों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही विभिन्न जनपदों के सांस्कृतिक दलों एवं स्कूली बच्चों के साथ स्थानीय महिला समूहों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

खटीमा से घूमने पहुंचे युवकों से मारपीट

नैनीताल : घूमने के लिए खटीमा से नैनीताल पहुंचे दो दोस्तों से कुछ युवकों ने देर रात मारपीट कर दी। एक युवक बेसुध होकर गिर गया। खटीमा निवासी मनोज बल्दिया ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार को वह अपने दोस्त रोहन पाठक के साथ घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। रात करीब एक बजे वह नैनीताल में रहने वाले दोस्त प्रियांशु से मिलने के बाद होटल की ओर जा रहे थे। मोहनको चौराहे के समीप उनके वाहन को एक युवक ने रोक लिया, जोकि प्रियांशु के साथ बहस करने लगा। इस दौरान उन दोनों बीच बचाव कर किसी तरह मामला शांत किया और वाहन में बैठ होटल की ओर जाने लगे। इस बीच पीछे से दस 15 युवक पहुंचे और मारपीट पर उतारू हो गए। मारपीट में वह बेसुध होकर सड़क पर गिर गया।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की अंतिम तिथि कल

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविधालय की डीन साइंस प्रो. चित्रा पांडे ने बताया कि डीएसबी परिसर में बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है। अब तक बीएससी बायोलॉजी ग्रुप में 85 प्रवेश तथा बीएससी गणित वर्ग में 112 विद्यार्थी प्रवेश ले चुके हैं। कहा कि बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है। पंजीकरण करा चुके छात्र यदि प्रवेश चाहते हैं तो 15 जुलाई को डीएसबी परिसर में अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ संपर्क कर सकते हैं।

मेले को विशेष पहचान व राज्य मेले का दर्जा दिलाने का संकल्प, बरसात में अधिक से अधिक सुविधाओं को जोड़ने का प्रयास

सीमित संसाधनों के बीच हरेला मेले की तैयारियां जोरों पर

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : उत्तराखंड के प्रसिद्ध मेलों में शुमार भीमताल का हरेला मेला का आयोजन 16 से 21 जुलाई तक होगा। इस मेले को राज्य मेला का दर्जा दिलाने की पुरजोर मांग की जा रही है।

मेले के सफल आयोजन के पीछे जहां जिला स्तरीय अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है वहीं इस कार्य को संपन्न करने के लिए और सभी मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी भी दिन-रात मेला स्थल में सुविधाओं को धरातल पर सक्रिय करने में जुटे हैं, ताकि मेले में आने वाले लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। लोगों को सभी सुविधाएं भी मिल सकें। शासन-प्रशासन की ओर से हालांकि नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दे दिया गया है, पर अभी तक नगर पालिका के तहत स्वीकृत पदों को नहीं भरा जा सका है। नगर पालिका बनने के बाद भी नगर पालिका के सीमित कर्मचारी व अधिकारी अपने सीमित संसाधनों से मेले के सफल आयोजन में लगे हुए हैं।

बरसात होने के बावजूद इनका प्रयास है कि मेले में अधिक से अधिक सुविधाओं को जोड़ा जा सके। इनके द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा भी हर जगह हो रही है।

"इस बार हमारा प्रयास है कि भीमताल के मेले को खासी पहचान मिल सके। क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है यह मेला, इसलिए दिन-रात सुविधाओं को जुटाया जा रहा है। **-योगेश आर्या**, विद्युत निरीक्षक, अध्यक्ष, नगर पालिका महासंघ

"मेले में किसी को कोई परेशानी ना हो इसका ध्यान दिया जा रहा है। सफाई, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था की जा रही है। **-अनिल एटनी**, कर संग्रहकर्ता, नगर पालिका भीमताल

"हमारा और सभी का प्रयास है कि इस बार दूर-दराज तक इस मेले के आयोजन की चर्चा हो, इसके लिए सभी प्रयासरत हैं। नगर पालिका के सभी कर्मचारी व अधिकारी मेले की सफलता के लिए कार्य कर रहे हैं। **-महेन्द्र सिंह धौनी**, अवर अभियंता, भीमताल नगर पालिका

हाईवे पर दो पक्षों में हाथापाई, चालान

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर गंगरकोट क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद से हड़कंप मच गया। छोटा सा विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। विनोद चंद्र, रविन्द्र कुमार, पंकज व सूरज की गांव के ही विनोद कुमार से किसी बात को लेकर बहस हो गई। मामला तूल पकड़ा तो तीखी बहस से बात हाथापाई तक पहुंच गई। दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए। पुलिस हेल्पलाइन पर विवाद की सूचना पर एएसआई हरभजन सिंह राणा मय टीम मौके को रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बामुश्किल शांत कर खैरना चौकी लाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान किया।

बारिश थमने के बावजूद ठंडी सड़क, चार्टन लॉज में भूस्खलन

तीन दिन से नगर में दिनभर धूप खिलने से भूस्खलन की संभावनाएं बढ़ने लगीं, आने वाले दिनों में खतरा और बढ़ने की आशंका

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मानसून की पहली बारिश पर विराम लगने के बाद भी खतरा अभी टला नहीं है। बीते तीन दिनों से नगर में दिनभर धूप खिलने से भूस्खलन की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं।

शुक्रवार दोपहर मल्लीताल अंडा मार्केट में सड़क धंसने के बाद शनिवार सुबह नगर के सात नंबर क्षेत्र में विशालकाय पेड़ गिर गया, वहीं चार्टन लॉज व ठंडी सड़क में भी भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। देर रात को ठंडी सड़क व चार्टन लॉज में भी हल्का भूस्खलन हुआ है, जिससे आने वाले दिनों में खतरा और बढ़ने की आशंका बन गई है। लगातार भूस्खलन के बाद स्थानीय निवासियों के साथ ही पर्यटकों में भी भय का माहौल व्याप्त है।

बता दें कि 24 जुलाई 2022 को ठंडी सड़क में पाषाण देवी मंदिर के समीप हल्का भूस्खलन हुआ था, जिसके बाद 31 अगस्त को पहाड़ी पर भारी भूस्खलन होने से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर झील में समा गए। ठंडी सड़क पर पूरी तरह से आवागमन बाधित हो चुका था, जिससे कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास पर भी भूस्खलन से खतरा बढ़ गया था, जिसके बाद छात्रावास को खाली कर लिया गया था। सितंबर में सिंचाई विभाग ने पहाड़ी का अस्थाई उपचार शुरू किए, जिसमें लोहे के एंगल भूमिगत कर जियो बैग में कंक्रीट भरकर दीवार बनाई गई। मगर पहाड़ी पर भूस्खलन नहीं रुका। अक्टूबर में अतिवृष्टि के दौरान पहाड़ी पर एक बार फिर भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें पुराना अस्थाई कार्य भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद सिंचाई विभाग ने 13 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया। करीब 13 करोड़ की डीपीआर शासन को सौंपी गई। जिसके बाद 10 करोड़ 34 लाख के बजट को स्वीकृति मिली, जिसके बाद प्रोजेक्ट के अनुसार सड़क के ठीक ऊपर स्थित केपी हॉस्टल तक सुरक्षा कार्य, झील से रिटेनिंग वॉल, वायर क्रेट्स और माइक्रो पाइलिंग का काम किया जा रहा है, लेकिन अब मानसून सीजन के दौरान यहां पर फिर से खतरा मंडराने लगा है।

नैनीताल की ठंडी सड़क क्षेत्र में हुआ भूस्खलन। ● अमृत विचार

सात नम्बर क्षेत्र में धराशायी हुआ विशालकाय पेड़। ● अमृत विचार

घर के समीप गिरा पेड़

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मानसून के पहले दौर पर विराम लगने के बाद धूप खिलने से अब भूस्खलन का खतरा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को नगर के मल्लीताल अंडा मार्किट में सड़क धंस गयी थी तो वही शनिवार सुबह नगर के सात नंबर क्षेत्र में एक विशालकाय पेड़ गिर गया।ग़नीमत रही पेड़ गिरने से कोई नुकसान नहीं हुआ।लेकिन मकान के निकट लगी रेलिंग टूट गई। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह सात नंबर क्षेत्र में कौस्तुभानंद जोशी के आवास के निकट एक विशालकाय पेड़ गिर गया। पेड़ के गिरने से रेलिंग और दीवार टूट गई। सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र पांडे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने पेड़ को काटकर नुकसान का आंकलन किया।वही स्थानीय निवर्तमान सभासद पुष्कर बोरा ने प्रशासन से नुकसान का आंकलन कर मुआवजा देने की बात कही है।

चार्टन लॉज के बाद अब चायनापीक की पहाड़ी से गिर रहे पत्थर, खतरा

संवाददाता, नैनीताल

निरीक्षण

- जिला प्रशासन की टीम ने निरीक्षण किया
- सिंचाई विभाग को सुरक्षा कार्य का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए

अमृत विचार : नगर के अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल चायना पीक की पहाड़ी से गिरते पत्थर व मलबा तलहटी में बसे लोगों के लिए खतरा बन रहा है। बारिश के दौरान क्षेत्रवासी खतरे की सम्भावना जता रहे हैं। खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन की टीम ने क्षेत्र में का निरीक्षण किया है। सिंचाई विभाग को पहाड़ी में सुरक्षा कार्य करने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि बीते लंबे समय से चायना पीक की पहाड़ी में बीते लंबे समय से लगातार भू-स्खलन हो रहा है। पहाड़ी से बोल्डर, पत्थर गिरने से इसके ठीक नीचे तलहटी में आबादी क्षेत्र को खतरा हो जाता है। कई बार स्थानीय लोग भू-स्खलन की आवाज सुन रात में घरों से सुरक्षित स्थान की ओर भागते हैं। बरसात में भी यहां भू-स्खलन की घटनाएं कई बार हुई हैं। इधर भारी बारिश के दौरान क्षेत्र में पत्थर गिरने शुरू हो गए हैं इससे क्षेत्रवासी भयभीत हैं, हालांकि मलबा या पत्थर आबादी तक नहीं पहुंचा, लेकिन पत्थरों के गिरने का सिलसिला जारी है। सूचना के बाद क्षेत्र में जिला प्रशासन की टीम की ओर से निरीक्षण किया गया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि चायनापीक क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है क्षेत्र में पत्थर गिर रहे हैं। पहाड़ी से गिरते पत्थर व मलबे को रोकने के लिए तकनीकी टीम की ओर से सर्वे कराया जाएगा। साथ ही सिंचाई विभाग को भी क्षेत्र से गिरते पत्थरों को सड़क तक आने से रोकने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

बोट हाउस क्लब की नौ सदस्यीय कार्यकारिणी का किया गया गठन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बोट हाउस क्लब के वार्षिक चुनाव के तहत शनिवार को मतगणना के बाद नौ सदस्यीय कार्यकारिणी चुन ली गई। आपसी राय के बाद चयनित सदस्यों को उपाध्यक्ष, सचिव समेत अन्य पदों पर आसीन किया जाएगा।

क्लब के कुल 3785 मतदाताओं में से 1643 सदस्यों ने मतदान किया। इनमें 1299 ने ई-वोटिंग तथा 344 ने व्यक्तिगत मतदान किया। क्लब के चुनाव लिए बीते दिवस दोपहर एक बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया रात्रि 8 बजे तक चली। चुनाव के लिए 12 सदस्यों ने नामांकन किया था, जिसमें से 9 कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने थे। शनिवार सुबह 11 बजे मतगणना शुरू हुई। वरीयता के क्रम में मुकुंद प्रसाद को 1221, जेएस सरना को 1218, डीके शर्मा को 1215, नसीम ए खान को 1161, चौधरी धीर सिंह को 1151, सुमित जेठी को 1150, शैलेंद्र सिंह चौहान को 1145, सोएब अहमद को 1097, अखिल कुमार साह को 935 वोट मिले। चुनाव व मतगणना में चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह अधिकारी, रजत टंडन, गोपाल कृष्ण वर्मा, राजीव सिंह बिष्ट रहे।

नैनीताल में बोट हाउस क्लब के चुनाव के मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संतुलित भोजन लें छात्र-छात्राएं

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : सरस्वती पब्लिक स्कूल निशौला भीमताल में सम्पूर्ण संकल्प स्वास्थ्य अभियान के अन्तर्गत कक्षा छ, सात और आठ के 130 छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य, खानपान एवं रोग तथा शारीरिक मानसिक विकास आदि विषयों पर विस्तार से वार्ता करने के लिए एक दिवसीय विचार-गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में कुमाऊ विवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की डॉ. बीना पांडे एवं डॉ.मंजू तिवारी ने बाजार की रेडीमेड सामग्री, चार्ट एवं स्लाइड शो से छात्र-छात्राओं को सन्तुलित आहार (खानपान), शरीर के समुचित विकास के लिए आवश्यक केलोरी, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, खनिज लवण आदि के विषय में विस्तार से चर्चा कर सावधानी रख जंक फूड और अन्य पेय पदार्थों के सेवन न करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विद्यालय की अध्यापिका हिमानी आर्या ने अतिथियों का स्वागत किया।

सरस्वती पब्लिक स्कूल में आयोजित गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

गोष्ठी के समापन पर निदेशक हरीश चन्द सिंह रौतेला ने डॉ. बीना पांडे एवं डॉ. मंजू तिवारी का धन्यवाद ज्ञापित कर उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य गीता रौतेला, गोष्ठी समन्वयक पुष्पा सुयाल, संजय बिष्ट, नवीन जोशी, कमलेश आर्या, राधा शर्मा, कुसुम भगवाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

आज का मौसम

बीच-बीच में बारिश होने की संभावना

33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.22 | सूर्यास्त 07.13

आज के कार्यक्रम

- लालकुआं दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश वोरा की अतिथि रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता प्रात: 11 बजे
- पर्वतीय उत्थान मंच की ओर से हरेला पर्व का महोत्सव 3 बजे
- इनर व्हील क्लब के स्थापना दिवस पर ब्लू सफायर क्लार्क इन होटल में कार्यक्रम 5 बजे

एक नजर

एमबीपीजी में शनिवार को हुए 258 प्रवेश

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को कुल 258 प्रवेश हुए। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 154, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 59, बीएससी प्रथम सेमेस्टर पीसीएम में 25 और बीएससी प्रथम सेमेस्टर बॉयोलॉजी में 20 प्रवेश हुए। अभी तक कॉलेज में कुल 3123 प्रवेश हो चुके हैं। इधर, महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को कुल 27 प्रवेश हुए। जिसमें बीए में 11, बीकॉम में 5, बीएससी गणित में 3 और बॉयोलॉलो में 8 प्रवेश हुए हैं। महिला कॉलेज में अभी तक कुल 503 प्रवेश हो चुके हैं।

फिल्टर प्लांट से नहीं हुई पेयजल आपूर्ति

हल्द्वानी : गौला बैराज से जल संस्थान फिल्टर प्लांट को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने से शहर में पानी का संकट बना हुआ है। शनिवार सुबह गौला बैराज से शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति फिर ठप हो गई। प्लांट बंद होने से शाम की आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को पेयजल की किल्लत झेलनी पड़ी। इधर जल संस्थान के ईई रवि शंकर लोशाली ने बताया कि देर शाम तक प्लांट चलने की उम्मीद है। रविवार को पानी की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

बाघ एक्सप्रेस फिर लेट

हल्द्वानी : हावड़ा से काठगोदाम के बीच नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस शनिवार को अपने निर्धारित समय से तीन घंटे से देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची।

खंगाले नहर-नाले, आकाश का तीन दिन बाद भी नहीं लगा पता

गुरुवार रात ड्यूटी से घर लौट रहा बाइक सवार बह गया था देवखड़ी नाले में, डॉग स्क्वॉड भी लगाया तलाश में, पत्नी, बेटियों और बहन का रो-रोकर बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ड्यूटी से घर लौट रहा आकाश गुरुवार को मोटर साइकिल समेत देवखड़ी नाले में तेज बहाव के साथ बह गया। तीन दिन बाद भी एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, नगर निगम और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम उसे तलाश नहीं सकी हैं। उसकी तलाश में शनिवार को शहर की नहर और नाले टीमों ने खंगाल डाले। उसकी तलाश में डॉग स्क्वॉड को भी लगाया गया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

मूल रूप से सुभाषनगर चौपुला ओवरब्रिज बरेली उत्तर प्रदेश निवासी आकाश सिंह (40 वर्ष) नैनीताल रोड स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करता था और दमुवाढूंगा में पत्नी, तीन बेटियों और बहन के साथ रहते था। गुरुवार को झमाझम बारिश के बाद शहर के नदी, नाले और नहरें उफान पर थीं। काम खत्म करने के बाद आकाश अपनी बुलेट मोटर साइकिल से घर के लिए निकले और देवखड़ी नाले में मय मोटर साइकिल के बह गए। उनकी मोटर साइकिल तो बरामद कर ली गई, लेकिन आकाश का कहीं पता नहीं चला। सूचना पर गुरुवार को ही उनकी तलाश शुरू कर दी गई थी। शुक्रवार पूरे दिन तलाश के बाद शनिवार को भी एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें आकाश की तलाश करती रहीं। इस दौरान आकाश का परिवार भी खोजी टीम के साथ रहा। संभावना जताई गई कि टेढ़ी पुलिया से गुजरी नहर में आकाश हो सकता है, जिसके बाद टीम ने सुबह सात बजे से ही यहां तलाश शुरू की। लेकिन पूरे दिन तलाश के बाद भी आकाश का सुराग नहीं लगा।

> सर्च टीमें लगातार तलाश कर रही हैं। फिलहाल अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बचाव दल अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं।
> -प्रकाश चंद, एसपी सिटी हल्द्वानी

नैनीताल रोड स्थित वॉक-वे के सामने युवक की तलाश में नहर से पानी निकालने को मोटर भीतर ले जाते एनडीआरएफ के जवान।

नैनीताल रोड स्थित वॉक-वे के सामने नहर से मोटर से पानी निकालते कर्मचारी।

तकनीकी जानकारों के साथ जुटी रही टीम

हल्द्वानी : शहर में नहरों का लंबा जाल फैला है। पहले नहरें खुली थीं, लेकिन अब तमाम स्थानों पर नहर कवर कर दी गई हैं। ऐसे में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने नगर निगम और सिंचाई विभाग की मदद ली। तलाश के दौरान नगर निगम और सिंचाई विभाग के लोगों ने टेढ़ी पुलिया के नीचे बह रही नहर के अंदर तलाश करने को कहा। सड़क के दोनों तरफ से बचाव दल को उतारा गया। तल तक तलाश के लिए पोर्टेबल पंप की मदद से नहर का पानी भी खींचा गया, लेकिन आकाश नहीं मिला।

अफवाह पर मुखानी पहुंच गया तलाशी दल

हल्द्वानी : सुबह सात बजे से आकाश की तलाश में जुटी टीम को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मिली एक सूचना ने दौड़ा दिया। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक महिला ने सूचना दी कि उसने मिट्टी से सना एक शव नहर कवरिंग रोड पर नाले में पड़ा देखा है। जानकारी मिलते ही टीम भाजपा कार्यालय स्थित महिला के बताए स्थान पर पहुंच गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। महिला का कहना है कि उसने शुक्रवार रात शव देखा था।

युवक की खोजबीन के दौरान बैठे परिजन व क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

हादसे के बाद देवखड़ी नाले पर लगाई रेलिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया के सुझाव को मानते हुए जिला प्रशासन ने देवखड़ी नाले के किनारों पर लोहे की रेलिंग लगवा दी हैं ताकि भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति पानी के तेज बहाव में नहीं बह जाए।

बीती 11 जुलाई की आधी रात को कैनाल रोड कॉलटैक्स के समीप सड़क पार कर रहा आकाश सिंह देवखड़ी नाले में बह गया था जिसका 48 घंटे बाद भी पता नहीं चला है। इधर, इसको लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रशासन से आबादी के बीचोबीच गुजर रहे नालों के किनारों पर लोहे की रेलिंग लगवाने की मांग की थी। इससे कोई भी व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बहे तो रेलिंग को पकड़ कर बच सके।

उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसके बाद जिला प्रशासन ने देर रात तक नाले किनारे रेलिंग लगवा दी है। साथ ही जनता से अपील की जा रही है कि बारिश के समय बरसाती नालों को पार नहीं करे। इधर, बल्यूटिया ने जिला प्रशासन से देवखड़ी की तर्ज पर ही रकसिया व कलसिया नालों में रेलिंग लगवाने की मांग की है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि देवखड़ी नाले के पास सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाई गई है।

नदी के चैनलाइज से बाढ़ का खतरा बढ़ा

हल्द्वानी: चोरगलिया इलाके के लोग शनिवार को कुमाऊं कमिश्नर आवास पहुंचे और शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि चोरगलिया इलाके के दर्जनों गांवों को नंधौर नदी की बाढ़ से बचाने के लिए वन विभाग ने नंधौर में 2 किलोमीटर अति संवेदनशील इलाके में नदी के बीचों बीच जमा मलबा व बोल्डरों को हटाकर नदी धारा में बदलाव कर दिया है। इससे दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। जिसके भारी नुकसान हो सकता है। पत्र में लोगों ने कुमाऊं कमिश्नर से इस मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई का निर्देश जारी करने की अपील की। इस मौके पर भुवन चंद्र पोखरिया, इंद्र कुमार जोशी, पंकज भट्ट, ललित बिष्ट, महेंद्र सिंह, प्रकाश बिष्ट, हरीश बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

चार्ज लेते ही कलसिया में उतरे ईई रावत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : स्टेडियम को बचाने में लापरवाही करने वाले एक्ससीएन पर कार्रवाई हो चुकी है और अब प्रमोशन पर भीमताल से हल्द्वानी आए नए अधिशासी अभियंता (ईई) दिनेश सिंह रावत ने चार्ज लेते ही काम तेजी से शुरू कर दिया है। शनिवार से कलसिया नाले का नए सिरे से चैनलाइजेशन किया जा रहा है।

जून माह के आखिर में भारी बारिश हुई। नदियां और नाले उफान पर आए तो गौला नदी में पानी किनारों को काटने लगा। गौला के उफान से अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम भी खतरे की जद में आ गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद स्टेडियम में पहुंचे और सिंचाई विभाग को नदी के ट्रीटमेंट की जिम्मेदारी दी। पूर्व ईई बीसी नैनवाल पोकलैंड मशीनों के साथ नदी के चैनलाइजेशन में जुटे, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले काम पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा उन्हें हटा दिया गया और भीमताल में एई रहे दिनेश सिंह रावत को प्रमोशन पर हल्द्वानी लाया गया। यहां उन्होंने ईई का चार्ज लिया, लेकिन कुर्सी पर नहीं बैठे। पोकलैंड के साथ वह सीधे कलसिया नाला पहुंचे। इस नाले का चैनलाइजेशन पहले किया जा चुका था, लेकिन शुक्रवार को हुई भारी बारिश से नाला फिर सिल्ट और पत्थर से भर गया। मंडलायुक्त दीपक रावत के निर्देश पर नये ईई ने नाले में दोबार चैनलाइजेशन शुरू कर दिया है। करीब एक किलोमीटर चैनलाइजेशन का काम होना है, ताकि नालों किनारे रह रही आबादी को सुरक्षित किया जा सके।

इधर, गौला नदी से स्टेडियम को बचाने के लिए नदी में चैनलाइजेशन का काम तेज कर दिया गया है। कटाव रोकने के लिए अस्थाई वायरकेट्स डाले जा रहे हैं। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल ने बताया कि सभी स्थानों पर काम तेजी से किया जा रहा है। काम समय से पहले पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए सभी को निर्देशित कर दिया गया है।

कलसिया का चैनलाइजेशन कराते ईई दिनेश सिंह रावत। ● अमृत विचार

चैनलाइजेशन

- लापरवाही पर सीएम के आदेश पर नैनवाल पर गिरी थी गाज
- प्रमोशन पर आए नए ईई ने कलसिया में लगाई पोकलैंड

डॉक्टर की चैट वायरल डराया फिर प्यार जताया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. महेश शर्मा का नाम लंबे समय से चर्चा में था, लेकिन अब जाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। मुकदमा दर्ज होते ही महेश शर्मा की चैट वायरल हो गई है। ये वो चैट है जिसमें चिकित्सक उसे लड़की को अपना प्यार भी दिखा रहा है और धमका भी रहा है। ये वही लड़की है, जिसने महेश शर्मा के खिलाफ मुखानी थाने में आईपीसी की धारा 354, 452 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वर्तमान में जो महेश शर्मा के नाम से जो चैट वायरल हो रही है, उसमें उसमें आरोपी डॉक्टर युवती से यार कहकर बात कर रहा है। साथ ही उसे धमका भी रहा है। वह कह रहा है कि "मैं विवेकानंद हॉस्पिटल का डॉक्टर महेश शर्मा हूं और मैं बेटा सबकी औकाद याद दिलाने में टाइम नहीं लगाता। तेरे को मैंने दिल से प्यार किया है। प्लीज बात कर यार मुझसे।"

यहां चैट में कुछ और चिकित्सकों का नाम लिखा है। जिनके लिए महेश शर्मा लिखता है कि "जिन लोगों का तू नाम लेती है, इनकी कोई औकाद नहीं है मेरे सामने।" तब लड़की जवाब देती है कि "कब तक परेशान करेगा। तुझे क्या लग रहा है तू बहुत बड़ा काम कर रहा है।" ऐसे कई और चैट है जो इन दिनों सोशल मीडिया की सुर्खियां बने हुए हैं। वहीं महेश शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने वाली लड़की का दावा है कि उसने महेश शर्मा के खिलाफ जो भी आरोप लगाए हैं, उसके साक्ष्य समय आने पर वह कोर्ट में पेश करेगी।

आरोप

- आईपीसी की धारा 354, 452 और 506 के तहत दर्ज है डॉक्टर पर मुकदमा
- पीड़िता का दावा, डॉक्टर पर लगाए हर आरोप का सुबूत कोर्ट में करेगी पेश

ड्रामा करेगी तो बदनाम कर दूंगा

हल्द्वानी : डॉक्टर बोला "पैसे नहीं दूगां, तुझे जो करना है कर ले, ज्यादा ड्रामा करेगी तो तुझे बदनाम कर तेरा व्यापार बन्द करा कर तुझे जान से मार दूंगा।" पीड़िता का कहना है कि वह डॉक्टर की धमकी से बहुत डर गई थी और इसी वजह से एफआईआर लिखाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी।

बोला- तुम्हें समस्या नहीं होगी, मैं करूंगा सपोर्ट

हल्द्वानी : पीड़िता का कहना है कि व्यापार के सम्बन्ध में वह विवेकानंद हॉस्पिटल आती रहती थी। इसी दौरान विवेकानन्द हॉस्पिटल का मालिक डॉ. महेश शर्मा प्रार्थिनी से बात करने लगा। उसने प्रार्थिनी से कहा कि "मैं भी आपके शहर का रहने वाला हूं। मैं आपको सपोर्ट करूंगा, तुम्हें कोई समस्या नहीं होगी।"

मेरी पत्नी से बनती नहीं तलाक लेने वाला हूं

हल्द्वानी : पीड़िता का आरोप है कि वह काम के सिलसिले में विवेकानन्द हॉस्पिटल जाती तो डॉ. महेश शर्मा, पीड़िता को अपने चैम्बर में बुला लेता और काम के बारे में जानकारी लेता था। अक्सर अपनी पारिवारिक बात बताता। कहता कि "मेरी अपनी पत्नी से नहीं बनती है, मैं उसे तलाक देने वाला हूं।

टूटी पुलिया का 80 फीसदी कार्य पूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण कालाढूंगी क्षेत्र में हल्द्वानी- रामनगर हाईवे के बीच में पुलिया टूट गई थी। इसके बाद से ही लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सड़क में आवाजाही बंद कर रूट डायवर्ट किया गया है।

लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार शाम तक रूट डायवर्जन को हटा दिया जाएगा जिसके बाद इस रूट से लोग आवाजाही कर सकते हैं। डायवर्जन के कारण इन दिनों रामनगर से हल्द्वानी आने वाले वाहन नया गांव, बाजपुर, दोराहा, गदरपुर, रुद्रपुर होते हुए हल्द्वानी आ रहे हैं। वहीं, देहरादून, हरिद्वार, बिजनौर, जसपुर, हल्द्वानी आने वाले वाहन काशीपुर से दोराहा रूद्रपुर से होते हुए हल्द्वानी आ रहे हैं। हल्द्वानी की ओर से कालाढूंगी बाजपुर, रामनगर को जाने वाले वाहन हल्दानी से वाया रूद्रपुर गदरपुर, दौराहा, काशीपुर होते हुए जा रहे हैं। दिल्ली, नोएडा, जसपुर से हल्द्वानी आने वाले वाहन वाया काशीपुर, दोराहा, रूद्रपुर से होते हुए हल्द्वानी आ रहे हैं। दोपहिया वाहन कालाढूंगी, चकलुवा होते हुए हल्द्वानी आ रहे हैं।

निर्माण कार्य का निरीक्षण करती एसडीएम रेखा कोहली। ● अमृत विचार

सूखाताल में कटखने बंदरों का आतंक

नैनीताल : सूखाताल क्षेत्र में इन दिनों बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। लोगों ने वन विभाग से बंदरों को पिंजड़ा लगाने की मांग की है। आवारा कुत्तों के बाद अब बंदरों का आतंक है। प्रतिमाह नगर में बंदर लगभग पांच लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं।

इन दिनों सूखाताल क्षेत्र में बंदरों ने आतंक मचाया हुआ है। आतंक मचाते बंदर कई लोगों को काट चुके हैं। सूखाताल निवासी विजय लक्ष्मी थापा ने बताया कि बीते दिनों उनको उनकी छत पर बंदरों ने काट लिया। बताया कि बंदर घरों के अंदर से खाने का सामान निकालकर ले जा रहे हैं। साथ ही लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेजा जाएगा।

जीप ठीक कराने आए वाहन मालिक की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : यहां वर्कशॉप लाइन में वाहन सही कराने आया अल्मोड़ा निवासी जीप मालिक अचानक गश खाकर गिर गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस के मुताबिक डठवाल डोबा अल्मोड़ा निवासी भूपाल राम (57 वर्ष) पुत्र चनीराम एक जीप के मालिक थे। शुक्रवार को वह जीप को ठीक कराने के लिए हल्द्वानी आए थे। वर्कशॉप लाइन में जीप को ठीक करने का काम चल रहा था कि तभी अचानक चक्कर आने से भूपाल राम जमीन पर गिर गए। उन्हें फौरन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी।

दुखद

- वर्कशॉप लाइन में वाहन मरम्मत के दौरान गश खाकर गिरे
- लोगों ने एसटीएच पहुंचाया, चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

सेंचुरी मिल में गिरने से मजदूर की मौत

हल्द्वानी : मिल में काम करने के दौरान एक मजदूर गश खाकर गिर गया। उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक संजय नगर बजरी कॉलोनी लालकुआं निवासी इबरार शाह (50 वर्ष) सेंचुरी पेपर मिल में ठेकेदार के अधीन काम करता था। बताया जाता है कि शुक्रवार को मिल में काम करते वक्त अचानक वह गश खाकर गिर गया। आनन-फानन में उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हृदयाघात से वन दरोगा की मौत

नैनीताल : चिड़ियाघर परिसर निवासी 56 वर्षीय राजेंद्र कुमार जोशी चिड़ियाघर में ही तैनात थे। शनिवार सुबह घर पर नहाने के लिए वह बाथरूम की ओर जा रहे थे। वह अचानक गिरकर बेसुध हो गए। उन्हें जमीन पर पड़ा देखकर तत्काल स्वजन उन्हें बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची तल्लीताल पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हृदयघात का नजर आ रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा।

मारपीट | रेडिएंट हॉस्पिटल के मालिक डॉ .पुनीत के साथ मारपीट करने व लूट का है आरोप

छात्रसंघ अध्यक्ष फरार, साथियों का भी पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक को दौड़ा-दौड़ा पीटने और लूटने का आरोपी छात्रसंघ अध्यक्ष फरार है। पुलिस उसके साथियों का भी पता नहीं लगा सकी है। मुकदमे में नामजद सभी छह आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं, लेकिन घटना के आठ दिन बाद भी किसी आरोपी का सुराग नहीं मिला है। सभी आरोपियों ने अपने मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिए हैं।

मुखानी थाना क्षेत्र में केवीएम स्कूल के सामने डॉ. पुनीत कुमार गोयल का रेडिएंट नाम से हॉस्पिटल है। बीती 5 जुलाई को छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, हितेश जोशी, राहुल मठपाल, मनीकेत तोमर और मोहित खोलिया समेत अन्य साथी रेडिएंट हॉस्पिटल पहुंचे। चिकित्सक का आरोप है कि उक्त लोगों ने पहले उसके केबिन में घुसकर उनके साथ मारपीट की। आधे घंटे बाद दोबारा हॉस्पिटल में घुसे और उसे खींचते और पीटते हुए सड़क तक ले गए। उसे जान से मारने और अपहरण की कोशिश की। इस दौरान आरोपियों ने उनके केबिन में रखे 40 हजार रुपये भी लूट लिए।

इस मामले में चिकित्सक की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने 8 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपियों के मोबाइल स्विच ऑफ हो गए। पुलिस आरोपियों के घर तक पहुंची तो पता लगा कि सभी आरोपी फरार हैं। अब पिछले चार दिनों से पुलिस लगातार दबिशें दे रही है, लेकिन किसी का भी पता नहीं चला। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र का कहन है कि पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है। शहर के बाहर भी तलाश जारी है, सभी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

पीली हाफ शर्ट में आरोपियों के बीच घिरे डॉक्टर गोयल।

हाथ खाली

- घटना के आठ दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली
- सभी आरोपियों के फोन भी हैं स्विच ऑफ

तेरह बीघा बिजली उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति बाधित, गर्मी में लोग परेशान

हल्द्वानी: तेरह बीघा बिजली उपकेंद्र में केबल डालने के कार्य के चलते शनिवार को इससे जुड़े इलाकों में 6 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली गुल रहने से लोगों गर्मी में परेशान होना पड़ा। साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। ऊर्जा निगम ने शनिवार को 13 बीघा बिजली उपकेंद्र के अंतर्गत कब्रिस्तान इलाके में केबल डालने का कार्य किया गया। इस कार्य के चलते सुबह 10 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते करीब आधा दर्जन इलाकों में बत्ती गुल रही। शाम 4 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई।

उपचुनाव में जीत पर लगाया अबीर और गुलाल

मंगलौर-बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर जीत मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस ने उपचुनाव में मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करने पर जश्न मनाया। कांग्रेस जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

शनिवार को मंगलौर और बद्रीनाथ सीट पर चुनावी परिणाम की घोषणा होते ही जिला एवं महानगर कार्यकारिणी के आह्वान पर जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी स्वराज आश्रम पहुंचे। यहां नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह सत्य की जीत है। सत्ताधारी उम्मीदवारों के साथ धनबल और पूरा प्रशासन था लेकिन कांग्रेस के पास मजबूत कार्यकर्ता और जनता का आशीर्वाद था। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा यह जीत कांग्रेस की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की है। उपचुनाव में भाजपा ने लोकतंत्र को कुचलने और कांग्रेस के लोगों को उनके वोटिंग अधिकार से वंचित करने की कोशिश की। बावजूद इसके कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निडर होकर मुकाबला किया और सरकार को करारा जवाब दिया। कांग्रेस आगे भी लगातार जीत दर्ज करेगी।

पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने कहा कि उपचुनाव के नतीजों ने बता दिया है कि जनता बदलाव का मन बना चुकी है। आगामी निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत भी जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार देने वाली भाजपा को ऐसे ही सबक सिखाएगी। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया, आतिशबाजी की एवं मिष्ठान खिलाकार एक दूसरे को जीत की बधाई दी। इस दौरान महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, जगमोहन चिलवाल, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, मुकुल बल्यूटिया, शोभा बिष्ट, भगवती बिष्ट, राजो टंडन, विमला सांगुडी, संदीप भैसोड़ा, विनोद कुमार, मनोज शर्मा, हेमंत साहू, गिरीश पांडे, त्रिलोक बनौली आदि मौजूद रहे।

स्वराज आश्रम में खुशी मनाते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश व अन्य।

रामनगर में जीत का जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

निकाय व पंचायत चुनाव में भी होगी कांग्रेस की जीत

हल्द्वानी : कांग्रेस के प्रदेश सचिव राहुल सोनकर ने कहा कि जैसे ही केंद्र सरकार ने संविधान हत्या दिवस को अधिसूचित किया और वैसे ही जनता ने सात राज्यों के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताकर केंद्र सरकार को सबक सिखाया है। यह बताया है कि संविधान की रक्षा करने के लिए इंडिया गठबंधन है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तराखंड में पांचों सीटें हारने के तुरंत बाद उपचुनाव में दोनों सीटों पर विजयी हुई। इसका श्रेय अथक मेहनत और प्रयास करने वाले कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता और एकजुट होकर चुनाव लड़ने वाले नेताओं को जाता है। इन नतीजों ने यह भी स्पष्ट किया है कि राज्य की जनता का रुझान अब कांग्रेस के साथ है। आने वाले निकाय और पंचायत चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत दर्ज कर सरकार बनाएगी।

प्रदेश में अब चलेगी बदलाव की बयार

रामनगर : मंगलौर एवं बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर झूमे कांग्रेसियों ने जीत का जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान अनिल अग्रवाल खुलासा के संचालन में हुई सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि उत्तराखंड में इन उपचुनावों ने साबित कर दिया है कि अब प्रदेश में बदलाव की बयार है। बोले आना वाला समय कांग्रेस का है। नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा ने कहा कि यह बदलाव की बयार है। इस दौरान नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस ललिता उपाध्याय, जिला महामंत्री धाराबल्लभ पाण्डेय, जिला सचिव मोहम्मद यूसुफ, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, गुलाम सादिक, कमल नेगी, नवीन सनवाल, जावेद खान, मो अजमल, कमल तिवारी, अनुभव बिष्ट, मो मुजीब, धीरज मोलखी, मो करीम, धीरज उपाध्याय, भास्कर चमियाल, धीरज सती, देवेंद्र चंदोला, रवि ठाकुर, शेरुद्दीन, वीरेन्द्र कुमार, आनन्द कपकोटी आदि मौजूद रहे।

उपचुनाव में जीत मिलने से कांग्रेसी गदगद

नैनीताल : उत्तराखंड के मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के बाद प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता काफी खुश और उत्साहित नजर आए। कांग्रेस की जीत के बाद नैनीताल में कांग्रेस ने गांधी चौक पर एकत्र होकर जबकि यूथ कांग्रेस ने पंत पार्क में एकत्रित होता मिष्ठान वितरण का खुशियां मनाई। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने कहा देश में तेजी से बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के साथ लगातार हो रही घटनाओं और भाजपा की नीतियों के चलते हैं आज देशभर में जनता परेशान है। निकाय चुनाव में भी कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान कैलाश अधिकारी,त्रिभुवन फर्तियाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी, यूथ विधानसभा अध्यक्ष सिद्धार्थ टंडन, संजय कुमार, कैलाश भट्ट, रविंद्र प्रताप, नवीन बिष्ट राकेश वर्मा, प्रेम, कुलदीप यादव, सौरभ शिव रौतेला समेत कांग्रेसी मौजूद रहे।

उपचुनाव में जीत के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त करते कांग्रेसी।

जनता का आभार प्रकट किया

भवाली : बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा में हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय पर भवाली में यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अफसर अली के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए जनता का आभार प्रकट किया और मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव संजय टम्टा, विजय कुमार, मोहन टम्टा, करण, शिवम कुमार, कमल टम्टा, बीजू कुमार शमी, लोकेश पीयूष सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्टी को मजबूत करने का संकल्प दोहराया

लालकुआं : विधानसभा उप चुनाव में मंगलौर व बद्रीनाथ सीट जीतने पर उत्साहित कांग्रेसियों व भाकपा माले ने कार रोड चौराहे पर एकत्र होकर मिष्ठान वितरण कर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। शनिवार को जैसे ही उप चुनाव का रिजल्ट घोषित हुआ तो कांग्रेसियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिंदुखत्ता ने सायं 6 बजे कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों के साथ मिष्ठान वितरण किया तथा पार्टी को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, कुंदन मेहता, राजेंद्र खनवाल, गिरधर बम, प्रदीप बथ्याल, विजय सामंत, चंद्रमणि मेलकानी, प्रभात पाल, मीना कपिल, नंदन तुलेड़ा, मोहन संभल, हरीश पांडे, केदार दानू, मोहन अधिकारी, रमेश कुमार, उमेद राम आदि लोग मौजूद रहे।

भीमताल में बजाए ढोल और नगाड़े, बांटी मिठाई

भीमताल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल भीमताल तिकोनिया चौराहे पर एकत्र होकर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को दोनों सीटों पर मिली विजय से उत्साहित होकर ढोल, नगाड़े बजाकर तथा मिष्ठान वितरण कर हर्ष व्यक्त किया तथा विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी तथा हाई कमान का आभार व्यक्त किया। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डाला कोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनौतियां, जिला युवा उपाध्यक्ष नीरज कुमार मोनू, जिला महिला उपाध्यक्ष आशा आर्य, केदार पलडिया, जिला सचिव निर्मला आर्य, विपिन सनवाल, पीसी नौगाई, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरव रौतेला, जिला सचिव भूपेंद्र कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह गंगोला, राकेश बृजवासी, देवेंद्र सिंह फर्त्याल, वरिष्ठ कमरू निशा, गुंजन रौतेला, मनोज आर्या, विजय नेगी, गगन कुमार, हर्षित जोशी, जतिन नेगी, शुभम नैनवाल, आमिर बेग आदि मौजूद थे।

ईई पर कार्रवाई के विरोध में उतरा इंजीनियर्स संघ

एकता भवन में प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग की शाखा हल्द्वानी की बैठक हुई। जिसमें हल्द्वानी सिंचाई विभाग के ईई भुवन चंद्र नैनवाल का बिना कारण स्थानांतरण करने पर चर्चा हुई। एक स्वर में सभी सदस्यों ने इस फैसले को गलत एवं गैर जिम्मेदाराना बताया। सदस्यों ने शासन से ईई के ट्रांसफर को तुरंत रद करने की मांग की।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अधिशासी अभियंता की ओर से आपदा के दौरान बहुत से महत्वपूर्ण कार्य भी किए गए। जिसमें मुख्य रूप से तिकोनिया चौराहे पर स्थित नहर की मरम्मत का कार्य, कलसिया नाले में आई बाढ़ बचाव के कार्य, लालकुआं में आई बाढ़ के कार्य, चोरगलिया क्षेत्र में व गौलापार क्षेत्र में बाढ़ के कार्य समेत अन्य विभागीय कार्य का संचालन सुचारू रूप से किया गया। बिना कोई चेतावनी और बिना किसी स्पष्टीकरण के ईई का स्थानांतरण समझ के परे है। कहा कि जल्द ही स्थानांतरण के फैलले को वापस नहीं लिया गया तो डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ हड़ताल करने को मजबूर होगा।

कॉर्बेट आए बिहार के पर्यटक की मौत

रामनगर : कॉर्बेट पार्क घूमने आए कंपनी ग्रुप के एक सदस्य की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने से सभी साथियों में शोक की लहर दौड़ गयी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव साथियों को सौंप दिया गया।

बताते हैं कि 10 जुलाई को बिहार की एक प्राइवेट कंपनी एडब्ल्यूपीएल के करीब ढाई सौ लोगों का ग्रुप घूमने के लिए रामनगर पहुंचा। यह सभी लोग रामनगर से सात किमी दूर ग्राम क्यारी में स्थित एक रिजॉर्ट में ठहरे थे। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह इस ग्रुप में शामिल सुंदर ठाकुर उम्र 50 वर्ष निवासी कल्याणपुर जमुई बिहार को सीने में तेज दर्द उठा। रामनगर सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

विधायक कैड़ा ने समस्याएं सुनी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शनिवार को रामगढ़ ब्लॉक के तल्ला रामगढ़, नैकाना, बोहराकोट, झुतिया, पिचलटांडा, कांडा, सैमधार, दाड़ीम, बाखली, घटगाड़ आदि गांवों का दौरा किया और क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं।

विधायक कैड़ा ने आपदा से हो रहे भूकटाव का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को तल्ला रामगढ़ में पिछले वर्ष हुए भूकटाव को रोकने के लिए सुरक्षात्मक काम के लिए आगणन तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क आदि की समस्याएं उठाईं। विधायक ने अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

साथ ही कहा कि सरकार आपदा प्रबंधन के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अंकित पांडे, जिपं सदस्य कमलेश बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, पूरन सुयाल, नंदन कोरगा, कुंदन चिलवाल, महेश सिंह, हरीश कोरंगा, मोहन बिष्ट, लक्ष्मण मेवाड़ी, धीरज शर्मा, गजेंद्र रावत, कृष्णा नंद शास्त्री आदि मौजूद रहे।

रामगढ़ ब्लॉक का निरीक्षण करते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

रोडवेज बस ने कार को मारी टक्कर दंपति समेत चार लोग घायल

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी थाना इलाके में एक रोडवेज बस ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार दंपति समेत 4 लोग चोटिल हो गए। कार चालक के भाई ने मामले में मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। चोरगलिया निवासी मुकेश बजेठा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 जून की दोपहर 11:30 बजे उनके भाई कमलेश बजेठा अपनी पत्नी दीक्षा बजेठा, बेटी काव्या और साली रिया तिवारी के साथ बाजपुर से हल्द्वानी लौट रहे थे। लामाचौड़ में भाखड़ा नदी के पास मोड़ पर तेज रफ्तार व गलत दिशा में आ रही रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इसमें उनका भाई समेत सभी लोग चोटिल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को मुखानी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है। इधर मुखानी एसओ पंकज जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नहीं रहे पर्वतीय सभा के संस्थापक चंद्रशेखर भट्ट

रामनगर, अमृत विचार : पर्वतीय सभा लखनपुर के संस्थापक रहे वयोवृद्ध चंद्रशेखर भट्ट का देहांत हो गया। उन्होंने अंतिम सांस अपने निवास पर ली, 87 वर्षीय भट्ट पिछले कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वह अपने पीछे दो पुत्रों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। लखनपुर में दुर्गा माता मंदिर व पर्वतीय सभा की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वह पुरानी पीढ़ी की होली गायन परंपरा के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनके दोनों पुत्र राजेश भट्ट व भाष्कर भट्ट नेचर गाइड हैं।

चंद्रशेखर भट्ट के निधन पर पर्वतीय सभा परिवार व अन्य अनेक सामाजिक संगठनों व गणमान्य क्षेत्र वासियों व समाजसेवियों की ओर से शोक प्रकट कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

स्पर्श न्यूरोसाइकिएट्रिक सेंटर
मनोचिकित्सा, यौन सम्बन्धित समस्या, व्यसन मुक्ति केन्द्र
DR. RAVI SINGH BHAINSORA
M.B.B.S. M.D (Psychiatry) Ex Consultant, Base Hospital,
Ex Senior Resident, J.N.M.C., Ex M.O, U.K.H.S.
• De-addiction (व्यसन मुक्ति)
• Depression (अवसाद)
• Schizophrenia (मनोविदलता या विखंडित मानसिकता)
• Bipolar Disorder (द्विध्रुवी विकार)
• Memory Clinic
• Sexual Problems
• Dementia (मनोभ्रंश)
• Headache and Migraine (गंभीर सिर दर्द या अधकपाली)
• Anxiety Disorders (चिंता विकार)
• OCD (मनोग्रसित-बाध्यता विकार)
• Neuropathy (न्यूरोपैथी)
• Epilepsy (मिर्गी)
• Phobia (दुर्भीति या फोबिया)
• व्यवहार सम्बन्धी समस्या अन्य प्रकार के मानसिक रोग
ABOVE NAINITAL DISTRICT CO-OPERATIVE BANK, IN FRONT OF BAZJPUR BUS STAND, PILIKOTHI, HALDWANI.
SUNDAY CLOSED
APPOINTMENT ONLY. CONTACT- 7617794225

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)

1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा


2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा

7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

सार-संक्षेप

एमबीपीजी कॉलेज की प्रोफेसर शुभ्रा कांडपाल व अन्य। ● अमृत विचार

डॉ. शुभ्रा बनीं शिक्षक शिक्षा की संयोजक

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. शुभ्रा कांडपाल को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने प्रदेश स्तर पर शिक्षक शिक्षा का संयोजक नियुक्त किया है। पिछले माह रांची में न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला हुई थी। जिसके बाद बीते दिनों शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की देहरादून में हुई प्रादेशिक कार्यशाला और अभ्यास वर्ग में विभिन्न दायित्वों के लिए अनेक शिक्षाविदों के नामों की घोषणा हुई। जिसमें शुभ्रा कांडपाल को संयोजक का दायित्व दिया गया। इससे पहले भी डॉ. शुभ्रा ने एमएचआरडी की ओर से संचालित शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय हल्द्वानी के संयोजक के रूप में कुमाऊं में उल्लेखनीय कार्य किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

तैराकी और खो-खो के ट्रायल 16 और 17 को

हल्द्वानी : गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 16 जुलाई को जिला स्तरीय महिला-पुरुष तैराकी का ट्रायल होगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि ट्रायल सुबह 9 बजे से होंगे। वहीं 17 जुलाई को जिलास्तरीय खो-खो का ट्रायल होगा। राजकीय इंटर कॉलेज कालाढूंगी में खो-खो का ट्रायल सुबह 10 बजे से होगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी पंत ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 30 जुलाई को गौलापार हल्द्वानी में होने वाले ओपन खो-खो और तैराकी प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

धीरेंद्र प्रसाद अध्यक्ष, रति राम बने उपाध्यक्ष

हल्द्वानी : वन विभाग राजकीय वाहन चालक संघ शाखा हल्द्वानी का निर्विरोध अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद को चुना गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष रति राम, मंत्री दिनेश कुमार टम्टा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, संरक्षक चंचल सिंह दानु, संयुक्त मंत्री सुरेश चंद्र जोशी, संगठन मंत्री खड़क सिंह भंडारी और संप्रेक्षक भूपाल सिंह बिष्ट को चुना गया। तिकोनिया स्थित वाहन चालक संघ भवन में मान सिंह कुंवर, संजय सनवाल, देव सिंह किरौला, मुकेश पांडे की देखरेख में निर्वाचन हुआ।

शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम से मुलाकात करते विधायक भगत। ● अमृत विचार

भगत ने जाना स्वामी राजराजेश्वराश्रम का हालचाल

हल्द्वानी/ऋषिकेश : भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को एम्स में भर्ती जगतगुरु श्री शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम का हालचाल जाना। उन्होंने शंकराचार्य की कुशलक्षेम जानी और इलाज कर रहे डॉक्टरों से मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी जुटाई और उनके शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की। स्वामी राजराजेश्वराश्रम पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ में प्रचारक रह चुके हैं। वह वर्तमान में कनखल में श्री जगद्गुरु आश्रम के संत शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम की गुरुगद्दी पर विराजमान हैं।

पाल कॉलेज में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

पाल कॉलेज में किया पौधरोपण

हल्द्वानी : पाल कॉलेज में छवि मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से पौधरोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण जागरुकता का संदेश भी दिया। मौके पर पाल कॉलेज के सीईओ निर्भय पाल, बीसी जोशी, नवीन पांडे, अतुल कांडपाल, नवीन चंद, यजुवेंद्र सिंह, सुल्तान, संजय आदि मौजूद रहे।

पीसीएस प्री परीक्षा आज, 21295 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हल्द्वानी : प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा आज हल्द्वानी व रामनगर में बने 54 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि पीसीएस प्री की परीक्षा 14 जुलाई को दो पालियों सुबह 10-12 और दोपहर 2-4 बजे में होगी। परीक्षा के लिए 21295 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के लिए जिले में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इनमें 48 हल्द्वानी और 6 रामनगर में हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकलविहीन कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसके अलावा परीक्षा वाले दिन परीक्षा केंद्रों से 200 मीटर के दायरे में सीआरपीसी की धारा-144 लागू रहेगी।

सड़क की बदहाली पर भड़के लोग, प्रदर्शन

बरेली रोड के बाल संसार स्कूल व वसुंधरा कॉलोनी के लोग परेशान, गड्ढे पर बैठकर जताया लोनिवि के खिलाफ रोष

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है, बरेली रोड के कई हिस्सों में इसका पता नहीं चल रहा है। जी हां बरेली रोड वार्ड 58 के बाल संसार स्कूल के सामने और वसुंधरा कॉलोनी की सड़क खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। सड़क की मरम्मत नहीं होने से भड़के लोगों ने शनिवार को सड़क के गड्ढे में बैठकर अपना विरोध जताया और लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

लोगों ने कहा कि लोनिवि की गैरजिम्मेदारी से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि सीएम पोर्टल में भी शिकायत कर दी गई है, पूर्व में सिटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर आए थे और लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने भी शीघ्र गड्ढों को भरने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक इन गड्ढों को भरा नहीं गया है। एक साल पहले बनी सड़क जगह-जगह खराब हो चुकी है। बताया कि इस सड़क से तीनपानी से गन्ना सेंटर तक वाहन जाते हैं जिसमें दिल्ली को जाने वाले वाहन, डंपर और अन्य बड़े वाहन भी शामिल हैं। इस कारण सड़क का डामर उखड़कर बजरी हो चुका है, जिससे बरसात में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया कि बरेली रोड में बीती रात कुछ जगहों पर गड्ढे भरे गए लेकिन सुबह तक वह बजरी में तब्दील हो गया।

मनोज जोशी ने कहा कि लोनिवि के अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कहा कि वह शीघ्र ही इस संबंध में मंडलायुक्त दीपक रावत से मिलेंगे और खराब सड़क की मरम्मत नहीं होने पर स्थानीय जनता को साथ लेकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर हरीश चंद्र शर्मा, गोविंद बल्लभ भट्ट, जगदीश चंद्र, पूरन चंद्र, नंदा बल्लभ, नित्यानंद जोशी, ललित बेलवाल, चंद्रशेखर, नारायण दत्त, रेवाधर रूवाली, हरीश चंद्र, कैलाश जोशी, दलीप सिंह, धर्मानंद, सुरेश चंद्र, बीडी उपाध्याय, हरीश सिंह, आनंद बल्लभ, सुनील, मयंक, ख्याली चंदोला आदि मौजूद रहे।

बरेली रोड वार्ड-58 में सड़क में हुए गड्ढे पर बैठकर प्रदर्शन करते पार्षद और लोग। ● अमृत विचार

स्कूली बच्चे व महिलाएं हो चुकी हैं चोटिल

सड़क के गड्ढों में बरसात के दौरान कई बार बच्चे और महिलाएं चोटिल हो चुकी हैं। वसुंधरा कॉलोनी की खराब सड़क में कई बार महिलाएं स्कूटी से गिरकर चोटिल हो गई हैं। वहीं, बाल संसार स्कूल के सामने वाली खराब सड़क से शनिवार सुबह बच्चे स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान वहां से एक डंपर तेजी से गुजरा और इससे उछले कीचड़ से बच्चों के कपड़े खराब हो गए। इस कारण बच्चों को वापस घर जाना पड़ा। बरसात के दौरान भारी वाहनों के चलने से खराब सड़क पर पैदल राहगीरों के साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी और खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

> बरसात से पहले इस सड़क में पैचवर्क किया गया था। बारिश के दौरान सड़क में फिर से गड्ढे होने का मामला मेरे संज्ञान में आया है। जेई को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए जाएंगे। – **अशोक कुमार**, ईई, लोनिवि हल्द्वानी

वाहन की सवारी क्षमता के हिसाब से तय हों लगेज कैरियर के मानक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल ने शनिवार को तिकोनिया स्थित टैक्सी स्टैंड में प्रेस वार्ता की। उन्होंने लगेज कैरियर, फिटनेस और लोकसभा चुनावों के अधिग्रहित वाहन संचालकों के भुगतान का मुद्दा उठाया। महासंघ ने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से लगेज कैरियर के लिए जो मानक निर्धारित किये गए हैं, उसमें वाहन में बैठे सवारियों का सामान नहीं आ सकता है। उन्होंने इसे वाहन की सवारी क्षमता के अनुरूप करने की मांग की।

संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज भट्ट ने कहा कि प्रणाम ऑटो फिटनेस प्रा. लि. में वाहन स्वामियों का शोषण किया जा रहा है। कहा कि इनकी मशीनें कई बार खराब रहती हैं, जिससे वाहन संचालकों को बार-बार सेंटर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। संघ के संरक्षक महेश चंद्र पांडे ने कहा कि 2018 के बाद 10 साल के परमिट नवीनीकरण वाले वाहनों का नैनीताल में प्रवेश निषेध किया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट, महासचिव नवल किशोर, मुख्य संरक्षक भरत भूषण, उपाध्यक्ष करतार सिंह, उपसचिव बालकिशन भट्ट, श्याम सुंदर, मनीष तिवारी सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल के पदाधिकारी।

युवा वैश्य महासभा के अध्यक्ष बने अतुल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : युवा वैश्य महासभा की एक आमसभा शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक निजी बैंक्वेट हॉल में हुई। सभा में वर्तमान कार्यकारिणी ने पिछले दो वर्षों में किए कार्यों व आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। इसके बाद 7 सितंबर से शुरू होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

सभा में आगामी दो वर्षों के लिए अतुल जायसवाल को अध्यक्ष तथा कपिल अग्रहरि को महामंत्री निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमित जायसवाल ने किया। इस अवसर पर वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विजय गुप्ता, रजत माहेश्वरी, उमेश गुप्ता, अक्षत मित्तल, विपुल अग्रवाल, सुमित केसरवानी, डॉ. पंकज अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सरिल गोयल, राजेश साहू, नवनीत देववंशी आदि मौजूद रहे।

नई कार्यकारिणी के चुने गए पदाधिकारी।

व्यापार मंडल की महानगर कार्यकारिणी का विस्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की महानगर कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को बरेली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। इसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा व महामंत्री मनोज जायसवाल ने संजय गुप्ता, बृजेश तिवारी, मयंक गुप्ता को उपाध्यक्ष, आर बसंत, विनोद जोशी को सचिव, अंकुर ओबरॉय को संयुक्त सचिव, किरण जोशी महिला संयुक्त सचिव, अमन केसरवानी जीएसटी प्रभारी, पवन सागर व कमलेश बोरा संयुक्त मंत्री, कृष्ण फुलारा व विजय गुप्ता संगठन मंत्री, रानू रावत, राकेश जोशी एवं चेतन कर्नाटक मंत्री, मनोज पांडे मीडिया प्रबंधक, अजय वर्मा मीडिया प्रभारी, कपिल अग्रहरि कार्यालय सचिव, अतुल जायसवाल को युवा प्रभारी बनाया गया है। संरक्षक मंडल में धीरेंद्र रावत, विरेन्द्र चड्ढा, रामबाबू जायसवाल को बनाया है। उमेश गुप्ता को युवा अध्यक्ष, तनिष्क शर्मा महामंत्री बनाया गया। सभी को प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया गया।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर की ओर से सम्मानित पदाधिकारी।

मूल निवासी संघ की बैठक में कार्यकारिणी का गठन

हल्द्वानी, अमृत विचार : मूल निवासी संघ की शनिवार को राजेंद्र नगर स्थित शिल्पकार सेवा संस्थान कार्यालय में बैठक हुई। इसमें सदस्यता अभियान एवं सामाजिक जनजागरूकता को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई। इस अवसर पर आरपी गंगोला को जिलाध्यक्ष, गंगा प्रसाद को संगठन महासचिव का जिम्मा सौंपा गया। दोनों पदाधिकारियों को संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा रमेश राम लोहिया, आरआर आर्य, अंजू राज, रमा आर्य को उपाध्यक्ष, बालकिशन राम कोषाध्यक्ष, गजेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार, निर्मला आर्या, सुमन टम्टा, मोहन लाल को सचिव, किशन चंद्र प्रशिक्षण सचिव, सुनील कुमार मीडिया प्रभारी, सुरेश चंद्र ग्वासाकोटी कार्यालय सचिव, मिलन सोनकर, प्रकाश राम टम्टा, एसएस आर्या, नवल किशोर, महेश प्रसाद टम्टा, एनपी ग्वासकोटी, मनोजू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

हरेला मेला | कुमाउनी भाषण प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन और रंगारंग कार्यक्रमों ने मोहा मन

हाय तेरी रूमाला गुलाबी मुखड़ी ... पर थिरके

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रहे पांच दिवसीय हरेला मेले के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। इससे पहले कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपराह्न छह बजे संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम की शुरुआत की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में 10 स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। कुर्सी दौड़ और पतंग प्रतियोगिता में बच्चों और महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

मेले में कुमाउनी भाषण प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन के साथ ही संगीत संध्या वर्ग में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले में लगे झूलों ने बच्चों को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम में लोक कलाकार सुनील कुमार ने जी रया जागी रया यो दीना यो मास ऋतु के भेटन रया..., पारे भिड़े की बसंती छोरी, रूमा झुमा..., गुलाबी शरारा गीतों पर लोग खूब थिरके। उन्होंने झोड़ा, चांचरी, न्योली, छपेली, बैर और भगनोल की शानदार प्रस्तुति दी। अमित गोस्वामी ने जय-जय हो बदरीनाथा जय काशी केदारा जय-जय हो हिमाला..., हाय तेरी रूमाला गुलाबी मुखड़ी, के भली छाजी रै नाखे की नथुली... और कैले बाजे मुरूली पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।

हरेला मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

प्रतियोगिताओं की रही धूम

बालिका जूनियर वर्ग की कुर्सी दौड़ में जितिन ने बाजी मारी। आयुष सोलंकी दूसरे और योगेश सिंह वोहरा तीसरे स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ की बालिका सीनियर वर्ग में रोहित गंगवार विजेता बने जबकि अजय कोहली दूसरे और कृष्णा बक्षी तीसरे स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ की बालक सीनियर वर्ग में दीक्षा पनेरू विजेता, साक्षी पनेरू दूसरे और बबीता तिवारी तीसरे स्थान पर रही। कुर्सी दौड़ के बालक जूनियर वर्ग में वैष्णवी विजेता और हर्षिता दूसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में चंद्र कला नयाल विजेता बनी जबकि नेहा जोशी दूसरे और विनिता भंडारी तीसरे स्थान पर रही। पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में हितेश ठाकुर विजेता, अजय कोली दूसरे और यतार्थ नयाल तीसरे स्थान पर रहे।

सार-संक्षेप

दिनेशपुर में सवारियों की जगह सामान ढोता ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

ओवरलोड सामान ढो रहे ई- रिक्शा

दिनेशपुर : पुलिस की हिदायत के बाद भी ई रिक्शा चालक खुलेआम ओवरलोड सामान भरकर बाजार से इधर-उधर निकल रहे हैं। 15 दिन पूर्व थानाध्यक्ष ने ई-रिक्शा चालकों की बैठक लेकर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया था। ई- रिक्शा द्वारा सामान ढोने से टाटा मैजिक वाहन सारे दिन अड्डे पर खाली खड़े रहते हैं। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने ई- रिक्शा चालकों को सवारियों को हो रही असुविधा को देखते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया था। थानाध्यक्ष रावत ने कहा था कि सभी चालकों का परिचय पत्र बनाया जाएगा व ई-रिक्शा पर सीरियल नंबर अंकित किए जाएंगे। दाहिनी तरफ जाली लगवाई जाएगी जिससे सवारियों को बाएं तरफ से चढ़ने उतरने की व्यवस्था रहेगी। ई-रिक्शा सवारियों को ढोने का कार्य ही करेगा। साप्ताहिक बाजार शनिवार के दिन मेन बाजार में सायं 4 से 8 तक नोएंट्री रहेगी। लेकिन ई- रिक्शा चालकों ने सारे आदेश (नियम) ताक में रखकर मनमानी से चल रहे हैं। ई-रिक्शा द्वारा सामान को ढोने से छोटा हाथी वाहन चालक बेरोजगार हो गए हैं। जिससे छोटा हाथी चालक वाहन से सुबह-शाम कृषि कार्य कर रहे मजदूरों को ढोने का कार्य कर रहे हैं।

टेलीग्राम में टास्क देकर महिला से साढ़े नौ लाख की ठगी

काशीपुर : टेलीग्राम में टास्क देकर साइबर ठगों ने काशीपुर की एक महिला को साइबर ठगी का शिकार बना लिया। इस दौरान ठगों ने महिला से नौ लाख 96 हजार रुपये की ठगी कर ली। वहीं घटना में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले मामले की जांच शुरू दी है। हेमकुंड फार्म, प्रतापपुर में रहने वाली हरतिंदर कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पास अनजान नंबर से टेलीग्राम एप्लिकेशन पर जुड़ने का मैसेज आया। उसने बताया कि वह घर बैठे पैसे कमा सकते हैं। उनको कंपनी द्वारा बताए गए कुछ टास्क को पूरा करना होगा। इसके बाद शुरुआती समय में पीड़िता को 16 सौ रुपये का भुगतान करने को कहा, जिसके बाद महिला के खाते में ठगों ने 24 सौ रुपये भेज दिए। इसके बाद ठगों ने पीड़िता से 14 लाख रुपये रिटर्न देने के लिए नौ लाख 96 हजार रुपये का भुगतान करवा लिया। कई दिन तक रुपये वापस नहीं आने पर पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद ठगों ने अपना टेलीग्राम का अकाउंट भी बंद कर दिया। वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विदेश भेजने के नाम पर दो भाइयों से पांच लाख ठगे

बाजपुर : विदेश भेजने के नाम पर दो सगे भाइयों से पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बाजपुर निवासी दो भाई सादाव अली, मो .वसीम ने पुलिस को बताया कि गांव के ही अब्दुल सत्तार ने कहा कि वह मलेशिया में रहता है। दोनों भाइयों को मलेशिया भेजकर वहां 50 हजार रुपये माह पर नौकरी लगवा देगा, फिर 25 जुलाई 2023 को बैंकाक की टिकट कराई और जैसे ही वहां पहुंचे तो आरोपित द्वारा उन्हें जंगल के रास्ते बार्डर पार कराया और मलेशिया ले गया। आरोप है कि उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया और करीब एक माह तक दोनों कमरे में बंद रहे। इसके बाद काम लगवाने की बात कहकर वाहन से ले गया और पुलिस को पकड़वा दिया। बाद में किसी तरह उन्हें जमानत मिल पाई। जैसे-तैसे दोनों भाई स्वदेश लौट पाए। विदेश भेजने के नाम पर आरोपी ने उनसे साजिश के तहत करीब पांच लाख रुपये हड़प लिए हैं। घर लौटने के बाद जब संपर्क किया तो आरोपी के परिजन गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गए, जबकि आरोपी युवक उनके पैसे हड़पकर मलेशिया में बैठा है। यह लोग दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दरोगा पर पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप

नानकमत्ता : चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंची वृद्धा को धमकाने के बाद थाने के एक दरोगा ने पांच हजार रुपये रिश्वत में ले लिए। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर दरोगा पर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के कैथुलिया गांव निवासी वृद्धा जीत कौर ने थाने के एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। विवाद के चलते उसकी पुत्रवधू सोनिया कौर मायके में रहती है। गत 5 तारीख को उसका पुत्र कृपाल सिंह मजदूरी पर गया था। इस दौरान पुत्रवधू सोनिया कौर अपने मायके से चाचा ताऊ को लेकर कैथुलिया गांव पहुंची और घर में घुस कर वृद्धा के साथ मारपीट की और घर में रखा एक तोला सोना तथा रुपये लूटकर ले गई। इस बारे में जब वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची तो थाने के एक दरोगा ने उससे कार्रवाई के नाम पर पांच हजार रुपये ऐंठ लिए।

25.840 किलो डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

किच्छा : पुलभट्टा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार सवार नशा तस्कर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान कार से करीब 25 किलो 840 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलभट्टा थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने पुराना बरेली रोड फ्लाईओवर के नीचे कार सवार एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। टीम ने कार की तलाशी के दौरान पांच कट्टे में रखा करीब 25 किलो 840 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम ग्राम चांदपुर नवदिया थाना भमोरा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी वेद प्रकाश बताया। आरोपी डोडा पोस्त बरेली के उल्लास नगर क्षेत्र से लाया गया था। पुलिस ने आरोपी वेद प्रकाश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।

आठ स्कूल वाहनों के काटे चालान, एक सीज

काशीपुर : परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के कार्रवाई करते हुए आठ वाहनों के चालान काटे। इसमें एक वाहन को सीज करने की कार्रवाई की। शनिवार को एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि काशीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की चेकिंग का अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत शनिवार को आठ वाहनों का चालान काटने की कार्रवाई की गई। जबकि एक वाहन को सीज किया गया है।

काशीपुर में युवतियों का अपहरण करने वाला निकला पूर्व मंगेतर

तमंचे के बल पर दो युवतियों को बाइक पर बैठाकर ले जाने के मामले में हुआ खुलासा

स्पष्टीकरण

- युवतियों के परिजन कोटद्वार से काशीपुर पहुंचे, पुलिस युवक की तलाश में जुटी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बीते दिन दो युवतियों को तमंचे के बल पर अपहरण करने वाला एक युवती का पूर्व मंगेतर निकला। जो उसके परिजनों के कहने पर युवती को खोजने के लिए निकला था। मौसी के घर जाने से आनाकानी करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट की थी। वहीं युवती के परिजनों ने मामले में पुलिस को तहरीर देने से इंकार कर दिया है।

बिजनौर के थाना नजीमाबाद निवासी एक युवती का रिश्ता छह माह पहले मोहल्ला महेशपुरा निवासी एक युवक के साथ हुआ था। बाद में रिश्ता टूट गया। काशीपुर में युवती की मौसी और सहेली भी रहती है। गुरुवार को युवती कोटद्वार की एक शादी में काशीपुर आई थी। इसी दौरान उसका फोन स्विच आफ हो गया। संपर्क न हो पाने के कारण परिजनों को चिंता होने लगी। उन्होंने युवती के पूर्व मंगेतर को फोन कर उसके बारे में पूछा। बताया कि वह काशीपुर में एक शादी में गई थी। युवती को खोजने के लिए युवक अपनी अपाचे बाइक लेकर निकला। स्टेडियम के पास युवती उसे अपनी सहेली के साथ सड़क पर टहलते हुए मिल गई। युवक ने उसे डांटा और मौसी के घर छोड़ने की बात कही। युवती के इंकार करने पर युवक ने उसे दो तीन थप्पड़ मारे और तमंचे से धमकाकर बाइक पर बैठा लिया। उसकी सहेली भी बाइक पर बैठकर चली गई। घटना की फुटेज वायरल होते ही हड़कंप मच गया। एएसपी अभय सिंह ने अपहरण की आशंका के मद्देनजर पुलिस टीम गठित की। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बाइक के नंबर से युवक के बारे में जानकारी जुटाई। शनिवार की सुबह दोनों युवतियों के परिजन उन्हें लेकर कटोराताल चौकी पहुंचे। उनका कहना था कि युवक ने युवती को सुरक्षित प्रभात कॉलोनी में रहने वाली उसकी मौसी और सहेली को उसके घर पहुंचा दिया था। डराने धमकाने के पीछे उसकी कोई गलत मंशा नहीं थी। उन्होंने किसी भी तरह की कार्रवाई से इंकार कर दिया। पुलिस तमंचा दिखाने वाले युवक की तलाश में जुटी है। उसका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि युवती को तमंचा दिखाने के मामले में युवक की तलाश की जा रही है। अगर अवैध तमंचा हुआ, तो आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। शस्त्र लाइसेंसी होने की दशा में उसके निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी जाएगी।

पुलिस चौकी में बयान दर्ज कराती युवती। ● अमृत विचार

मेडिकल स्टोर की आड़ में बिक रहे थे नशे के इंजेक्शन व कैप्सूल

संवाददाता, काशीपुर

कार्रवाई

- स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर मेडिकल स्टोर को किया सीज
- लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही

अमृत विचार: नशे के इंजेक्शन के आरोप में ड्रग इंस्पेक्टर ने एक मेडिकल स्टोर को सीज किया है। साथ ही मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्रवाई की गई है। कुछ दिन पूर्व मोहल्ले के लोगों ने मेडिकल स्टोर पर हंगामा किया था, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की।

बीते मंगलवार की दोपहर मोहल्ला कानूनगोयान राजकीय प्राथमिक विद्यालय खालसा के पास एक मेडिकल स्टोर स्वामी पर लोगों ने नशीली दवा बेचने का आरोप लगाया था। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर के बाहर जमकर हंगामा किया था। कहा कि उक्त मेडिकल स्टोर पर नशे से संबंधित सामग्री बेची जाती है। इस कारण वहां पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। नशेड़ी आपस में गाली गलौज करते हैं। जिससे वहां से गुजरने वाली महिलाओं व बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके बाद कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने मामले में ड्रग इंस्पेक्टर को पत्र लिखकर मामले में कार्रवाई के लिए लिखा था। शनिवार की दोपहर ड्रग इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने सिंह मेडिकल स्टोर का मौका मुआयना किया गया। तब मेडिकल स्टोर में कमियां पाए जाने पर उसको बंद करवाकर ताला लगा दिया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि मेडिकल स्वामी द्वारा होलसेल का लाइसेंस लिया गया था। लेकिन वह रिटेल में दवाइयां बेच रहा था। इसके अलावा उन्होंने स्थान परिवर्तन किया था। इसकी सूचना मेडिकल स्टोर स्वामी ने विभाग को नहीं दी थी, जो कि नियम विरुद्ध है। अब मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

बाजपुर: तेज रफ्तार पिकअप चालक ने ओवरटेक करते वक्त बाइक सवार को रौंद दिया जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वार्ड-आठ मोहल्ला संजय कॉलोनी निवासी रामसुरेश (38) पुत्र जयसंतरी प्रसाद मूल निवास लखनऊ (उप्र) शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे बाइक संख्या (यूके18/5981) पर दोराहा की तरफ से बाजपुर की ओर आ रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच नगरीय क्षेत्र में मुख्यमार्ग लाइन पार स्थित एक ढाबे के सामने बाजपुर की ओर से दोराहा की तरफ जा रहे तेज रफ्तार पिकअप संख्या (यूके06/सीबी7235) के चालक ने किसी वाहन को ओवरटेक करते वक्त बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल पहुंची पत्नी पूनम शर्मा पति का शव देख गश खाकर गिर पड़ी। मृतक मूल रूप से लखनऊ का रहने वाला था, जोकि बाजपुर में किराए पर रह रहा था और एक राइस मिल में काम करता था।

नाले में डाली गई पानी की लाइन हुई अंडरग्राउंड

खबर का असर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कुंडेश्वरी क्षेत्र में जल संस्थान ने ठेकेदार के नाले पर पानी की लाइन डालने की लापरवाही पर जलसंस्थान ने संज्ञान लिया है। जल संस्थान ने संबंधित ठेकेदार को पानी की लाइन को रोड के अंदर डालने को लेकर सख्त हिदायत दी। वहीं संबंधित ठेकेदार ने पानी की लाइन अंडरग्राउंड करने का कार्य शुरू कर दिया है।

नई बस्ती में अंडरग्राउंड की लाइन। ● अमृत विचार

बीते दिनों अमृत विचार ने कुंडेश्वरी की नई बस्ती क्षेत्र में ठेकेदार के काम में लापरवाही को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुंडेश्वरी के मोहल्ला स्थित नई बस्ती में विगत वर्ष पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ था। संबंधित ठेकेदार ने लाइन बिछाने के लिए रोड के बीच खुदाई शुरू कराई, लेकिन संस्थान के पानी की सप्लाई शुरू करते ही पानी की लाइन कई जगह से हुक समेत नाले में गिर रही थी। इसके चलते पानी की लाइन कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो रही थी। वहीं जिसके बाद शुक्रवार को जल संस्थान के अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेते हुए ठेकेदार को सख्त हिदायत दी थी। इसके बाद शनिवार को पानी की लाइन को अंडरग्राउंड करने का कार्य शुरू कर दिया गया।

विद्युत चोरी में तीन पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर: विद्युत विभाग की टीम ने सुभाष कॉलोनी इलाके में अभियान चलाकर तीन विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा और उपखंड अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

11 जुलाई को उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय प्रकाश चंद्र शाह, अवर अभियंता अफसर अली के साथ सतर्कता इकाई हल्द्वानी की टीम ने सुभाष कॉलोनी में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने सुरेंद्र कौर निवासी सुभाष कॉलोनी को 0.848 किलोवाट व 0.440 किलोवाट, जितेंद्र सिंह निवासी गली-पांच ईश्वर कॉलोनी को 1.5 किलोवाट की बिजली चोरी करते पकड़ा।

इसके अलावा दिल्लन निवासी गांधी कॉलोनी को 0.8331किलोवॉट अधिभार की विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटने के बाद तारों को सील कर दिया। प्रकाश चंद्र शाह उपखंड अधिकारी द्वितीय ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

एक लाख रुपये नहीं दिए तो विवाहिता को किया प्रताड़ित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सुभाष कॉलोनी की रहने वाली एक विवाहिता ने जब एक लाख रुपये नगद देने से इंकार कर दिया तो ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सुभाष कॉलोनी निवासी चांदनी का कहना था कि 19 नवंबर 2022 को उसकी शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से ग्राम लखपेड़ा गंज जमकोहना रामपुर लखीमपुर खीरी के साथ हुआ था। शादी के बाद ही पति-आदिल, जेठ इकरार, जेठानी रिजवाना ने कम दहेज लाने का ताना मारना शुरू कर दिया और मायके से एक लाख रुपये नगद लाने का दबाव बनाने लगे। जब इनकार किया तो शारीरिक व मानसिक यातनाएं देनी शुरू कर दी। 14 अक्टूबर 2023 की रात्रि एक बजे गर्भवती होने के बाद भी बेरहमी से पीटा और गला दबाकर मारने की कोशिश की।

हालत बिगड़ने पर अस्पताल में पड़ोसियों ने भर्ती कराया। बावजूद मायके वाले घर बसाने का प्रयास करते रहे। 20 अक्टूबर को पति, जेठ व जेठानी ने सभी जेवरात अपने पास रख लिए और घर से बाहर निकाल दिया। सूचना मिलने पर मायके वाले उसे साथ ले गए।

बुलेट नहीं दी तो घर से बाहर निकालने की दी धमकी

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके में बुलेट नहीं देने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और घर से बेघर करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रीत विहार बिरादरी-दो निवासी उजमा ने बताया कि एक साल पहले उसकी शादी आदिल उर्फ शेरा निवासी सिसई थाना किच्छा के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही पति आदिल, ननद रीना और बिचौलिया कम दहेज लाने का ताना मारते हुए मारपीट करने लगे। आरोप था कि ससुराली बुलेट बाइक नहीं देने पर घर से बाहर निकालने की धमकी देने लगे। वहीं पता चला कि उसका पति शराब का लती है और पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं निभाता है। आरोप था कि 3 अप्रैल 2024 को ससुरालियों ने बेरहमी से पीटकर घर से निकाल दिया। बताया कि पिता ने कर्ज लेकर शादी की थी और मेहनत मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते हैं। आरोप था कि कई बार घर बसाने के लिए ससुराल पक्ष से वार्ता की, लेकिन बुलेट बाइक का दबाव बनता गया।

दहेज के लिए विवाहिता को जहर देकर मारा

नानकमत्ता : दहेज की खातिर विवाहिता को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्वर्ण सिंह निवासी विचुवा थाना नानकमत्ता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि पुत्री मंजीत कौर की शादी 19 अप्रैल 2019 को थाना क्षेत्र के टुकड़ी गांव निवासी सर्वजीत सिंह उर्फ सोनू के साथ हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराली मंजीत कौर को प्रताड़ित कर मायके से नगदी लाने का दबाव बनाने लगे। इस बात का पता चला तो दामाद को काफी समझाने का प्रयास किया, उसकी एक पुत्री मनबीत कौर तीन वर्ष की है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि सर्वजीत सिंह के एक अन्य महिला से सम्बन्ध हैं।

मंजीत कौर।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक - 383/X-6 **नोटिस** दिनांक-18-06-24

1- श्री मोहम्मद मोहसिन पुत्र श्री नसीम अख्तर निवासी डा० जिया वाली गली, मनिहारान शेरकोट बिजनौर, उ० प्र०।

2- श्री दर्शन सिंह बिष्ट उर्फ गजेन्द्र सिंह बिष्ट पु० स्व० श्री महेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी लाल कोठी तल्लाकृष्णापुर, तल्लीताल, नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 13 तल्लाकृष्णापुर तल्लीताल नैनीताल स्थित भूखण्ड रकवा 350 वर्गफिट यानि 32.52 वर्गमीटर सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रयलेख पत्र दिनांक 01-02-2024 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्री दर्शन सिंह बिष्ट उर्फ गजेन्द्र सिंह बिष्ट पु० स्व० श्री महेन्द्र सिंह बिष्ट के स्थान पर अंतरित श्री मोहम्मद मोहसिन पुत्र श्री नसीम अख्तर निवासी का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनाँक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा। भू-खण्ड का नार्षिक मूल्यांकन 840/- जो दि. 01-02-2024 से प्रभावी होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद नैनीताल

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक - 345/X-6 **नोटिस** दिनांक-07-06-24

1- श्री मोहम्मद मोहसिन पुत्र श्री नसीम अख्तर निवासी डा० जिया वाली गली मनिहारान शेरकोट बिजनौर उ० प्र०।

2- श्री दर्शन सिंह बिष्ट उर्फ गजेन्द्र सिंह बिष्ट पु० स्व. श्री महेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी लाल कोठी तल्लाकृष्णापुर, तल्लीताल, नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 13 तल्लाकृष्णापुर तल्लीताल नैनीताल स्थित भूखण्ड रकवा 2100 वर्गफिट यानि 195.167 वर्गमीटर सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रयलेख पत्र दिनांक 11-06-2019 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्री दर्शन सिंह बिष्ट उर्फ गजेन्द्र सिंह बिष्ट पु० स्व० श्री महेन्द्र सिंह बिष्ट के स्थान पर अंतरित श्री मोहम्मद मोहसिन पुत्र श्री नसीम अख्तर निवासी का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा। भूखण्ड का वार्षिक मूल्यांकन रू. 5040/- होगा जो दि. 01-07-2019 से प्रभावी होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद नैनीताल

आखिर कहां जा रहे नाबालिग लगातार तीसरा बच्चा लापता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कोतवाली इलाके में पिछले कुछ दिनों में नाबालिग किशोर-किशोरी के लापता होने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब भूरारानी इलाके से एक किशोर घर से लापता हो गया है। परिजनों ने अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए किशोर की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

2 जुलाई की शाम साढ़े सात बजे आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग लापता हो गया था। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। वहीं भूरारानी स्थित एक गांव की रहने वाली 11 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई थी। अभी किशोर-किशोरी का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि ग्राम भूरारानी दुर्गा कॉलोनी निवासी पवन सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 जुलाई की शाम छह बजे उसका 14 वर्षीय बेटा अमन कुमार बिना बताए घर से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी किशोर का कोई सुराग नहीं लगा।

पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। अब सवाल यह उठता है कि पिछले कुछ दिनों के अंदर तीन नाबालिग बच्चों के लापता होने का कारण क्या है? घर से लापता होने के बाद आखिरकार बच्चे कहां जा रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं शहर में बच्चों को बहला फुसलाकर साथ ले जाने वाला गैंग सक्रिय हो गया हो? उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बच्चों की खोजबीन कर रही है। जल्द ही बरामदगी का प्रयास किया जाएगा।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122

Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण **स्मृतियाँ शेष**

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

भगवानपुर कुलड़िया में कच्चे-पक्के मकानों को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

छावनी में तब्दील भगवानपुर कुलड़िया। ● अमृत विचार

भारी पुलिस फोर्स के बीच ध्वस्त किए 46 कच्चे-पक्के मकान

खौफजदा हुए भगवानपुर कुलड़िया के कब्जाधारी, होती रही मॉनिटरिंग, गिड़गिड़ाते रहे ग्रामीण, लोनिवि की भूमि खाली करवाई

गरजी जेसीबी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत दिवस भगवानपुर कुलड़िया में आधी-अधूरी कार्रवाई के बाद शनिवार को मिली 24 घंटे की मोहलत के बाद एक बार फिर भारी पुलिस फोर्स के साथ 46 कब्जा धारकों के मकानों और झोपड़ियों को ध्वस्त किया गया। सुबह होते ही छावनी में तब्दील इलाके को देख ग्रामीण खौफजदा हो गए और महज गिड़गिड़ाने के सिवा कुछ नहीं कर पाए। देखते ही देखते जेसीबी ने लोक निर्माण विभाग की अधिकृत भूमि को खाली करवा दिया।

काशीपुर हाईवे किनारे स्थित भगवानपुर कुलड़िया में 46 परिवार पिछले कई वर्षों से काबिज थे। पिछले दो सालों में लोक निर्माण विभाग ने इस भूखंड पर अधिकार जमाते हुए न्यायालय में याचिका डाली। अदालत का फैसला लोक निर्माण विभाग के पक्ष में आया। इसके बाद 11 जुलाई को जिला एवं पुलिस प्रशासन की देखरेख में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई, लेकिन दोपहर बाद अचानक माहौल बिगड़ने के बाद कार्रवाई को रोक दिया गया था और कब्जा धारकों को 24 घंटे की मोहलत देते हुए टीम वापस लौट गई थी।

24 घंटे की मोहलत के बाद मौके पर पुलिस ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

11 जुलाई को जिला एवं पुलिस प्रशासन की देखरेख में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई

बाहर निकलने की चेतावनी देते कोतवाल। ● अमृत विचार

पुलिस के सामने रोते बिलखते गुहार लगातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

300 अधिकारियों-जवानों को किया गया कार्रवाई के दौरान तैनात

रुद्रपुर : भगवानपुर कुलड़िया में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। अराजकता से निपटने के लिए एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अनुषा बडोला, सीओ अनुषा बडोला, निहारिका तोमर, रेवाधर मठपाल, सीएफओ निशांत कटारिया के अलावा जिले के पांच निरीक्षक, 60 उपनिरीक्षक सहित एक कंपनी पीएसी, डेढ़ प्लाटून पीएसी, दंगा नियंत्रण वाहन, सीपीयू सहित जिले के थाना-चौकियों का फोर्स मिला कर 300 पुलिस अधिकारी-जवानों को लगाया गया था। यही कारण है कि भारी पुलिस फोर्स के कारण गांव छावनी में तब्दील हो गया।

समय अवधि निकलने के बाद शनिवार को पुलिस प्रशासन ने अभेद रणनीति बनाकर सुबह 8 बजे एसडीएम मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अनुषा बडोला, सीओ निहारिका तोमर, सीओ रेवाधर मठपाल, सीएफओ निशांत कटारिया के अलावा पीएसी और जिले भर के थाना-चौकियों के पुलिस बल के साथ भगवानपुर कुलड़िया पहुंचे।

इस दौरान छावनी में तब्दील गांव को देख कब्जाधारी खौफजदा हो गए। अराजकता से निपटने की पूरी तैयारी के साथ पहुंचे पुलिस प्रशासन को देखकर कब्जा धारकों के सामने गिड़गिड़ाने के सिवाय कुछ नहीं था और देखते ही देखते जेसीबी मशीनों ने 46 घोषित अतिक्रमणकारियों के आशियाने को धराशायी कर दिया। प्रशासन की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को देखकर हर कोई हैरान था।

> जिला एवं पुलिस प्रशासन न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए भगवानपुर कुलड़िया में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। पिछले दो सालों से मामला न्यायालय में विचाराधीन था, लेकिन चार माह से घोषित अतिक्रमणकारियों को मौका दिया जाता रहा। बावजूद भूखंड खाली नहीं हुआ तो शुक्रवार की देर रात्रि को धारा 144 लागू कर दी गई और ध्वस्तीकरण स्थल से पांच सौ मीटर की दूरी को प्रतिबंधित इलाका घोषित कर दिया था। ड्रोन कैमरों से वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी करवाई गई। कार्रवाई न्यायालय के आदेशों का पालन है। **-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर।

एसएसपी का फरमान, कवरेज पर लगाई रोक

रुद्रपुर : 11 जुलाई को भगवानपुर कुलड़िया में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कोतवाल द्वारा महिला को धक्का मारने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की फजीहत हो गई थी। इसके चलते शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आदेश जारी कर दिया कि कार्रवाई के दौरान कोई भी मीडिया कर्मी मौके की कवरेज नहीं करेगा और कवरेज के लिए डिवाइडर पार व्यवस्था की गई। जहां से कवरेज करना संभव नहीं था। बाद में विरोध के बाद लाइव मीडिया पर रोक लगा दी गई और चंद मिनटों की मोहलत देते हुए कवरेज किए जाने का समय दिया गया।

तीन ड्रोन कैमरों से हुई निगहबानी

रुद्रपुर : भगवानपुर कुलड़िया में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में अराजकता फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए तीन ड्रोन कैमरों से निगाहेबानी की व्यवस्था की गई थी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले ड्रोन को आसमान में उड़ाया गया और पूरे इलाके की वीडियो व फोटोग्राफी की गई। लगातार फुटेज को अपलोड कर डीएम-एसएसपी को भेजी जा रही थी। कार्रवाई के आखिरी दौर तक ड्रोन कैमरा पूरे इलाके की निगहबानी करता रहा। इस के अलावा तीन पुलिस कर्मी भी वीडियो कैमरे से कार्रवाई की रिकॉर्डिंग करते रहे। हर कब्जा धारकों की वीडियो बनाई जाने लगी।

दिखाते रहे कागज, धकेलती रही पुलिस

रुद्रपुर : शनिवार की सुबह जब ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई। तब चिह्नित ग्रामीणों में से कुछ इंदिरा आवास आवंटन का कागज दिखाने लगे। कुछ वर्ष 2004 में मिले नोटिस के दस्तावेज दिखाकर गुहार लगाने लगे, लेकिन कागज देखना तो दूर पुलिस प्रशासन ने धकेल कर उन्हें हटा दिया। जिसके बाद योजना के पात्र कब्जाधारी मायूस होकर लौट गए।

छलका दर्द

कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष से नोकझोंक करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

गरीबों के आशियाने उजाड़ने पर तुली सरकार: शर्मा

रुद्रपुर : भगवानपुर कुलड़िया में प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा समर्थकों के साथ बेघर हुए ग्रामीणों से मिलने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण के बाद उठाए जा रहे मलबे का विरोध किया। इसको लेकर उनकी एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा और किच्छा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा से तीखी नोकझोंक हुई। शनिवार को भगवानपुर कुलड़िया पहुंची महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि वर्षों से रह रहे लोगों को उजाड़ा गया है। अब वे कहां जाएंगे इसकी किसी को चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने एक तरफ गरीबों के आशियाने ध्वस्त कर दिए हैं। वहीं दूसरी ओर ध्वस्त मकानों का मलबा भी जबरन उठाकर ले जा रही है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, बीडीसी सदस्य राकेश जोशी आदि मौजूद रहे।

बेटे से गले लगकर समझाने की कोशिश करता पिता। ● अमृत विचार

105 साल के सुक्खा ने लड़ी लड़ाई, हुए बेघर

दुखद

- **बुजुर्ग पिता को समझाते रहे बेटे, बार-बार उजड़ते आशियाने को देखने की करते रहे जिद**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भगवानपुर कुलड़िया में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने सभी को अपने-अपने घरों से बाहर आने की अपील की। इस बीच 105 वर्ष के बुजुर्ग पिता को पकड़कर उनके दो बेटे बाहर ला रहे थे। इस बीच बुजुर्ग अपने जीवन भर के खून पसीने से बनाये घर को बार-बार मुड़कर देख रहे थे। आशियाने को अपनी आंखों के सामने उजड़ता देख काफी व्यथित दिखे।

कान से कम सुनने और आंखों से कम देखने वाले बुजुर्ग से जब पूछा तो लड़खड़ाती जुबान में सुक्खा सिंह ने बताया कि देश की आजादी की लड़ाई और कैसे देश आजाद हुआ यह उन्होंने अपनी आंखों से देखा है। आजादी का जज्बा लेकर हर किसी ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया, लेकिन पिछले 40 सालों से भगवानपुर कुलड़िया में पाई-पाई जोड़कर मकान बनाया था, लेकिन अतिक्रमणकारी घोषित कर दिया गया।

बुजुर्ग पिता सुक्खा सिंह को पकड़कर बाहर लाता बेटा। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारी कहे जाने से वे बहुत ही दुखी हैं। इस दौरान बार-बार-बुजुर्ग अपने बेटों से ध्वस्त हुए मकान को देखने की इच्छा जता रहे थे और बेटे बार-बार यहीं समझाने की कोशिश कर रहे थे। अब उनका कुछ नहीं रहा। जो था मलबे में तब्दील हो गया। मेहनत-मजदूरी कर अब नया आशियाना बनाने की कोशिश की जाएगी। बेटों की इन बातों को सुनकर पिता सुक्खा सिंह के आंखों से आंसू बहने लगे। बोले, कहां से लाएंगे इतना पैसा और कहां बनाएंगे नया ठिकाना।

रोती बिलखती अपना दर्द बयां करती बेघर महिला। ● अमृत विचार

आत्महत्या को दौड़े युवक को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

दर्दनाक टूटते रहे आशियाने, रोते-बिलखते रहे लोग, मलबा तक नहीं छोड़ा, छठ घाट पर ली शरण, ग्रामीणों के दर्द को सुनकर हर कोई सिहर उठा

आंख में आंसू, चेहरे पर मायूसी, बेबस होकर देखते रहे ग्रामीण

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार: भगवानपुर कुलड़िया में 46 कब्जा धारकों के आशियाने पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई काफी हृदयविदारक रही। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ होते ही चिह्नित ग्रामीणों के आंखों में आंसू, चेहरे पर मायूसी और बेबसी देखने को मिली। रोने-बिलखने के सिवा ग्रामीणों के पास कुछ नहीं था। कोई डिवाइडर पर बैठकर आशियाने को टूटता हुआ देखता तो कोई पुलिस से ईंट देने की गुहार लगाता। आखिरकार विवश होकर पास ही बने छठ घाट पर लोगों ने शरण लेनी शुरू कर दी। कार्रवाई कुछ भी हो, लेकिन ग्रामीणों के दर्द को सुनकर हर कोई सिहर उठा।

शनिवार की सुबह 8 बजे जब पुलिस की गाड़ियां, जेसीबी की गड़गड़ाहट और लाठी-डंडों, दंगा नियंत्रण वाहन और सशस्त्र बल भगवानपुर कुलड़िया गांव पहुंचा। तब घोषित किए गए अतिक्रमणकारियों के आंखों में आंसू छलकने लगे। पुलिस ने लोगों को घरों में घुसकर बाहर निकाला। इस दौरान कोई अपने छोटे बच्चे को गोद में लेकर डिवाइडर पर बैठ गया तो कोई सामान एकत्रित करने में जुट गया। वहीं कई कब्जा धारक पुलिस के सामने हाथ जोड़कर अपना दुख दर्द बयां करते रहे, लेकिन कहीं न कहीं पुलिस बल भी मजबूर दिखा और आदेशों का पालन करने का हवाला देते हुए 9 बजे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई।

सामान लेकर जाते बेघर हुआ परिवार। ● अमृत विचार

जेसीबी ने जब कच्चे-पक्के मकानों को एक के बाद एक कर धराशायी करना शुरू किया तो दूर खड़े परिवार रोने बिलखने लगे। हर कोई यह बयां कर रहा था कि परिवार को लेकर जाएं तो जाएं कहां। कोई प्रशासन से मलबे की ईंट देने की गुहार लगा रहा था तो कोई सामान निकालने की मोहलत मांग रहा था। जिसे देख वहां से गुजरने वाले राहगीर भी ग्रामीणों की बेबसी को देखकर हैरान व परेशान होते नजर आए।

भूखे प्यासे सामान लगे बटोरने

रुद्रपुर : भगवानपुर कुलड़िया के घोषित अतिक्रमणकारियों को यह इल्म नहीं था कि शनिवार की सुबह आठ बजे प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकता है। 8 बजे पुलिस का लाव लश्कर देखा तो ग्रामीणों के हाथ-पांव फूल गए और भूखे प्यासे ग्रामीणों को जबरन घरों से बाहर निकलना शुरू कर दिया। बेबस ग्रामीण अपने बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के साथ सामान बटोरने लगे। कोई सिर पर सामान रखकर ले जाता तो कोई ठेले पर सामान भरता दिखा। कारण प्रशासन ने ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया था। ऐसे में ग्रामीण जो बच सकता था उसे बचाने की कोशिश में जुट गये।

बेघर लोगों ने मतदान नहीं करने का किया ऐलान

रुद्रपुर : ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में बेघर हुए लोगों ने नेताओं पर भी जमकर भड़ास निकाली। उनका कहना था कि 18 साल होते ही नेता वोटर आईडी बनाकर घर पहुंचाते हैं और चुनाव के वक्त वोट मांगने के लिए गिड़गिड़ाते हैं, लेकिन अब जब वह बेघर होने लगे हैं तो कोई भी नेता दुख सुनने नहीं आया। पिछले दो दिन से पीड़ित परिवार भूखे प्यासे रह रहा है। सरकार या विपक्ष चाहता तो प्रकरण को उठा सकता था। उन्होंने ऐलान किया कि अब कोई भी परिवार मतदान नहीं करेगा और नेताओं का बहिष्कार किया जाएगा।

आत्महत्या करने भागा युवक, दौड़ने लगी पुलिस

रुद्रपुर : ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान जब डंपर लगाकर धराशायी मकानों का मलबा भरना शुरू हुआ। तब महिलाओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इसी दौरान अचानक भीम राव नाम का युवक आया और जहर लाकर परिवार के साथ आत्महत्या करने के लिए भागा। यह देखकर वहां तैनात पुलिस बल में हड़कंप मच गया और पुलिस ने दौड़कर युवक को पकड़ लिया। युवक का कहना था कि उसकी चार बहनें हैं। दो माह पहले ही टुकटुक लोन पर लिया था। परिवार की जिम्मेदारी कंधों पर है। ऐसे में अब जीने का कोई फायदा नहीं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अंयत्र नहीं मिलता।

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीन काल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है,लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रियबोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है कि, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं,लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी,लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है कि, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे" विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आवाहन और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

मार्क्सवाद

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

कार्ल मार्क्स का मतलब क्या है? उनका लक्ष्य क्या था? हमारे बीच में अनेक लोग हैं,जो उनको अर्थशास्त्री, विचारक आदि कहकर पुकारते हैं। इसी आधार पर अनेक मार्क्सवादी अपने को मार्क्सवादी अर्थशास्त्री होने, मार्क्सवादी आलोचक होने का दावा भी करते हैं। ऐसे ही लोगों को ध्यान में रखकर एंगेल्स ने जो कहा उसका महत्व है। एंगेल्स ने लिखा- "कुछ भी होने के पहले मार्क्स सबसे पहले क्रांतिकारी है।" मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

भारत में साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक ऐसे मार्क्सवादी हैं,जो बार-बार "थ्योरी" की अप्रासंगिकता का बखान करते रहते हैं। इस तरह ये लोग मार्क्सवाद का विकृतिकरण कर रहे हैं। साहित्य में इसके आदर्श हैं नामवर सिंह। वे कई बार "थ्योरी" सिद्धांततः खारिज कर चुके हैं। वे नहीं जानते कि इस तरह वे किसकी सेवा कर रहे हैं। "थ्योरी" के रूप में मार्क्सवाद पहले भी प्रासंगिक था और आज भी है। इसके आधार पर अनेक महत्वपूर्ण काम मार्क्सवादियों ने किए हैं।

हिन्दी में नामवर सिंह से लेकर रामविलास शर्मा आदि तकरीबन अधिकांश मार्क्सवादी आलोचकों ने थ्योरी को अस्वीकार करते हुए, आलोचना पर जोर दिया, ये लोग निरंतर आलोचना लिखते रहे, आलोचना बोलते रहे, लेकिन इस क्रम में यह भूल गए कि थ्योरी के बिना आलोचना ठूंठ होती, निर्जीव होती है। उसमें निज के विकास की क्षमता नहीं होती। यही वजह है आज हमारे बीच में नामवर सिंह हैं, उनकी आलोचक भक्तमंडली है, लेकिन हिन्दी आलोचना गायब है। नामवर सिंह के रहते आलोचना गायब क्यों हो गई? यह सवाल तो बनता है। उसी तरह यह भी सवाल बनता है कि जो प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी अर्थशास्त्री हैं, उनके रहते हुए मार्क्सवाद हमारे देश में हाशिए पर कैसे पहुंच गया? ध्यान रहे यथार्थ के छोटे-छोटे विवरण और ब्यौरे या आख्यान को मार्क्सवाद नहीं कहते। मार्क्सवाद को बिना थ्योरी के समृद्ध नहीं किया जा सकता।

मार्क्सवाद का लक्ष्य है शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। यानी व्यक्ति के द्वारा व्यक्ति के शोषण का खात्मा करना। भारत के संदर्भ में यह बात कैसे लागू करें, इसे अपने समाज की संरचनाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तय करें। इसके लिए पहली शर्त है मार्क्सवाद की शिक्षा, मार्क्सवाद की शिक्षा के बिना कोई भी चीज न तो सही नजरिए से देख सकते हैं और न विश्लेषित कर सकते हैं।

मार्क्सवादी होने का मतलब कम्युनिस्ट पार्टी का मेंबर होना नहीं है,मार्क्सवाद कोई कोट नहीं है जिसे हेंगर से उतारा और पहन लिया और मार्क्सवादी बन गए। हो सकता है आप पार्टी मेंबर हों, लेकिन मार्क्सवाद शून्य हों,हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में पार्टी मेंबरों को मार्क्सवाद का न तो ज्ञान है और न वे ज्ञान पाना चाहते हैं। वे इंकलाब जिंदाबाद से अधिक कुछ नहीं जानते या पार्टी ने जो कहा है उसको यांत्रिक तौर पर दोहराते रहते हैं। इन सबको मार्क्सवाद की केटेगरी में नहीं रखा जा सकता। ये वे लोग हैं,जो अर्थवाद, अवसरवाद या मित्रता के नाते कम्युनिस्ट दल से जुड़े हैं। इस तरह के मार्क्सवादियों से तो खुद मार्क्सवाद को खतरा है। यह तो नीम-हकीम खतरा ये जान वाला मामला है।

चेतना की उत्पत्ति पर विज्ञान की आंशिक यात्रा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया,जिससे समुद्र अस्तित्व में आए।

यह तो स्पष्ट है कि पदार्थ के एक खास समुच्चय से ही चेतना की उत्पत्ति होती है,किंतु वह कौन सा निर्णायक बिंदु है जिस पर यह चमत्कार संपन्न होता है? और उस बिंदु पर ठीक-ठीक क्या घटित होता है,जो चेतन प्राणी को अचेतन जगत से भिन्न कैटेगरी का बना देता है। इस कदर कि चेतना है तो हम हैं, विश्व है। चेतना नहीं तो सब कुछ "होते" हुए भी कुछ नहीं। चेतना ने ही स्व का बोध किया और स्व से पृथक नानारूप विश्व का बोध किया। इस रहस्य को भेदने की दिशा में विज्ञान की यात्रा "आंशिक" है (और क्या पता, आंशिक ही रहने वाली हो)। इतना तो निश्चित है कि पृथ्वी को छोड़कर हमारे और किसी अन्य सौरमंडल के किसी भी ग्रह पर चेतन प्राणी के अस्तित्व का "वैज्ञानिक प्रमाण" अभी तक नहीं मिला है। पृथ्वी पर भी असंख्य जीवों में से मनुष्य एक है। वे सब कैसे अस्तित्व में आए? उन सबसे मनुष्य का क्या संबंध है?

चेतन प्राणी की जो प्रकृति है उससे स्पष्ट है कि उसमें कार्बन के अणु बहुतायत में हैं। 1923 में रूसी जैव-रसायनज्ञ ए.आई ऑपरिन (बायोकेमिस्ट, ओपरिन) ने जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जैव-रासायनिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। 1928 में बरतानिया के विकासवादी जीव-वैज्ञानिक जे बी एस हाल्डेन ने उसकी पुष्टि की। इसके अनुसार जीवन की उत्पत्ति सरल कार्बनयुक्त अणुओं से हुई है। लगभग 4.5 अरब (बिलियन) साल पहले जब एक सौर्य बादल (नेबुला) के फटने से हमारा सूर्य और पृथ्वी समेत सौरमंडल के ग्रह बने, पृथ्वी धधकती हुई आग का गोला थी। इसमें ऊर्जा के अनेक स्रोत मौजूद थे-ब्रह्मांडीय किरणें, विकिरण, बिजली चमकने से होने वाले विद्युत विसर्जन और ज्वालामुखियों से निःसृत ऊष्मा। उस अवस्था में पृथ्वी निरंतर, प्रतिदिन हजारों यौगिक निर्मित करने वाले कारखाने की तरह काम कर रही थी। इस आत्यंतिक स्थिति में पृथ्वी के दहन से उत्पन्न ऑक्सीजन शुद्ध ऑक्सीजन नहीं रह सकती थी। उसी ऑक्सीजन से जल और कार्बन के यौगिक चूना-पत्थर उत्पन्न हुए। उसी से हाइड्रोजन की यौगिक मीथेन उत्पन्न हुई और हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन के मिलने से अमोनिया बन गई। इस तरह बनने वाले सभी यौगिक जैविक थे। समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया, जिससे समुद्र अस्तित्व में आए। पुरानी ऊष्मा के चलते समुद्र का पानी गर्म था। उसमें अनेक प्रकार के जैविक अणु बहुतायत में घुले हुए थे,जिससे उसकी प्रकृति सूप-जैसी थी। गर्म जल में इन यौगिकों की अंतःप्रक्रिया से कई अन्य यौगिक बने। उनमें से कई में अमीनो अम्ल के घटक शामिल थे,जो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक यौगिक था। ये अमीनो अम्ल बड़ी मात्रा मे आपस में जुड़कर प्रोटीन बन गए और प्रोटीन ही जीवन-सौध के निर्माण में ईंटों का काम करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाएं भी प्रोटीन की ही देन हैं, किंतु प्रोटीन-जैसे स्थूल तत्व से चेतना-जैसे सूक्ष्म तत्व की निर्मिति में बहुत फासला है तो चेतना की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों का अभी तक अनिश्चित अनुमान-जैसा ही है। यह तो शुद्ध अनुमान है कि यह चमत्कार लगभग 3.5 अरब साल पहले हुआ होगा, यानी पृथ्वी के जन्म से लगभाग एक अरब साल बाद। उस अनुमान को वैज्ञानिक शब्दावली में मिलर-यूरे प्रयोग (मिलर-यूरे इक्सपेरिमंट) के नाम से जाना जाता है।

1952 में दो अमेरिकी जीव रसानयज्ञ, स्टैनली मिलर और हैरॉल्ड यूरे,ने मिलकर प्रयोगशाला में छोटे स्तर पर ठीक वही स्थितियां उत्पन्न करने की कोशिश कीं जो (अनुमानतः) 3.5 अरब साल पहले पृथ्वी पर रही होंगी। उन्होंने मीथेन, अमोनिया, पानी की भाप और हाइड्रोजन के मिश्रण को एक बंद परखनली में रखकर, एक हफ्ते तक 80 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर विद्युत स्फुलिंग से आवेशित किया। एक हफ्ते बाद जब परखनली के पदार्थों को जांचा गया,उसके पेंदे में अमीनो अम्ल के विभिन्न रूप मिले जो,जैसा कि ऊपर कहा गया, प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इससे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी के शुरुआती वातावरण का अनुकरण कर, बहुत सारे जैविक यौगिकों का निर्माण किया जा सकता है। यह ऑपरिन और हाल्डेन के जैव-रासायनिक प्रमेय की पुष्टि थी। वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगशाला में जीवन के तत्वों के निर्माण के रूप में लिया और अमेरिकी भौतिकशास्त्री रिचर्ड फेयनमैन ने तो इस उपलब्धि को पृथ्वी पर जीवन के उत्पत्ति विषयक मानव-ज्ञान की सफलता मानते हुए इस पर एक कविता लिखकर जश्न तक मना डाला।

मिलर महोदय 2007 में अपनी मृत्यु तक इस दिशा में शोधरत रहे। वे अनेक प्रकार के अमीनो अम्लों और जैविक एवं गैर-जैविक यौगिकों के निर्माण में सफल हुए जो कोशिकीय संरचना और संश्लेषण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जैविक कोशिकाओं में भोजन के चयापचय में अंतरण का भी उन्होंने अध्ययन किया,लेकिन कोशिका के निर्माण और चेतना का प्रादुर्भाव करने से हम अभी कितनी दूर हैं, कुछ पता नहीं। तब से हमने क्लोन तो बना लिया, लेकिन डिम्ब और शुक्राणु बना पाने का अभी तक कोई आसार नहीं है। यह बात अलग है कि क्वांटम भौतिकी के अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्तर पर हम (ब्रह्मांड के जड़, चेतन और खाली आकाश भी) एकरूप और परस्पर उलझे हुए विद्युतावेशित इलेक्ट्रॉन और क्वार्क के तरंगित क्वांटा क्षेत्र हैं। ठीक कहा है, जितना जानिए, उतना ही यह एहसास बढ़ता जाता है कि हम कितना कम जानते हैं।

अतीत की स्मृतियों का महत्व

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है।

भारत के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का विशेष रूप से पीपल, बरगद, कदंब एवं नीम का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक आख्यानों में इनका संबंध शायद विष्णु, शिव, कृष्ण और मां काली से है। पता नहीं, राम से संबंधित कोई वृक्ष है कि नहीं! मेरे बचपन में पीपल वृक्ष भूत, प्रेत, जिन्न आदि का स्थाई निवास स्थान था। भूत-प्रेत अब बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। वृक्षों के संबंध में अतीत की स्मृतियों का अपना महत्व है। हमने दो वृक्षों का रोपण ने हाई स्कूल के दिनों में 1970 के आसपास किया था, इनकी उम्र कोई 54 वर्ष के करीब है। दोनों वृक्षों के बीच मुख्य सड़क से उत्तर एक डेढ़ किलोमीटर दूर मेरे गांव जाती सड़क। कच्ची सड़क अब राजपथ है, पीपल के वृक्षों का स्थान बस पड़ाव है और दोनों वृक्षों की छाया में सड़क किनारे यात्री शेड बने हैं।

सड़क से सौ मीटर दक्षिण एक बड़े बांध के बाद सरयू का कोई नौ किलोमीटर चौड़ा और पचासों किलोमीटर की लंबाई में फैला विशाल दियारा प्रक्षेत्र है। दियारा प्रक्षेत्र विगत वर्षों में सूअर, नीलगाय, आवारा गाएं और साड़ों का चारागाह क्षेत्र बना हुआ है। नीलगाएं गांव के करीब भी दिखीं। गांव के बिल्कुल मध्य में एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिसकी छाया में राम कथा और महाभारत कथा हुआ करती तथा नाटकों का मंचन होता। कथा और नाटक दोनों अतीत की बात हो चुके हैं। पश्चिम में एक इतना ही विशाल बरगद वृक्ष था, जिसके नीचे 'सती देवानी' का स्थान था तथा बगल में ही छठ स्थल। सती देवानी का पुराना महत्व नहीं हैं, पर छठ पूजा व्यापक रूप धारण कर चुकी है। अगर अपने बचपन की सोचूं तो तुलनात्मक रूप से आज का मेरा गांव बहुत ही ज्यादा समृद्ध है। हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है। गांव का करीब पचास प्रतिशत दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, जमशेदपुर, वाराणसी आदि शहरों में जा बसा है।

शानदार शॉपिंग

दीपक मिश्र
अध्यक्ष बौद्धिक सभा

देश, राष्ट्र, समाजवाद जैसे शब्द आकाश से उतरे हुए शब्द नहीं हैं, इसी धरा के शब्द हैं और इसी धरा की बेहतरी के लिए महान पूर्वजों द्वारा शिल्पित शब्द हैं। हम बहुत छोटे-छोटे कार्यों तीनों को साध सकते हैं। जैसे मैंने बरसात के बाद देखा कि एक बुजुर्ग साइकिल पर रेगुलर इस्तेमाल की चीजें सजाकर बेच रहे थे। उनकी कमीज खुली अलमारी की तरह थी। पूरा बदन पसीने और बरसात की पानी से भीगा हुआ था। देखने में लग रहा था, सलीके का भोजन लिए हुए उन्हें महीनों हुआ होगा। मेरे मन में आया कि उनसे कुछ खरीदूं, पर उनके पास जो चीजें तीन, उनकी मुझे जरूरत नहीं थी, फिर देश और समाजवाद को सशक्त करने के लिए इस गरीब से खरीदारी। बेवजह की खरीदारी को वे भी समझ गए, लगभग सात सौ की खरीदारी के बाद बोले कि बाबू जी अब बस करिए, इतने में हमारा परिवार पूरे हफ्ते अच्छा खाना खाएगा। हम इन गरीब व्यापारियों से खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को समग्रतः मजबूत करते हैं। क्रयशक्ति गरीब के घर जाएगी तो गरीबी घटेगी, राष्ट्र सशक्त होगा। बड़े-बड़े मॉल में खरीदारी का खरीदारियों के हम विरोधी नहीं, पर वहां की खरीदारी का मतलब समंदर पर मूसलाधार बरसात करना है। जम के सागर पे बरसते रहे बादल बंधु और एक बूंद को तरसते रहे मरुधर बंधु इसलिए बंधुओं खरीदारी जहां करते हैं, करते रहें, पर ठेला या साइकिल या सर पर सामान बेचने वालों से जरूर खरीदारी करें।

बाढ़ की चपेट में शहर

अनूप शुक्ल
कानपुर

उत्तर प्रदेश का शहर शाहजहांपुर आजकल बाढ़ की चपेट में है। शहर गर्रा और खन्नौत नदियों के बीच बसा है। इन नदियों ने शहर को अपने आलिंगन में समेट रखा है। शहर इनसे बाहर निकलने की कोशिश करता है तो नदियां गुस्से से उफनकर दबोच लेती हैं उसको। शहर को अपनी औकात पता चलती है। वह नदियों के आगोश में सहम-सिकुड़ जाता है। नदियां फिर उसको प्यार से समेट लेती हैं।

कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर गए थे तो पता चला खन्नौत की तरफ के इलाके पानी में डूबे हैं। लोदीपुर की तरफ का रास्ता बंद है। पानी से भरा है। केरूगंज की तरफ से शहर में घुसे, जिस जगह हम रहे वहां पानी नहीं भरा था। न बारिश हो रही थी। अंदाज नहीं था कि जिनके घर पानी में डूबे हैं उनके हाल कैसे होंगे। पता चला और हमने बाद में पुल से देखा भी कि इमारतों में पानी भरा है। घर आधे-आधे डूबे है पानी में। लोगों ने नदियों के किनारे घर बनाए हैं। कई साल पानी नहीं आता होगा उस इलाके में तो उसको सुरक्षित मानकर वहां घर बना लिए,लेकिन जब दस-बीस साल बाद नदी में पानी बढ़ता है तो उस जमीन पर फिर से कब्जा करता है। डूबो देता है जमीन को। नदियों किनारे बने नीचे इलाके में बने घर ऐसे होते हैं,जैसे किसी ट्रेन की कोई रिजर्व बोगी में अनारक्षित यात्री आकर बैठ जाए और कि पूरी यात्रा आराम कटेगी,लेकिन चार-छह स्टेशन बाद वह यात्री आए,जिसके नाम बर्थ रिजर्व है और ट्रेन में आराम से लेटे यात्री को उठाकर कहे - 'भाई साहब, यह बर्थ मेरी है। खाली कर दीजिए।' यात्री बेचारा दुखी होकर खुद को और सामान को भी समेटकर सीट छोड़ देता होगा।

नदियां भी इसी तरह अपनी जमीन पर कब्जा कायम करने को वापस लौटती हैं। लोगों को अपनी जमीन पर घर बसाए देखकर भन्ना जाती होंगी। बेदखल कर देती हैं लोगों को,लेकिन यह पानी यहां की बरसात का नहीं है। बांध से छोड़ा पानी है। कहीं और बरसा होगा पानी। बांध में आया होगा। बांध का पेट भरा है। उसने पानी इधर उलट दिया। बरसा कहीं,भरा कहीं कहावत है न : एक गांव में आग लगी, एक गांव में धुंआ।

एक दिन बाद खन्नौत की तरफ पानी कम हुआ तो गर्रा की तरफ बढ़ गया। नदी किनारे तमाम इलाके पानी में डूब गए। शहर के अस्पताल के सामने घुटनों, कमर तक के पानी में लोग भागते दिखे,जो बीमार हैं उनका क्या हाल होगा। लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाके में भाग रहे हैं। सामान निकालना समस्या है। सामान ढोने वाली सवारियों के भाव बढ़े हैं। वो भी निकाल कहां पा रही हैं? लोग अपना सामान घर में ही छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जा रहे हैं। बाढ़ के पानी ने रास्ते बदल दिए हैं। हमको 30 किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में जाना था। बरेली मोड़ पर पानी भरा होने के चलते दूसरे रास्ते जाना पड़ा। 30 किलोमीटर की दूरी 90 किलोमीटर में बदल गई। रास्ते में जाम। 90 किलोमीटर की दूरी छह घंटे में तय कर पाए।

शहर कई तरफ से पानी से घिरा है। जगह-जगह नदियों का पानी 'जनता दर्शन' के लिए मौजूद है। लोग फोटो-वीडियो बनाने में जुट रहे हैं। अनगिनत फोटो-वीडियो इधर-उधर टहल रहे हैं। लोगों के मोबाइल डिजिटल बाढ़ में डूब रहे हैं। दो दिन शाहजहांपुर रहने के बाद वापस लौट आए। खन्नौत की तरफ का पानी कम हो गया था। जाते समय जिधर से रास्ता पानी में डूबा था वह साफ हो गया था। उधर से ही आए। प्रेम-स्नेह की बारिश और बाढ़ में भीगे-डूबे। यह स्नेह/प्रेम की बारिश और बाढ़ ऐसी है,जिसमें हमेशा भीगने और डूबे रहने का मन करता है।

संविधान हत्या दिवस

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार ने 25 जून की तारीख को प्रतिवर्ष 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की है। चूंकि वर्ष 1975 में इसी तिथि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से देश में आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी की उद्घोषणा करवाई थी। इस कालखंड में कुछ शासन और कुछ प्रशासन तंत्र द्वारा प्रावधानों के बेजा उपयोग के कारण लोगों को कष्ट हुए थे। इसे संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर एक नई बहस छिड़ गई है। आरोपों प्रत्यारोपों का दौर जारी है।

आम जनता तो 49 साल पहले की बात काफी कुछ भूल चुकी है, नई पीढ़ी तो इसे जानती भी नहीं,किंतु प्रबुद्ध लोग इस अति पुरानी घटना को नए दिवस के रूप में मनाने पर चकित हैं और वे बुद्धि और लेखनी चलाने लगे हैं। वे कहते हैं कि संविधान में इमरजेंसी लगाने का तो प्रावधान है और यह उसी के अंतर्गत लगाई गई थी,फिर संविधान की हत्या कैसी? संविधान का अनुच्छेद 352 आपातिक स्थिति लगाने की व्यवस्था करता है,जो आज भी मौजूद है। दस वर्ष से तो भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ है। न तो उसे संविधान हत्या की याद आई और न उक्त अनुच्छेद निरस्त करने का कोई प्रयास किया। दरअसल यदि 25 जून,1975 को संविधान की हत्या हो गई थी,तो इमरजेंसी के ठीक बाद हुए चुनावों के परिणामस्वरूप मोरारजी देसाई की सरकार कैसे बनी,जिसमें भाजपा की पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी मंत्री थे? क्या यह सरकार असंवैधानिक थी? क्योंकि संविधान तो मर चुका था। हत्या किया हुआ व्यक्ति तो जीवित हो ही नहीं सकता। दूसरा संविधान कब बना? यह केंद्र को स्पष्ट करना होगा। इमरजेंसी लगाने की सलाह जरूर इंदिरा गाधी कैबिनेट ने दी थी, किंतु तब तो कैबिनेट की सलाह मानने के लिए राष्ट्रपति बाध्य भी नहीं थे। वे न हस्ताक्षर करते, तो इमरजेंसी कैसे लगती? बाध्य होने वाला 44 वां संविधान संशोधन तो 1976 में हुआ है।

यदि ऐसा कोई दिवस मनाना जरूरी था, तो मोरारजी देसाई की 27 महीने चली और अटल बिहारी वाजपेयी की छह साल चली विपक्षी सरकारों ने इसे जरूरी क्यों नहीं समझा और मोदी को भी दस साल बाद ही क्यों याद आई? शायद अपनी पार्टी के गिरते और कांग्रेस के उठते ग्राफ से हतप्रभ हुए भाजपाई हताशा में अपनी स्थिति पुनर्स्थापित करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं,जिनका जनता पर प्रभाव न के बराबर होगा। अच्छा होता कि यह मिलीजुली सरकार कुछ ठोस सकारात्मक मुद्दे लेकर आगे बढ़ती।

एक नजर

सड़क खोदने का लोगों ने किया विरोध

काशीपुर : काशीपुर के जसपुर खुर्द क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए सड़क खोदने के कार्य को लेकर नगर निगम व स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार पंकज चंदोला ने लोगों से वार्ता कर मामला शांत किया। शनिवार को नगर निगम की टीम पानी निकासी को लेकर जसपुर खुर्द के निजड़ा क्षेत्र में सड़क खोदने का कार्य कर रही थी। इसी बीच सड़क खोदने को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर निगम की टीम का विरोध किया। इसके बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार पंकज चंदोला ने लोगों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि लोगों से वार्ता कर कार्य को शुरू करा दिया है।

पूटा की आमसभा में समस्याओं पर मंथन

पंतनगर : पंतनगर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (पूटा) की आमसभा शनिवार को बुलाई गई। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने समस्याओं पर चर्चा की। बैठक के प्रारंभ में पूटा के महासचिव डॉ. अनूप सचान और पूटा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रोहिताश्व सिंह और डॉ. डीके सिंह ने अतिरिक्त वेतन वृद्धि नहीं दिए जाने की समस्या से अवगत कराया। साथ ही अन्य शिक्षकों ने भी अपनी अपनी समस्याओं को रखा। उपाध्यक्ष डॉ. विनय सिंह, पूटा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल्ल, उपाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार सिंह, महामंत्री डॉ.अनूप सचान, सचिव डॉ. कमल सक्सेना, कोषाध्यक्ष डॉ. एमपी गंगवार आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों ने परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

काशीपुर : बाजपुर रोड स्थित सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया आईएमटी के विगत दिवस आए परीक्षा परिणामों में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने कुमाऊं विश्वविद्यालय में संस्थान का परचम लहराया है। संस्थान के यूजी विभाग की प्राचार्य डॉ. निमिशा अग्रवाल ने बताया कि बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर में प्रतीक्षा शर्मा ने सार्वाधिक 73.40% अंक लाकर प्रथम, मान्या अरोरा ने 71.40 अंक लाकर द्वितीय व ऋतिक कुमार ने 71.20% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संविधान हत्या दिवस घोषित होने पर जताया आभार

काशीपुर : 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रशांत पंडित ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। प्रशांत पंडित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आपातकाल की भयावह स्मृतियां भारतीय लोकतंत्र के माथे पर कलंक हैं।

युवा अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही ने 13440 फीट की ऊंचाई वाली चोटी पर मात्र 19 घंटे में चढ़कर इतिहास रचा

प्रवेंद्र ने मलेशिया के माउंट किनाबालु पर फहराया तिरंगा

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: गांव बढ़ियों वाला के युवा अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह ने मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहराया है। उन्होंने 13440 फीट की ऊंचाई वाली इस पर्वत चोटी पर मात्र 19 घंटे में चढ़कर इतिहास रचा है।

जसपुर क्षेत्र के ग्राम बढ़ियों वाला निवासी 26 वर्षीय प्रवेंद्र सिंह ने 3 जुलाई को मलेशिया स्थित माउंट किनाबालु की यात्रा तय की। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने उन्हें तिरंगा भेंट कर इस यात्रा पर रवाना किया। प्रवेंद्र ने बताया कि उन्होंने 8 जुलाई को प्रातः मलेशिया के नेशनल पार्क से पहले कैंप पर 3100 मीटर की दूरी तय करके लक्ष्य प्राप्ति की ओर कूच किया। यात्रा के दौरान भारी बारिश एवं बड़ी चट्टानें भी रोड़ा बनीं। लेकिन उन्होंने अपना हौसला बनाए रखा। वे तिरंगे की आन-बान-शान को दिल में लेकर अपने इरादों को बुलंद करने के लिए आगे बढ़ते रहे और उन्होंने 9 जुलाई को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर मलेशिया सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह किया और तिरंगा फहराया। इतिहास रचने के बाद लौटने पर उनका यहां भव्य स्वागत किया गया।

माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहराता जसपुर का अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह।

क्लीन उत्तराखंड एवं ग्रीन उत्तराखंड का संदेश दिया

जसपुर : प्रवेंद्र सिंह ने कहा कि मलेशिया के माउंट किनाबालु की ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने क्लीन उत्तराखंड एवं ग्रीन उत्तराखंड का संदेश दिया है। उनकी यह पहली अंतर्राष्ट्रीय पर्वत यात्रा थी, जो उनके निजी खर्चे पर थी।

रूस और आर्मेनिया की चोटियों को फतह करने का लक्ष्य

जसपुर : प्रवेंद्र सिंह ने बताया कि इस यात्रा से उनका हौसला काफी बढ़ गया है। अब उन्होंने भविष्य में रूस और आर्मेनिया की चोटियों को फतह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उनके द्वारा शीघ्र ही यह यात्रा शुरू की जाएगी। उधर, पूर्व क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अमेनिटी स्कूल की आरुषि ने जीते स्वर्ण व कांस्य पदक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कश्मीर में हुए अंतरराष्ट्रीय कौशल कैंप में अमेनिटी स्कूल की छात्रा आरुषि ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतकर देश-प्रदेश व विद्यालय को गौरवांवित किया। प्रतिस्पर्धा में कई देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

विद्यालय के व्यवस्थापक सुभाष अरोरा ने बताया कि विगत दिनों कश्मीर के पहलगाम में 17वां अंतरराष्ट्रीय कौशल कैंप का आयोजन हुआ था। जहां श्रीलंका, ईरान, अफगानिस्तान, इराक, भूटान सहित कई एशियाई देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी का चर्चित खेल मार्शल आर्ट एशियाई मूल का प्रमुख खेल है। इसमें विद्यालय की छात्रा आरुषि ने प्रतिभाग किया और बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोशन किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय की व्यवस्थापिका सुनीता अरोरा, प्रधानाचार्य इंद्रा त्रिपाठी ने प्रोत्साहित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्वर्ण एवं कांस्य पदक दिखाती विजेता।

मंगलौर-बद्रीनाथ उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसी हुए गदगद

भगत सिंह चौक पर मिठाई बांटकर मनाया जश्न, कांग्रेस कार्यकर्ता बोले-जनता ने प्रदेश सरकार को दिखाया आईना, भाजपा पर दोहरे चरित्र का लगाया आरोप

उत्साह

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत की खबर मिलते ही कांग्रेसी गदगद हो उठे और भगत सिंह चौक पर मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की मौजूदगी में हर्ष जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा का जनता ने गुरुर तोड़ दिया है। जहां राम की नगरी अयोध्या में लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त मिली। वहीं शिव की नगरी बद्रीनाथ में हार का सामना करना पड़ा। कहा कि देश की जनता भाजपा के दोहरे चरित्र और जनविरोधी नीति को समझ चुकी है।

इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना, पूर्व दर्जा मंत्री हरीश बावरा, अनिल शर्मा, ममता रानी, उमा सरकार, प्रकाश शर्मा, प्रवेश कुरैशी, बाबू खान, उमर अली, संदीप चीमा, योगेश चौहान, फुदेना साहनी, बाबू विश्वकर्मा, रामाधारी गंगवार, साजिद खां आदि मौजूद रहे।

नानकमत्ता : उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर मिठाई बांटी। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह राणा, जैल सिंह जैला, नरेन्द्र सिंह पिन्टा, सतपाल सिंह, सतनाम सिंह, रामनरेश सिंह राणा, हरिओम सिंह राणा, सुरेन्द्र सिंह, विवरण सिंह राणा आदि शामिल थे।

रुद्रपुर में भगत सिंह चौक पर जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बाजपुर में भगत सिंह चौक पर एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

नानकमत्ता में मिठाई बांटते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बाजपुर में भी कार्यकर्ताओं में खुशी

बाजपुर : बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को मिली जीत की खुशी में यहां कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। उन्होंने भगत सिंह चौक पर आतिशबाजी करने के साथ ही एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। शनिवार सायं करीब पांच बजे उत्साहित कार्यकर्ता श्रीपूर्णानंद तिवारी पुस्तकालय में एकत्र हुए जहां से संगठित होकर भगत सिंह चौक पर पहुंचे और जमकर आतिशबाजी की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, नितिन बिष्ट, सादक हुसैन, उस्मान रजा, अनवार अहमद, आदित्य चानना आदि मौजूद रहे। इधर मुड़िया चौराहे पर उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर खुशी मनाई। इस मौके पर उस्मान अली, आशिफ खान, शकील सैफी, मकसूद, जफर अली, अकरम, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर में विजय जुलूस निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में कांग्रेसियों ने किया मिष्ठान वितरण

दिनेशपुर, अमृत विचार : मंगलौर व बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर शनिवार शाम चक्कीमोड़ पार्टी कार्यालय में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर आतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मोहित चौहान उर्फ कमांडो, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, श्याम सिंह देऊपा, चंद्रमणि देवराडी, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, केके गावा, प्रेम सिंह, लाल सिंह नयाल, मक्खन राजपूत मौजूद थे।

विद्यालय में मिलीं अनियमितताएं

▸▸ मिड डे मील में 34 बच्चों का पंजीकरण, निरीक्षण में 29 ही मिले

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर के पैगा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अनियमितताओं की शिकायत पर भाजपा ग्रमीण मंडल के महामंत्री ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में कई अनियमितताएं सामने आईं। इस पर भाजपा नेता ने जिला शिक्षाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई करने की मांग की।

शनिवार को भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री तेजपाल सिंह ने पैगा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रशासन ने मिड डे मील के लिए 38 बच्चों को पंजीकृत किया है, लेकिन मौके पर 29 बच्चे ही उपस्थित मिले। आरोप लगाया कि कक्षाओं में बच्चों को नहीं पढ़ाया जा रहा है। साथ ही अध्यापक रजिस्ट्रर में एंट्री के बाद विद्यालय में मौजूद नहीं रहते हैं। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पैगा प्राथमिक विद्यालय में अनियमितताओं को लेकर एक शिकायती पत्र मिला है। शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पैगा प्राथमिक विद्यालय की कक्षाओं में बिना अध्यापक के बैठे बच्चे। ● अमृत विचार

विधवा ने लगाया शारीरिक शोषण करने का आरोप

खटीमा: एक विधवा महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में एक युवक पर शादी का झांसा देकर 11 साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है।

एक गांव की विधवा ने सत्रहमील चौकी पर तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु के उपरांत एक व्यक्ति ने उसे प्रेम जाल में फंसा हिन्दू रीति रिवाज और स्टाम्प पेपर पर लिखित रूप से हरिद्वार में शादी कर ली और पिछले 11 साल से शारीरिक शोषण करता रहा। अब उसने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके बच्चे न हो इसके लिए वह उसे जबरदस्ती गर्भ निरोधक दवाइयां खिलाता था। इतना ही नहीं परिवार के सदस्यों ने पीड़िता को लाठी, डंडों से मारपीट की।

मोहर्रम को शांतिपूर्वक मनाने की अपील

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: पुलिस की ओर से कोतवाली में आयोजित बैठक में मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की गई।

बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने नगर में सफाई किए जाने, दुकानदारों द्वारा जुलूस के मार्गों पर सामान बाहर न लगाने व जुलूस के दौरान मुख्य बाजार में वाहनों की आवाजाही पर तथा विद्युत कटौती पर रोक लगाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने कहा कि ताजियों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न रखी जाए। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने अखाड़े के दौरान ट्यूबलाइटें व पटाखे आदि न फोड़ने की हिदायत दी। इस मौके पर नायब तहसीलदार भुवन चंद आर्य, एसएसआई राजेश पांडेय, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष साजिद हुसैन, शकील अहमद, सईद अहमद, सुल्तान भारती मौजूद रहे।

जसपुर थाने में बैठक में भाग लेते पुलिस अधिकारी व मोहर्रम कमेटी के सदस्य।

मोहर्रम पर झांकी सजाने की तैयारी शुरू

जसपुर : मोहर्रम पर जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह स्थित सक्कों वाली मस्जिद के मुख्य द्वार के पास 40 वर्षों से भी ज्यादा पुराने समय से कर्बला मैदान की झांकी सजाने की पुरानी परंपरा चली आ रही है। पिछले वर्षों की भांति यहां कर्बला मैदान की झांकी सजाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। शनिवार को कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कर्बला मैदान की झांकी का ढांचा तैयार करना शुरू कर दिया है। इस मौके पर कमेटी के सदर मोहम्मद वसीम, मुजाहिद, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद जीशान, समीर खान, शाहरुख, शाकिब, आसिम, आलम व आसिफ आदि मौजूद रहे।

चोरी की दो बाइकों के साथ युवक गिरफ्तार

बाजपुर: पुलिस ने बन्नाखेड़ा व केलाखेड़ा क्षेत्र से चोरी गईं दो बाइकों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शनिवार को एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि पिछले दिनों खेत पर गए किसान की बाइक चोरी हो गई थी। इस मामले में बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विक्रम सिंह धामी की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुमसानी निवासी गौतम को पकड़ लिया। आरोपित के कब्जे से चोरी गई किसान की बाइक बरामद हुई। इसके अलावा आरोपी की निशानदेही पर केलाखेड़ा थाना क्षेत्र से चोरी गई एक अन्य बाइक भी बरामद की गई।

पहल | केंद्रीय भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान ने तैयार की डीपीआर

छह तालाबों का किया जाएगा जीर्णोद्धार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर में लगातार घट रहे जल स्तर को देखते हुए लघु सिंचाई विभाग जल्द विकासखंड जसपुर, काशीपुर और सितारगंज में छह तालाबों की मरम्मत के साथ जीर्णोद्धार कराने जा रहा है। केंद्रीय भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून ने डीपीआर तैयार कर ली है। जल्द इसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसकी स्वीकृति मिलते ही तालाबों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

दरअसल, जलवायु परिवर्तन के साथ ही बढ़ते शहरीकरण के चलते तराई का भू-जल स्तर घटता जा रहा है। साथ ही प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखते जा रहे हैं या उन पर अतिक्रमण किया जा चुका है। लघु सिंचाई विभाग को ये तालाब मिलने के बाद अब प्रधानमंत्री कृषि एवं सिंचाई योजना (हर खेत को पानी) के तहत इन तालाबों की मरम्मत के साथ जीर्णोद्धार करने जा रहा है। इसके लिए विगत दिनों संस्थान की तीन सदस्यों की विशेषज्ञ समिति ऊधमसिंह नगर पहुंची थी। यहां उन्होंने तालाबों का निरीक्षण किया और मिट्टी की जांच करेगी। इसके बाद डीपीआर तैयार की अब इसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन निर्माण से गिरते भू-जल स्तर में सुधार होगा और किसानों की पानी की समस्या दूर होगी। किसान तालाब के पानी का प्रयोग खेतों में सिंचाई के लिए भी कर सकते हैं। इसके अलावा तालाब के चारों ओर जाली लगाकर फुटपाथ भी बनाया जाएगा और लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां भी लगायी जाएंगी। तालाब के चारों ओर छायादार पौधे के साथ फूल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा मत्स्य पालन का कार्य भी कराया जाएगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

> विकासखंड जसपुर, काशीपुर और सितारगंज में छह तालाबों की मरम्मत के साथ जीर्णोद्धार का काम होना है। इसके लिए विगत दिनों केंद्रीय भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून की विशेषज्ञ समिति यहां पहुंची थी। निरीक्षण के बाद टीम ने डीपीआर तैयार कर ली है। जल्द ही इसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही इन तालाबों को निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> **-सुशील कुमार**, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, ऊधमसिंह नगर

देवभूमि पर्वतीय महासभा फिर से होगी एकजुट

काशीपुर : देवभूमि पर्वतीय महासभा एक बार फिर एकजुट होगी। इसके लिए महासभा के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही महासभा के चुनाव होंगे। वहीं डीएम ने नायब तहसीलदार को चुनाव अधिकारी नामित किया है। चुनाव अधिकारी ने महासभा के पदाधिकारियों को पत्र भेजकर वर्तमान समिति की बैठक उनकी उपस्थिति में प्रस्तावित कर समय और स्थान की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को तत्कालीन महासभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जीना ने महासभा के पंजीकरण नवीनीकरण के लिये उप निबंधक, फर्म, सोसाइटी एवं चिट्स में वर्ष 2015 से वर्ष 2021 तथा प्रबंध कार्यकारिणी की सूची प्रस्तुत की थी। उधर, प्रदीप जोशी आदि ने शिकायती पत्र प्रस्तुत कर समिति अध्यक्ष पर मनमाने ढंग से सदस्य बनाकर चुनाव कराने का आरोप लगाया था। जिस पर काफी लंबे समय तक विवाद रहा। जिसके निस्तारण के लिये विहित प्राधिकारी/एसडीएम को पत्रावली भेजी गई थी।

शहीद पांच जवानों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, गूलरभोज

अमृत विचार: जनप्रतिनिधि, व्यापारी व पूर्व सैनिक गल्ला मंडी गोदाम में एकत्र हुए। यहां से कैंडल मार्च निकालकर मेन बाजार होते हुए शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस दौरान भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे व पाकिस्तान मुरादाबाद के नारे लगाए। तत्पश्चात शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

शनिवार को व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व पूर्व सैनिकों ने भारतीय सेना की 22 गढ़वाल राइफल के अमर जवान नायक सूबेदार आनंद सिंह रावत, हवलदार कमल सिंह, नायक विनोद सिंह, राइफल मैन अनुज नेगी व आदर्श नेगी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, भाजपा नगराध्यक्ष तरुण दुबे, पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, समाजसेवी संजीव भटेजा, सतीश चुघ, कैलाश पाठक, ओमप्रकाश डोगरा, हरीश छाबड़ा, अमित कुमार गुप्ता, विजय कुमार, इंदर सिंह राठौर, जीवन गुरुरानी, आशीष नेगी, बिट्टू यादव, संजीव कुमार गुप्ता, आनंद सिंह पानू, किशोर सावंत, सुमित बैरागी, गिरीश दुबे, रामकिशन दहूजा, अशोक वर्मा, रमेश सागर, हरेंद्र तोमर, लच्छू गिरी, मोहन सिंह पवार आदि मौजूद थे।

गूलरभोज में शहीद जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

पौधरोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते एनसीसी के अधिकारी और कैडेट्स।

हरेला पर एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण

पंतनगर : वन यूके आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के कैडेटों ने हरेला और विजय दिवस के 25 साल पूरे होने पर शनिवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया। कैडेटों ने बीवीएससी और एएच की चल रही अंतिम परीक्षाओं से समय निकालकर इस महत्वपूर्ण अभियान में भाग लिया। 100 से अधिक कैडेटों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत 100 पौधे लगाए। कैडेटों ने इन पौधों का नामकरण कारगिल युद्ध के वीर सपूतों के नाम पर किया।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महुआडाबरा में सम्मेलन में भाग लेते अभिभावक।

अभिभावक सम्मेलन में दिए गए सुझाव

जसपुर : रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महुआडाबरा में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता रामशरण सिंह ने की व संचालन परवेंद्र सिंह व कृष्णा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रबंधक मदनपाल सिंह, कोषाध्यक्ष पृथ्वी सिंह गहलौत व प्रधानाचार्य नरेश कुमार चौहान ने अभिभावकों से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इनमें बच्चों के विकास में माता की भूमिका, बच्चों के संतुलित आहार की आवश्यकता, मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग, विद्यालय के विकास में अभिभावक की भूमिका आदि पर चर्चा की गई। अभिभावक राजेंद्र सिंह, कपिल कुमार, अवनीश, सुनीता, अर्चना व आंचल ने तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, संस्कृति युक्त शिक्षा और न्यू क्विज बेस शिक्षा पर जोर देने का सुझाव दिया।

खटीमा में स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

जंगल जोगीठेर में लगा स्वास्थ्य शिविर

खटीमा : नागरिक चिकित्सालय से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ. शैलजा पाण्डेय ने जंगल जोगीठेर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय और आगनबाड़ी केंद्र में डायरिया पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत सभी बच्चों को जागरूक किया गया। इसमें बच्चों को हाथ धोने तरीके बताए, साफ सफाई की जानकारी दी। साथ ही नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच के बाद दवा वितरण किया गया। डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया के लक्षण बताए गए। इस दौरान विद्यालय परिवार और आगनवाड़ी सहायिका अभिलाषा, बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में किसानों को जानकारी देते निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा।

पंत विवि में उन्नत पशुपालन पर दिया प्रशिक्षण

पंतनगर : जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय में समेटी और प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से 'उन्नत पशुपालन और दुधारू पशुओं के प्रबंधन' पर प्रशिक्षण दिया गया। निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने कहा कि पशुपालन एक ऐसा व्यवसाय है, जिससे किसान अपनी आय में दो से चार गुना तक वृद्धि कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष पशुधन उत्पादन डॉ. आरके शर्मा ने कहा कि उन्नत पशुपालन प्रबंधन से न सिर्फ पशुओं से दूध की मात्रा में बढ़ोत्तरी बल्कि पर्याप्त गोबर खाद की उपलब्धता से जैविक खेती की राह पर चला जा सकता है। समेटी समन्वयक डॉ. बीडी सिंह ने समेटी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों और प्रशिक्षणों की रूपरेखा के बारे में बताया। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 53 विभागीय अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

बालक का मेडिकल कॉलेज में सफल ऑपरेशन

रुद्रपुर : राजकीय मेडिकल कॉलेज में विगत दिवस पिथौरागढ़ के एक सात वर्ष के बालक का जटिल ऑपरेशन किया गया। जो आंतों की जन्मजात विकृति से पीड़ित था। मेडिकल कॉलेज में बालक का सफल ऑपरेशन होने के बाद छुट्टी दे दी गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएस शाही ने बताया कि पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज में पिथौरागढ़ निवासी सात वर्षीय बालक आया था जो भ्रूण विकास के दौरान बनने वाली दुर्लभ जन्मजात विकृति एंटेरिक डुप्लीकेशन सिस्ट से पीड़ित था। इससे पेट में दर्द होने के साथ ही उसके पेट में सूजन आने लगी थी। कई अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

शारदा नहर के टूटे तटबंध का जायजा लेने पहुंचे डीएम

लोहियाहेड गेस्ट हाउस में डीएम ने बैठक कर विभागीय अधिकारियों को दिए नुकसान के आंकलन और सुविधा मुहैया कराने के निर्देश

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने लोहियाहेड गेस्ट हाउस में खटीमा में विगत दिनों में आई बाढ़ आपदा से राहत एवं बचाव कार्यों की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को बाढ़ से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जमा सिल्ट और मलबे को शीघ्र हटवाने के निर्देश दिए।

डीएम सिंह ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को भविष्य में जलभराव की स्थिति न बने इसके लिए ड्रेनेज की सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि समय से कार्य हो सके। उन्होंने लोनिवि को क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों का आंकलन कर रिपोर्ट देने को कहा। वहीं पूर्ति विभाग को बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और ड्राई राशन वितरण करते रहने को कहा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से पशु हानि का आंकलन करने और जल संस्थान से उनके पानी की व्यवस्था करने और पेयजल व्यवस्था को दुरस्त करें। उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी से फसलों की क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट देने, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से जल भराव की समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने नगला तराई में बाढ़ के कारण टूटी शारदा नहर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उप महाप्रबंधक यूजेवीएनएल लोहियाहेड एवं अधिशासी अभियंता हेड वर्क बरेली को निर्देश दिए कि नहर के तटबंध को ठीक करने के बाद ही विद्युत उत्पादन हेतु नहर में पानी छोड़ें। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी खटीमा व सितारगंज को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता राशि वितरित कराएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, रविन्द्र जुवाठा, अधिशासी अभियंता हेड वर्क खण्ड बरेली राजीव कुमार सिंह, महाप्रबंधक रामगंगा एवं शारदा वैली यूजेवीएनएल लोहियाहेड महकार सिंह, उपमहाप्रबंधक लोहियाहेड यूजेवीएनएल पुनीत कुमार, अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसबी पाण्डे, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता सिंचाई एएस नेगी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान अजय कुमार, मुख्य चिकितसाधिकारी डॉ मनोज शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ एके वर्मा, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र धामी आदि उपस्थित थे।

खटीमा में बाढ़ से टूटी शारदा नहर के तटबंध का जायजा लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

खटीमा में बाढ़ से भीगे कपड़ों की सेल पर उमड़े खरीदार। ● अमृत विचार

कपड़े खराब होने की आशंका पर व्यापारियों ने लगाई सेल

खटीमा : बाढ़ के चलते नगर की दुकानों में पानी घुस जाने से व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। पानी में भीगने से कपड़ों के खराब होने की आशंका पर व्यापारियों ने ब्रांडेड कपड़ों की भारी छूट के साथ सेल लगा दी है। नगर के कई व्यापारियों ने बारिश में भीगे कपड़ों को कम मूल्य में बेचने के लिए शनिवार को सेल लगा दी। पानी में भीगे कपड़ों के मूल्य 50 प्रतिशत कम कर दिए हैं। सेल में कपड़े, शूट, पर्दे, चादर आदि की लोग खूब खरीददारी कर रहे हैं। इसके चलते टनकपुर मार्ग के बाजार में काफी भीड़भाड़ रही। व्यापारियों ने कहा कि बाढ़ में कपड़े भीग गए थे। यदि कपड़े को शीघ्र नहीं बेचा गया तो यह खराब हो सकते हैं।

आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: इंस्टाग्राम पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध आपत्तिनजक टिप्पणी करते हुए वीडियो अपलोड करने से समाज के लोगों में रोष है। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे ब्राह्मण सभा से जुड़े समाज के लोगों ने लिखित शिकायती पत्र सौंपते हुए नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

शनिवार को ब्राह्मण महासभा से जुड़े समाज के लोग काफी संख्या में एकत्र होकर कोतवाली जा पहुंचे और वहां मौजूद एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल से मुलाकात कर लिखित शिकायती पत्र सौंपा। उनका कहना था कि 11 जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक युवक की आईडी से कुछ युवकों द्वारा लाइव वीडियो वायरल की गई है जिसमें ब्राह्मण समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इस वीडियो में ब्राह्मण समाज व अनुसूचित जाति, जनजाति के युवकों को देखते ही मार देने की बात कही जा रही है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्षता से जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विजय शर्मा, मुकुंद शुक्ला, शशिकांत कौशिक, बीडी मिश्रा, अमित शर्मा, राहुल शर्मा, अविनाश दीक्षित, अरुन शर्मा उर्फ कालिया, पं.शुभम शर्मा, विमल शर्मा, दीपक, कुलदीप, गोपाल आदि मौजूद रहे।

बाजपुर कोतवाली में एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल से शिकायत करते लोग।

बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. शर्मा। ● अमृत विचार

गांव की संस्कृति नहीं बची तो देश कैसे बचेगा: शर्मा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एकल अभियान उत्तराखंड संभाग के समिति एवं सेवाब्रतियों की बैठक रुद्रपुर में आयोजित हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एकल अभियान जन-जन का अभियान बने इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करना चाहिए।

सिटी क्लब में कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. लल्लन शर्मा ने कहा कि भारत माता ग्राम वासिनी है, भारत की आत्मा गांव में बसती है। भारतीय संस्कृति का संरक्षण करने का काम किसी ने किया है तो वो गांव है, ग्रामवासी हैं। यदि गांव और गांव की संस्कृति नहीं बची तो देश कैसे बचेगा। इसी कार्य के लिए एकल अभियान संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत वर्ष के एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय संचालित हैं।

संभाग अध्यक्ष हरीश बजाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री स्नेह पाल सिंह, भारत भूषण चुघ मौजूद रहे।

घर में घुसकर की अभद्रता, रिपोर्ट

बाजपुर: समुदाय विशेष के युवकों पर रंजिशन घर में घुसकर गाली-गलौज, अभद्रता करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपियों ने इंटरनेट पर लाइव वीडियो वायरल कर जाति एवं धर्म को इंगित करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। विहिप नेता यशपाल राजहंस की अगुवाई में कोतवाली पहुंचे पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर पूछताछ के लिए दो युवकों को हिरासत में ले लिया है।

ग्राम मुंडिया कलां निवासी अर्चना भारद्वाज पत्नी आशीष भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई को गांव के ही शम्मी, नईम, मुनासिब अपने 3-4 अन्य साथियों के साथ जबरन घर में घुस गए और गाली-गलौज व जान से मारने धमकी दी। इतना ही नहीं अभद्रता व अश्लील हरकतें भी की गईं। ग्रामीणों को आता देख आरोपी भाग गए।

बेनी नदी में डूबकर गई अधेड़ की जान

संवाददाता, किच्छा

- शुक्रवार की सुबह घर से निकला था मछली पकड़ने
- मछली के जाल में फंसा मिला लापता अधेड़ का शव

अमृत विचार : मछली पकड़ने गया अधेड़ की बेनी नदी में डूबकर मौत हो गई। वृद्ध का शव मछली पकड़ने वाले जाल में फंसा मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह हल्द्वानी मार्ग पर खुरपिया गेट के निकट निवासी 55 वर्षीय पातीराम मछली पकड़ने के लिए काली मंदिर के पीछे बेनी नदी पर गया था। शाम तक पातीराम के घर वापस नहीं लौटने के बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस टीम ने जब नदी किनारे उसकी तलाश की तो लापता पातीराम के कपड़े नदी किनारे से बरामद हो गए। काफी खोजबीन के बाद शनिवार की दोपहर पातीराम का शव नदी में मछली पकड़ने वाले जाल फंसा हुआ मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि नदी में बहने के दौरान पातीराम जाल में फंस गया होगा और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पातीराम के शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

वर्ग पहेली-130

बाएं से दाएं

1. छिछला, उथला, कम गहरा।
3. दे. मंझोला।
4. हलवाई।
6. 1. पाला-पोसा हुआ 2. पाला जाने वाला
7. 1. गीलापन दूर होना 2. जलहीन होना, जल न रहना 3. रस आदि से रहित होना 4. उदास होना 5. रोग
8. 1. घोड़े या गधे के पैर का निचला भाग जो ज़मीन पर पड़ता है, सुम 2. घोड़े के चलने पर उसके सुम से होने वाली आवाज़ 3. किसी खंभे या चारपाई के पाए का ज़मीन पर टिका हुआ भाग 4. मुरगियों को बंद करके रखने का टोकरा या खांचा।

ऊपर से नीचे

2. स्फटिक, रवा, (क्रिस्टल)।
3. जो कत्ल कर डाला गया हो।
5. ज़ोर से हंसने की ध्वनि, तीव्र हंसी का स्वर 2. हीनता या तुच्छता को प्रदर्शित करते हुए हंसना। (मु.) -करना: निर्लज्जतापूर्वक हंसना।
6. 1. विष्ठा, मल 2. गंदी और त्याज्य वस्तु।



वर्ग पहेली -129 का हल

	1 घा	घ			
2 च			3 ब	ख	री
ट			ल		
4 प	छ	ता	वा		5 अ
टा			ई		बा
	6 व				दा
7 पों	लि	टी	शि	य	न

सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			9			2		
	8		5		7			4
	1			6	2			7
		1	2		8	9		6
	9						5	
6		4	3		9	7		
5			6	7			1	
3			1		4		8	
		9			5			

सुडोकू -42 का हल

4	6	2	8	1	3	7	9	5
8	7	3	5	9	6	1	2	4
5	9	1	7	4	2	6	8	3
2	3	7	6	8	9	4	5	1
1	5	8	2	7	4	3	6	9
9	4	6	3	5	1	2	7	8
6	1	4	9	2	5	8	3	7
7	2	5	1	3	8	9	4	6
3	8	9	4	6	7	5	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 17 .25 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 22 .06 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध रूप से कार्य संचालन करना शुभ रहेगा। साझेदारी के रूप में व्यापार करने के योग बन सकते हैं। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को अपने सहयोगियों के साथ तालमेल युक्त व्यवहार करने से नई आशा की किरण जागेगी।

वृष — आज नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरों के द्वारा परेशानियां बढ़ सकती हैं। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने व्यवहार में अधिक सकारात्मकता लाने की कोशिश करनी चाहिए।

मिथुन — आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति प्राप्त होगी। रोजगार की तलाश पूरी होगी। विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

कर्क — आज सरकारी नौकरी में संलग्न लोगों को पदोन्नति मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय करने वाले लोगों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

सिंह — आज कोर्ट-कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। किसी पुराने विवाद से छुटकारा मिलेगा। संतान की ओर से अपेक्षित सुख सहयोग प्राप्त होगा। नवीन उद्योग अथवा व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी।

कन्या — आज आपको धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोई महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है।

तुला — आज व्यापार में अपनी सूझबूझ से कोई बड़ी सफलता हासिल करेंगे। बौद्धिक कार्यों में लोगों को सरकार से लाभ प्राप्त होगा। खेल, प्रतियोगिता में आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। परिवार में आपके निर्णय की सराहना होगी।

वृश्चिक — आज नौकरी में अधीनस्थ व उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। बौद्धिक कार्य को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग के सानिध्य मिलेगा। समाज में आपके उज्ज्वल चरित्र के प्रशंसा चारों तरफ होगी।

धनु — आज शत्रु गुप्त नीति से हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। आप अपनी बुद्धि से परिश्रम से कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा।

मकर — आज लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यवसाय करने वाले लोगों को व्यर्थ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नीतिगत रूप से निर्णय लेने से लाभ की संभावनाएं रहेंगी। अपनी व्यक्तित्व समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी।

कुंभ — आज भूमि के कार्य में संलग्न लोगों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्य योजना का विरोधियों के सामने खुलासा न करें। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

मीन — आज नवीन व्यवसाय करने की कार्य योजना बनेगी। बनते-बनते कार्यों में बाधा आ सकती हैं। अत: सजगता पूर्वक कार्य करें। विरोधी पक्ष की गतिविधियों पर ध्यान रखें, वह हानि पहुंचा सकते हैं। सत्ता शासन में बैठे किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से घनिष्ठता बढ़ेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन — सुबह : 10 .43
क्रांति — रात : 07 .00

&pictures
फुकरे 3 — सुबह : 11 .13
बधाई दो — रात : 08 .00

SONY PIX
अनचार्टेड — सुबह : 11 .09
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
रक्षाबंधन — दोपहर : 12 .00
आरआरआर — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
बू — सुबह : 10 .30
दृश्यम 2 — शाम : 05 .32

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक कंजूस लड़के को कंजूस लड़की से प्यार हो गया।
लड़की- जब पिताजी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी। तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना लड़की सिक्का फेंकती है, पर लड़का ऊपर नहीं आता एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का-अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था।
लड़की-अरे पागल वो तो धागा बांधकर फेंका था। वापिस खींच-खींच लिया।

पत्नी मायके से वापिस आई तो उसका पति जोर-जोर से हंसने लगा।
पत्नी- ऐसे क्यों हंस रहे हो?
पति- बुजुर्गों ने कहा है जब भी मुसीबत को देखो उसका सामना हंसते हुए करो।

बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में जीत पर अल्मोड़ा में जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

रानीखेत में मंगलौर व बद्रीनाथ उप चुनाव में कांग्रेस की जीत पर खुशी मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

बद्रीनाथ व मंगलौर में जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर जमकर की आतिशबाजी, कांग्रेस को जनता के असल मुद्दों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी बताया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस ने जमकर जश्न मनाया। शनिवार को पार्टी कार्यकर्ता यहां मालरोड स्थित चौघानपाटा में एकत्र हुए। जहां उन्होंने दोनों सीट सीट में कांग्रेस की जीत पर मिष्ठान वितरित कर जमकर आतिशबाजी की।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने कहा कि दोनों विधानसभाओं की जनता ने धर्म का व्यापार करने वाली भाजपा को करारा जवाब दिया हैं। कहा कि देश की जनता के असल मुद्दों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी कांग्रेस है, और कांग्रेस की जीत इस बात का प्रमाण हैं। यहां जश्न मनाने वालों में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, दीपक कुमार, संजू सिंह, दीपा साह, शोभा जोशी, गीता मेहरा, पीताम्बर पांडे, विनोद वैष्णव, निर्मल रावत, महेश आर्य, एनडी पांडे, गोविंद प्रसाद, विक्रम बिष्ट, रविंद्र कुमार, धीरा तिवारी, गोविंद मेहरा, वैभव पांडे, दिनेश पिलकवाल, कमल बिष्ट, बाल विक्रम सिंह रावत, राहुल खोलिया, देव सिंह कनवाल, मनोज बिष्ट, ललित सतवाल, रोहित रौतेला आदि मौजूद रहे।

इधर, कांग्रेस की भारी जीत पर पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने कहा कि आज जनता भाजपा सरकार के झूठे वादे और अवरुद्ध विकास से त्रस्त हो चुकी है। जिसका उदाहरण आज मंगलौर और बद्रीनाथ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की भारी जीत है। यहां अमर बोरा, सुधीर कुमार, हिमांशु कनवाल, कृष्णा चिलवाल, भूमित कनवाल, प्रियांशु कनवाल, मनोज कुमार, धीरज कुमार, भूपेंद्र भोज, प्रकाश सिंह मेहता रहे।

एसबीआई तिराहे पर खुशी मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

मंगलौर व बद्रीनाथ सीट जीतने पर कांग्रेस ने की आतिशबाजी

बागेश्वर : प्रदेश की मंगलौर व बद्रीनाथ विधानसभा में हुए उपचुनावों में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई तिराहे पर मिष्ठान वितरित किया तथा आतिशबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा का पाप का घड़ा भर चुका है तथा जनता अन्याय के खिलाफ खड़ी हो गई है। दोनों सीटें जीतने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने एकदूसरे को बधाईदी। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि भाजपा के पाप का घड़ा भर चुका है तथा इस परिणाम से साफ हो गया है कि आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में भी कांग्रेस सत्ता में आएगी। जिला महामंत्री कवि जोशी ने कहा कि भाजपा को उपचुनाव में जनता ने सबक सिखाया है। इस दौरान पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र टंगणियां, गीता रावल, इंद्रा पांडे, किशन गोस्वामी, राजेंद्र परिहार, किशन गिरी, भगत रावल, गोकुल परिहार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विस उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसियों में खुशी

संवादाता, रानीखेत

आतिशबाजी
- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी
- कार्यकर्ताओं ने पाटी के पक्ष में की नारेबाजी

अमृत विचार : बद्रीनाथ में कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुलोटा एवं मंगलौर में कांग्रेस प्रत्याशी काजी निज़ामुद्दीन की जीत से खुश कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, पीसीसी सदस्य कैलाश पाण्डेय, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा साह माहरा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, चिलियानौला अध्यक्ष कमलेश बोरा, व्यापार मंडल उपसचिव विनीत चौरसिया, पंकज गुरुरानी, प्रमोद कुमार, अगस्त लाल साह, वसीम कुरैशी, हबीब अहमद, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि चंदन सिंह बिष्ट, यूथ अध्यक्ष अंकिता पंत, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दकी, हेमंत सिंह बिष्ट, दीप उपाध्याय, त्रिलोक आर्या, सुरेंद्र पवार, जीतू जायल, विपिन कड़ाकोटी, हिमांशु नैनवाल, संदीप बंसल आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय युवा नेतृत्व शिविर में भाग लेने जन्मेजय

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा के जन्मेजय तिवारी नॉर्थ मैसिडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा नेतृत्व शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हो गए हैं। आयोजित शिविर में दुनिया के प्रमुख युवा संगठनों और नेतृत्वकारी युवाओं के बीच आपसी समन्वय एवं नीतिगत परिवर्तन के आधारों पर विचार-विमर्श प्रस्तावित है। शिविर में युवाओं को आज की चुनौतियों और जटिलताओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए हित समूहों के बीच समन्वय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जटिल मुद्दों की पैरवी और युवाओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए तैयार करने पर चर्चा होगी। पूर्व में जन्मेजय जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक सम्मेलन में भी हिस्सा ले चुके हैं।

आपदा से निपटने को किया मॉकड्रिल

अल्मोड़ा : रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को हवालबाग क्षेत्र में मॉकड्रिल किया गया। आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। कैसे बचाव कार्य किया जाता है इसके गुर सिखाए गए। यहां सीएमओ डॉ. आरसी पंत, एसीएमओ डॉ. दीपांकर डेनियल, रेडक्रॉस अध्यक्ष मनोज सनवाल, ललित मोहन जोशी, डॉ. जेसी दुर्गापाल, डॉ. रंजन तिवारी आदि रहे।

एलएलबी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 से

अल्मोड़ा : एसएसजे की ओर से एलएलबी छठे सेमेस्टर की परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वि वि की ओर से जारी समय सारिणी के मुताबिक परीक्षाएं 23 जुलाई से शुरू होंगी और 29 जुलाई तक चलेंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सामंत ने बताया कि छात्र-छात्राएं विवि की वेबसाइट पर परीक्षा की समय सारिणी देख सकते हैं।

अल्मोड़ा में गुम हुआ मोबाइल उसके मालिक को लौटाते एसएसपी।

अल्मोड़ा पुलिस ने 13 लाख के गुम हुए मोबाइल लौटाए

अल्मोड़ा : मोबाइल खोने संबंधित शिकायतों को पर कार्यवाही करते हुए अल्मोड़ा पुलिस और साइबर सेल 13 लाख कीमत के 65 मोबाइल बरामद कर किए हैं। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मोबाइल स्वामियों को गुम हुए मोबाइल को उनके सुपुर्द किया। पुलिस उपाधीक्षक के कुशल नेतृत्व में साइबर सेल अल्मोड़ा व थाना पुलिस टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खोये हुए करीब 13 लाख रुपए की कीमत के 65 मोबाइल फोन अलग अलग कंपनी के बरामद किए हैं। शनिवार को बरामद मोबाइल पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए गए। शिकायतकर्ताओं को उनके कीमती मोबाइल मिल जाने से चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दी। उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। यहां साइबर सेल टीम में प्रभारी साइबर सेल एसआइ कुमकुम धानिक, चंद्र मोहन पांडे, मुदित वर्मा, फिरोज खान, बलवंत प्रसाद, इंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

शिवराज कपकोटी बने पीटीए के अध्यक्ष

अल्मोड़ा : अटल उत्कृष्ट राइंका में शुक्रवार को पीटीए और एसएमसी का गठन किया गया। पीटीए में शिवराज कपकोटी अध्यक्ष, प्रधानाचार्य राजेश बिष्ट उपाध्यक्ष, डॉ. गोविंद रावत सचिव, दयानंद कठैत व प्रेमा कनवाल संरक्षक मंडल, केडी गुणवंत, अख्तर हुसैन, निशा अग्निहोत्री, डॉ. प्रेरणा गुरुरानी, दीपक पांडे, आशुतोष शाह, मदन भंडारी, तारा त्रिपाठी आदि सदस्य चुनी गईं। यहां आरपी पंत, हरीश चंद्र भट्ट, डॉ. राजेंद्र रावत, मयंक तिवारी, तरुण आदि रहे।

रानीखेत महाविद्यालय में किया पौधरोपण

रानीखेत : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य, नगरपालिका ईओ प्रवीण कुमार सक्सेना ने काफल व दाड़िम के पौधे रोपकर किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में तेजपत्ता, अनार, काफल, बांस, बांज, इमली, उत्तीस, रिंगाल, जामुन, हाइड्रोनजिया आदि के 150 पौधे रोपे गए। पौधों की व्यवस्था नगरपालिका ने की। यहां ईओ पंकज कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. पारुल भारद्वाज, डॉ. कमला, सुचेतना सुपरवाइजर दीपा आर्या, प्रशांत, अजय, सुचेतना एनजीओ से मंजू व निधि रहे।

मांगों को लेकर पदयात्रा निकाली, धरना रहा जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: रानीधारा सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच की मांग को लेकर धरना जारी है। शनिवार को 23 वें दिन भी स्थानीय लोग मांगों के निराकरण को लेकर पदयात्रा निकाली। इस दौरान शासन प्रशासन से जल्द स्थानीय लोगों की दो सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस मौके पर पद यात्रा के दौरान रानीधारा वासियों के घर-घर जाकर लोगों को दो सूत्रीय मागों को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि रानीधारा लिंक रोड के निर्माण में संघर्ष समिति के निरंतर दबाव का ही नतीजा है, कि कार्यदायी संस्थाओं को इस मांग के लिए एक करोड़ से अधिक की निविदा जारी करनी पड़ी। कहा कि नगर वासी सीवर लाइन निर्माण कार्य की एसआईटी जांच की मांग उठे रहे है। चेतावनी दी कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक लोग धरना प्रदर्शन पर अडिग रहेंगे। इस दौरान विनय किरौला, दीप चंद्र पांडे, आनंद सिंह बिष्ट, नरेंद्र सिंह नेगी, गीता पंत, शम्भू दत्त बिष्ट, सुधा उप्रेती, भगवती जोशी, सुनीता पांडे, गीता पांडे, नीमा पंत, ज्योति पांडे, दीपा बिष्ट, तनुजा पंत, मनीषा पंत, पवन पंत, मीनू पंत, हंसी रावत, मुन्नी बिष्ट, नीरजा चौहान, पूनम जोशी, सुशीला बिष्ट, कमला दरम्वाल, उमा अलमिया, भगवती डोगरा, कमला बिष्ट, कलावती भाकुनी, माया बिष्ट आदि रहे।

रानीधारा वासियों ने शनिवार को दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को पदयात्रा निकाली।

ड्रेनेज सिस्टम शीघ्र दुरुस्त करने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं समेत नगर के बदहाल ड्रेनेज सिस्टम पर चिंता जताई। साथ ही बिजली बिलों में वृद्धि का विरोध जताते हुए वापस लेने की मांग की।

नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर के रानीधारा लिंक मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रही है। उन्होंने रानीधारा मार्ग का जल्द सुधारीकरण करने, बिजली और पानी के बिलों में बढ़ोत्तरी को वापस लेने, नगर की मालरोड में ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने, नगर पालिका की ओर से संचालित सिटी बस का किराया कम करने, जाखन देवी-लोवर माल रोड के पैदल मार्ग को ठीक करने समेत तमाम समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

बैठक में राजेंद्र प्रसाद जोशी, एएस कार्की, एमडी काण्डपाल, गंगा सिंह फर्त्याल, मदन सिंह मटेला, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, महेश चंद्र आर्या, नवीन चंद्र जोशी, नारायण दत्त पांडे, दीवान सिंह, मनोहर सिंह नेगी, चंद्रशेखर सिंह सिराड़ी, एनबी साह, मोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका सभागार में शनिवार को बैठक में मौजूद सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी।

एबीवीपी ने प्राचार्य का पुतला फूंका

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: टनकपुर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य पर छात्र हितों की अनदेखी करने और छात्रा से दुर्व्यवहार के आरोपी प्राध्यापक का संरक्षण करने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं और छात्रों ने शनिवार को प्राचार्य का पुतला दहन किया। इस दौरान संविदा प्राध्यापकों और उपनल कर्मियों ने भी प्राचार्य पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर महाविद्यालय परिसर में धरने पर बैठे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि प्राध्यापक एमएस चौहान पर छात्रा से दुर्व्यवहार का आरोप होने के बाद भी प्राचार्य उन्हें संरक्षण दे रही हैं। कहा कि स्नातक स्तर पर सीटें नहीं बढ़ाई जा रही हैं। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांगें नहीं मानी गई तो वह आंदोलन तेज करेंगे। धरना- प्रदर्शन में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, रजत त्रिपाठी, मनीष बिष्ट, हर्षित शर्मा, सुमित बोहरा, सनी यादव, खुशी चन्द, सौरभ पाण्डेय रहे।

टनकपुर महाविद्यालय में प्राचार्य का पुतला फूंकते एबीवीपी कार्यकर्ता।

अल्मोड़ा में अहिप प्रांत अध्यक्ष का स्वागत

अल्मोड़ा : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की ओर से शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने अल्मोड़ा पहुंचने पर नव नियुक्त प्रांत अध्यक्ष कृष्णा कांडपाल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नव नियुक्त प्रांत अध्यक्ष ने उन्हें दायित्व मिलने पर नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वहीं संगठन के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र अधिकारी ने बताया कि जले के सभी तहसीलों व ब्लाकों में संगठन का विस्तार कर 300 समितियों का निर्माण किया जाएगा। यहां बजरंग दल जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह बिष्ट, संगठन जिलाध्यक्ष अजय जोशी, सागर बिष्ट, सागर भोज, गौरव साह, राहुल बिष्ट, दया किशन रहे।

प्रतिभागी खिलाड़ियों का परिचय लेते संकुल खेल समन्वक मनमोहन देव।

इंटर कॉलेज खिरखेत में खेल प्रतियोगिता शुरू

रानीखेत : ताड़ीखेत के इंटर कॉलेज खिरखेत में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत न्याय पंचायत पंतकोटली के लिए प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने किया। प्रतियोगिता में खिरखेत इंटर कॉलेज, राउमावि चिलियानौला, प्रिपेट्रीरी पब्लिक स्कूल छलोड़ी, राउमावि खिरखेत, राप्रावि पंतकोटली, आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों को 1500 रुपया प्रतिमाह दिया जाना है। इस अवसर पर संकुल खेल समन्वयक मनमोहन देव, सपना गोयल, धीरज वर्मा, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

बैठक | जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक में पूर्व सैनिकों ने उठाईं तमाम समस्याएं

चम्पावत में सैनिक स्कूल खोलने की मांग पर दिया जोर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : डीएम नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में हुई। जिसमें पूर्व सैनिकों के हित में अनेक निर्णय लेते हुए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को इस संबंध में लगातार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा पूर्व सैनिकों को पिथौरागढ़ में ईसीएचएस सुविधा के लिए पूर्व की भांति माह में 2 बार निःशुल्क उत्तराखंड परिवहन निगम की बस की सुविधा उपलब्ध कराए जाने, आयुष्मान भारत योजनांतर्गत अधिकृत चिकित्सालयों में पूर्व सैनिकों को भी कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, जिला मुख्यालय में सेना की सीएसडी कैंटीन में पूर्व सैनिकों को बेहतर सुविधाएं देने, बहुउद्देश्यीय सैनिक विश्राम गृह का निर्माण करने की मांग उठाई गई। सैनिक कल्याण अधिकारी ने महाविद्यालय देवीधुरा को जाने वाले मार्ग का नाम शहीद सहायक उप निरीक्षक नंदन सिंह चम्याल के नाम किए जाने की मांग उठाई। इस पर डीएम ने कहा कि उक्त मार्ग का नाम पूर्व में ही शहीद जमन सिंह के नाम से है जिसके कारण पूर्व शहीद का नाम हटाकर दूसरे शहीद के नाम से यह मार्ग का नाम करना उचित एवं संभव नहीं होगा। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा चम्पावत में सैनिक स्कूल की स्थापना की मांग के संबंध में डीएम ने कहा कि चम्पावत शहर छावनी परिषद नहीं होने के कारण यहां उक्त स्कूल की स्थापना में समस्या हो सकती है, इस के समाधान के लिए पुनः शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा जीवन अनमोल मल्टीसिटी अस्पताल चम्पावत में पूर्व सैनिकों को ईसीएचएस की सुविधा में जोड़े जाने की मांग की गई। इस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उक्त अस्पताल को ईसीएचएस से सूचीबद्ध करने के लिए जीवन अनमोल अस्पताल में संपर्क स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा बैठक में आयुष्मान कार्ड की भांति ईसीएचएस कार्ड भी सिविल अस्पतालों में पूर्व सैनिकों के लिए निशुल्क लागू करने की मांग की गई। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि.) उमेद सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, लीड बैंक अधिकारी अमर सिंह ग्वाल रहे।

जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद डीएम नवनीत पांडेय व अन्य।

बंद सड़कों को जल्द खोला जाए : जोशी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को आईटी पार्क स्थित उत्तराखंड ग्राम्य विकास प्राधिकरण कार्यालय में वर्चुअली प्रधानमंत्री ग्रमीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की समीक्षा की। इसमें उन्होंने बारिश से बंद हुई सड़कों की समीक्षा की।

बैठक में जोशी ने जिलेवार अतिवृष्टि से बंद हुई सड़कों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों को खोलने का काम तेजी से किया जाए। सड़क कटिंग में निकले मलबे को चिन्हित स्थान पर डंपिंग जोन बनाकर ही फेंका जाए। मलबा यहां-वहां फेंकने पर ठेकेदार जिम्मेदार होगा। मलबा आने से जलस्रोत बंद नहीं होने चाहिए। उन्होंने सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। सड़क निर्माण में भूस्वामियों को जल्द से जल्द मुआवाज देने और लंबित मामलों का निबटारा करने को कहा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि दैवीय आपदा से प्रदेश में कुल 64 सड़कें बंद हैं। इसमें कुमाऊं में 41 तथा गढ़वाल में 23 हैं, इन्हें खोलने के लिए 238 जेसीबी लगी हुई हैं। इस दौरान मुख्य अभियंता आरपी सिंह, मुख्य अभियंता कुमाऊं एसएन सिंह आदि मौजूद रहे।

जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

अल्मोड़ा : एससी, एसटी और जान से मारने की धमकी में गवाह बने व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। चौखुटिया थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता केवल चंद्र पांडे निवासी ग्राम दुलडी ने पुलिस में तहरीरदेकर कहा कि विजय पांडे ने बुधवार को चौखुटिया बाजार क्षेत्र में जान से मारने की धमकी देते हुए गाली- गलौज की। बताया कि शिकायती 10 जुलाई को एक मामले में बतौर गवाह सीओ कार्यालय गवाही के लिये गया। इस दौरान अल्मोड़ा तक आरोपी के परिजन ने शिकायती का पीछा किया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

एक नजर

तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री अस्पताल में भर्ती

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन की शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुरईमुरुगन विक्रवंडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बधाई देने के लिए आज दोपहर पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम आए थे। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ गई। द्रमुक उप महासचिव को प्राथमिक उपचार के बाद अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उनके बेटे एवं द्रमुक सांसद कथिर आनंद उनके साथ अस्पताल पहुंचे।

गुरदासपुर जिले में हेरोइन की खेप जब्त

जालंधर। बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर जिले में संयुक्त रूप से हेरोइन की खेप बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया विंग द्वारा साझा की गई सूचना पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ ने सुबह 8:40 बजे, रत्तर छत्तर गांव के पास एक धान के खेत से पैकेट (कुल वजन- 2.300 किलोग्राम) बरामद किया। पैकेट खोलने पर, संदिग्ध हेरोइन वाले दो छोटे पॉलीथीन पैकेट मिले।

रायपुर में कोयला कारोबारी के ऑफिस पर गोलीबारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाने के पास कोयला कारोबारी के ऑफिस पर शनिवार को गोली चलने की बड़ी घटना सामने आई है। झारखंड के अमन साहू गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना अंतर्गत पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड पर कोयला कोराबार से जुड़े पीपीए ग्रुप के ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोग हवाई फायर कर भाग निकले। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना सामने आई है। पिछली बार गोलीबारी की घटना होने से ठीक पहले हमने आरोपियों को पकड़ा था।

खेत से 54 किलो चांदी पुलिस ने की बरामद

गुना। मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बीलाखेड़ी में खेत से पुलिस ने 53 लाख मूल्य की 54 किलो 300 ग्राम बरामद की है। जिले के पारदी बदमाशों द्वारा पिछले माह राजस्थान के मनोहर थाना कस्बे में स्थित ज्वेलर्स की दुकान से 50 किलो चांदी के जेवरात चोरी किये गये थे। चोरी हुए चांदी के जेवर धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम बीलाखेड़ी के खेत से खोदकर निकाली हैं।

भारत जल्द बन जाएगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने मुंबई में 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के सचिवालय आईएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद वह बोले। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के लिए 30 हजार करोड़ की सड़क और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

मोदी ने इसका भी जिक्र किया कि कैसे भारत डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है। भारत के यूपीआई व डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लोगों की जिंदगी आसान हुई है और उनके लिए एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजना आसान हुआ है।

मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपस्थित थे।

तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां हुईं सृजित

मोदी ने कहा कि आरबीआई के अनुसार, तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुईं। मोदी मुंबई के गोरेगांव उपनगर में क्षेत्र में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत और आधारशिला रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आरबीआई ने रोजगार पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुंबई और उसके आसपास की आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से शहर के आसपास के इलाकों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।

प्रियंका ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

- कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा

शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने की आलोचना

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केंद्र सरकार की 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फैसले की आलोचना की। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि 50 साल पहले आपातकाल लागू हुआ था, लेकिन भाजपा भविष्य के बजाय अतीत को ही देखती रहती है। राकांपा (एसपी) ने कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती होतीं, तो वह संविधान बदली दिवस की घोषणा करती।

बांधों से सतलुज छोटी नदी में तब्दील हो गई : न्यायमूर्ति करोल

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बोले- तापमान और मानवीय गतिविधियों से नदियां सूख रहीं

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल ने कहा है कि सतलुज नदी पर बांधों के निर्माण से यह छोटी नदी में तब्दील हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बदल गया है। वकील जतिंदर (जय) चीमा की पुस्तक क्लाइमेट चेंजः द पॉलिसी, लॉ एंड प्रेक्टिस के विमोचन पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश के कृषि क्षेत्र पर भारी प्रभाव डाल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि बढ़ते तापमान और मानवीय गतिविधियों से नदियों के हिस्से सूख रहे हैं। भारत की एकमात्र ट्रांस हिमालय नदी सतलुज, कई बांधों के निर्माण से छोटी हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र व पारिस्थितिकी श्रृंखला बदल गई है। एक के बाद एक सरकारों ने गंगा की सफाई पर 30,000 करोड़ खर्च किए हैं। हम मौजूदा स्थिति को जानते हैं। हम सबने इसे देखा है। इस मुद्दे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

चार पर धोखाधड़ी, साजिश का आरोप तय करने का आदेश

फिक्सिंग मामला

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका में 2000 में खेले गए क्रिकेट मैच को फिक्स करने के आरोपी चार लोगों के खिलाफ कोर्ट ने साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा प्रिया इस मामले में राजेश कालरा, कृष्ण कुमार, सुनील दारा और संजीव चावला के खिलाफ सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

मामले में उस समय की द. अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्ये को भी आरोपी बनाया गया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी। कोर्ट ने मौजूद सबूतों पर गौर करते हुए कहा कि घटनाओं के क्रम, बातचीत के रिकॉर्ड, आचरण और परिस्थितियों से पता चलता है कि चावला द्वारा हैंसी क्रोन्ये के साथ किए सौदों में कालरा, कृष्ण और दारा की मिलीभगत है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार को कुचला, दो की मौत

जालंधर, एजेंसी

पंजाब के महानगर जालंधर के पठानकोट चौक में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कुचल दिया। जिनमें से दो की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है।

नॉर्थ जालंधर के सहायक आयुक्त (एसीपी) दमनबीर सिंह ने शनिवार को कहा कि जीप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों या घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी, दो की मौत

जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न 10.25 बजे भटयास के पास हुई। बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि एक यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नौ घायलों की हालत गंभीर है।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी से शुक्रवार को मामले की सुनवाई रदकर दी। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था। बालाजी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को कहा था कि अगर उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है तो इससे गलत संकेत जाएगा और यह जनहित के खिलाफ होगा। याचिकाकर्ता 8 महीने से अधिक जेल में रह चुका है, इसलिए विशेष अदालत को मामले का निपटारा करने का निर्देश देना अधिक उपयुक्त होगा।

केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है।

- आप नेता बोले- जेल में रहने के दौरान केजरीवाल का वजन 8.5 किलो घटा

सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। केजरीवाल का परिवार, आप और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में ही हैं।

अजमेर की लोक अदालत में 45 मामले निस्तारित

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित राजस्व मंडल मुख्यालय पर शानिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित किये गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित पीठ के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इससे पहले अजमेर मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

गुवाहाटी, एजेंसी

- सात और लोगों की मौत, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित
- बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले की संख्या हुई 106

असम में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर घटने लगा है। गुवाहाटी स्थित भारत मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने बताया कि असम के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कोकराझार जिले के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की ओर से शुक्रवार रात जारी की गई रिपोर्ट में बताया कि राज्य में बाढ़ के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम में इस साल बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, धुबरी जिले में सबसे अधिक 3.18 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इसके बाद कछार में लगभग 1.5 लाख लोग और गोलाघाट में 95,000 से अधिक लोगों को प्राकृतिक आपदा के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एएसडीएमए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी कम हो रहा है। वर्तमान में, 2,95,651 विस्थापित लोगों ने 18 जिलों के 316 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। राज्य सरकार ने पिछले 24 घंटों के दौरान, बाढ़ से प्रभावित लोगों को 3,621.01 क्विंटल चावल, 666.3 क्विंटल दाल, 6,266.61 क्विंटल नमक व 11,446.82 लीटर सरसों का तेल उपलब्ध कराया है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

750 करोड़ रुपये के कृषि कोष शुरू करने की सरकार कर रही तैयारी

नई दिल्ली। सरकार कृषि उद्यमियों को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर) शुरू करने की तैयारी कर रही है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि इस कोष के जरिए विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा और कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के साथ ही प्रत्यक्ष इक्विटी समर्थन भी दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की श्रेणी-2 वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की स्थापना के जरिए भारत के कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह कोष इक्विटी और ऋण दोनों तरह का समर्थन देगा और खासतौर से कृषि मूल्य श्रृंखला में उच्च जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करेगा। यह घोषणा शुक्रवार को मुंबई में नाबार्ड मुख्यालय में की गई।

15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हुई सॉफ्टबैंक

नई दिल्ली। जापान के सॉफ्टबैंक की निवेश शाखा सॉफ्टबैंक विजन फंड अप्रैल-जून तिमाही में 15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हो गई। सॉफ्टबैंक ने 2017 में पेटीएम ब्रांड की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में किस्तों में लगभग 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया था। सॉफ्टबैंक ने 10-12 प्रतिशत के नुकसान के साथ पेटीएम से अपना कारोबार समेट लिया है। कुल नुकसान करीब 15 करोड़ डॉलर है। साल 2021 में कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले सॉफ्टबैंक के पास पेटीएम में लगभग 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें एसवीएफ इंडिया होल्डिंग्स (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 17.3 प्रतिशत और एसवीएफ पैंथर (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

इस्पात पिघला, आया 4,000 रुपये टन का अंतर

डिमांड घटने से स्टील के दाम में दर्ज की गई गिरावट, स्टील पाइप के दरों में भी आई कमी

- बारिश के चलते निर्माण कार्य पर ब्रेक लगने से फुटकर बाजार में डिमांड घटी
- लोकल रायपुर और गैलेंट, टाटा-जिंदल आदि नामी-गिरामी ब्रांड के भाव भी गिरे

नीरज मिश्र

अमृत विचार : बारिश के मौसम में डिमांड के घटते ही स्टील के दाम में लंबे समय के बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4,000 रुपये प्रति टन का अंतर बाजार भाव में आया है। वहीं प्रति क्विंटल देखा जाए तो सरिया की कीमत में 400 रुपये का फर्क पड़ा है।

62 हजार रुपये से घटकर इसका भाव 58,000 रुपये प्रति टन हो गया है। यही नहीं बड़े ब्रांड की कंपनियों ने भी अपने सरिया की कीमतों में कमी की है। वहीं भाव में गिरावट से लोहे के पाइप के दाम भी नीचे आए हैं। लगातार गिरते भाव से इस्पात पिघलता सा नजर आ रहा है।

ब्रांड	पुरानी दर	मौजूदा दर (कीमत प्रति टन)
लोकल एवं रायपुर	60,000	56,000 से 57,000
गैलेंट	62,000	58,000 से 60,000
टाटा-जिंदल आदि	78,000	75,000 से 76,000
स्टील पाइप	70,000	65,000 से 67,000

निर्माण कार्य रुकने से डिमांड नहीं है। थोक बाजार हो या फुटकर सभी में महज 30 से 40 फीसद मजबूरी वाला सौदा रह गया है। सभी ब्रांड सस्ते हैं। चाहे वह लोकल हो या बड़े ब्रांड के टाटा और जिंदल जैसे नाम। सभी के भाव में लगातार गिरावट बनी हुई है।

-विशाल अग्रवाल, आयरन स्टील के थोक कारोबारी

स्टील सस्ती हो गई है। अरसे बाद इस्पात का भाव नीचे आया है। या यूं कहे कि पुराने रेट को छू रहा है तो गलत न होगा। स्टील की डिमांड कम है। ऐसे में कीमतें गिर रही हैं। सरिया सस्ती है लेकिन खपत नहीं है।

-श्याममूर्ति गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

फुटकर कारोबार रह गया है महज 30 से 40 फीसद

निर्माण कार्य बंद होने से बाजार शांत है। सरिया का फुटकर बाजार का लगातार डाउन है। माल डंप है। डिमांड बिल्कुल नहीं है।

बीएसएनएल को एमटीएनएल सौंपने पर विचार, विलय की संभावना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार समझौते के जरिए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का संचालन बीएसएनएल को सौंपने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार विलय की जगह इस विकल्प पर विचार कर रही है। इस पर अंतिम फैसला एक महीने में लिए जाने की संभावना है।

सूत्र ने बताया कि कर्ज में डूबी एमटीएनएल का संचालन समझौते के जरिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपने के विकल्प पर विचार हो रहा है। एमटीएनएल के कर्ज को देखते हुए बीएसएनएल के साथ विलय अनुकूल विकल्प नहीं है। फैसला लिए जाने के बाद प्रस्ताव सचिवों की समिति के सामने रखा जाएगा और उसके बाद मंत्रिमंडल इस बारे में अंतिम निर्णय लेगी। एमटीएनएल ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि वह अपर्याप्त फंड से कुछ बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई 2024 को देय है। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार एमटीएनएल को 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।

रॉबर्ट को मिलेगा अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली। सरकार ने बीएसएनएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पीके पुरवार को सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया है। यह प्रभार दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को दिया जा सकता है। जुलाई, 2019 में पांच साल के लिए बीएसएनएल के सीएमडी का प्रभार संभालने वाले पुरवार ने विस्तार के लिए आवेदन किया था। दूरसंचार विभाग बीएसएनएल के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार डीडीजी रॉबर्ट जे रवि को सौंपने पर विचार कर रहा है। वर्तमान सीएमडी द्वारा मांगे गए विस्तार पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह 20% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हुई

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह 15 जून को देनी होती है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है। इसमें 2,10,274 करोड़ रुपये का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ रुपये का पीआईटी शामिल है। इसमें कहा गया है कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ रुपये का योगदान दिया। पिछले वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ रुपये था।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54 प्रतिशत बढ़ा

आयकर विभाग ने आयकर संग्रह के आंकड़े जारी किये, जिसके अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 645259 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि के 523563 करोड़ रुपये की तुलना में 23.24% अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70902 करोड़ का रिफंड जारी किया जा चुका है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 43105 करोड़ रुपये की तुलना में 64.49 % अधिक है।

सब्जियों की कम आपूर्ति, ऊंचे दामों से बिगड़ा बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में देर से हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान से दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को टमाटर जैसी रोजमर्रा की चीजें दोगुनी कीमत पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। थोक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि खासतौर पर आलू, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के व्यापारी संजय भगत ने बताया कि फिलहाल टमाटर का थोक भाव 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। स्थानीय किस्म का टमाटर 1,200 रुपये प्रति 28 किलो (एक क्रेट) और हाइब्रिड 1,400 से 1,700 रुपये में बिक रहा है। पहले टमाटर का भाव 25-30 रुपये प्रति किलो था। थोक बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत 25 से 28 रुपये प्रति किलो है। जो सब्जियां 10 से 15 रुपये में बिकती थीं, वे अब 25 से 30 रुपये में मिल रही हैं। बीन्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। इस साल तेज गर्मी और बारिश में देरी के कारण कीमतों में उछाल आया है। ओखला सब्जी मंडी के व्यापारी ने कहा कि अभी केवल दो जगहों से टमाटर की आपूर्ति हो रही है - कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश। महाराष्ट्र से 10-15 अगस्त के आसपास नई फसल आने तक कीमतें ऊंची रहेंगी।

- आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में आया उछाल

टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

नई दिल्ली। टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। आपूर्ति में बाधा से बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है।

पूर्व ओलंपियंस बोले- सतत चलनी चाहिए तैयारी

कोलकाता, एजेंसी

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए। इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात आयोजित परिचर्चा इन सर्च आफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था।

ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं, पूरा देश जागता है। यह रवैया बदलना चाहिए। हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए। सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा चौथे स्थान पर रहने के बाद मैचे कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।

उन्होंने कहा और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की जानकारी थी। नंदी ने कहा भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है। इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें। पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है।

PARIS 2024
ओलंपिक 13 दिन शेष

● 'इन सर्च ऑफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024' कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियनों ने रखे अपने विचार

अनाहत, टियाना विश्व जू. स्क्वैश के तीसरे दौर में

ह्यूस्टन। भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है।

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। लड़कों के वर्ग में पहले दौर में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अयान वजीरल्ली ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को हराया। शौर्य बावा ने पाकिस्तान के मोहम्मद अम्माद को पराजित किया। अरिहंत केएस ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को हराया। युवराज ने जापान के शू ताकाहाशी को पराजित किया। अवलोकित ने कैस्पर चेउंग को हराया।

ओलंपियाड के लिए गुकेश और प्रज्ञानानंदा को टीम में मिली जगह

चेन्नई, एजेंसी

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा।

गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी टीम से बाहर हैं।

आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश। ● एजेंसी

जिम्बाब्वे पर भारी पड़ी भारतीय सलामी जोड़ी

शतक से चुके जायसवाल, गिल ने जड़ा अर्धशतक, बिना विकेट गंवाए जीता चौथा मैच, श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त

हरारे, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

स्कोर बोर्ड

जिम्बाब्वे 152/7 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
वेस्ली माधेवेर का रिंकू सिंह बो शिवम दूबे	25	24	4/0
मारूमनी का रिंकू सिंह बो अभिषेक	32	31	3/0
ब्रायन बेनेट का जायसवाल बो सुंदर	9	14	0/0
सिंकदर रजा का गिल बो देशपांडे	46	28	2/3
जोनाथन कैंपबेल रन आउट	3	3	0/0
डायन मेयर्स का एवं बो खलील अहमद	12	13	0/0
मडांडे का रिंकू सिंह बो खलील अहमद	7	5	1/0
फराज अकरम नाबाद	4	3	0/0

अतिरिक्त : 14, **गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-32-2, तुषार देशपांडे 3-0-30-1, रवि बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा 3-0-20-1, शिवम दूबे 2-0-11-1

भारत 156/0 (15.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	93	53	13/2
शुभमन गिल नाबाद	58	39	6/2

अतिरिक्त : 5, **गेंदबाजी** : नगारवा 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 3.2-0-25-0, टेंडाई चतारा 2-0-23-0, फराज अकरम 4-0-41-0, सिकंदर रजा 2-0-24-0, ब्रायन बेनेट 1-0-16-0

ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी झूलन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को विमेंस कैरिबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने अपना मेंटॉर नियुक्त किया है।

नाइट राइडर्स की ओर साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूर्नामेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद। टीकेआर के साथ जुड़ने की मेरी शुरुआती चर्चा वेंकी मायसोर (केकेआर के सीईओ) के साथ हुई थी। प्रबंधन के मुख्य व्यक्ति होने के नाते जिस तरह से वह सभी का ध्यान रखते हैं, वह काबिले तारीफ है। आईपीएल के दौरान कोलकाता में जिस तरह से वेंकी सर और शाहरुख खान ने मेरा स्वागत किया और मुझसे बात की, मैं उससे काफी खुश थी। टीकेआर की कप्तान वेस्टइंडीज डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में है। टीकेआर ने टीम में इस बार जेमिमाह रॉड्रिग्स, शिखा पांडे, मेग लानिंग और जेस जॉनासन को भी जोड़ा है। यह चारों खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हैं। उल्लेखनीय है कि गोस्वामी ने 2022 में महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह वर्तमान में विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच हैं। डब्ल्यूसीपीएल 2024, 21 अगस्त से 29 अगस्त तक खेला जाएगा। गत विजेता टीकेआर के अलावा बारबेडोस रॉयल्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगी। इस टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले जाएंगे और यह सभी टरुबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे।

अदिति ने कट हासिल किया, दीक्षा बाहर

एवियन ले बेंस, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया।

खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। इससे वह बीती रात संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 44वें स्थान पर पहुंच गईं। अभी हालांकि दूसरे दौर का खेल पूरा होना बाकी है। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया।

अदिति अशोक

अर्जुन ने हासिल किया कट

एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक की गोल्फ स्पर्धाएं रिवियेरा में

लुसाने। अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ महासंघ ने घोषणा की है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की गोल्फ स्पर्धा रिवियेरा कंट्री क्लब में आयोजित की जाएंगी। रिवियेरा 1926 में बनाया गया था और दो साल बाद इसकी शताब्दी का समारोह पहली बार यूएस महिला ओपन की मेजबानी के साथ मनाया जाएगा। रिवियेरा पर फरवरी में जेनेसिस आमंत्रण टूर्नामेंट खेला जाता है जो पीजीए टूर का हिस्सा है।

रंधावा संयुक्त पांचवें और जीव संयुक्त 19वें स्थान पर

जिनेवा (स्विट्जरलैंड)। भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा यूरोप में लीजेंड्स टूर पर स्विस सीनियर्स ओपन में चार अंडर 66 के कार्ड से संयुक्त पांचवें स्थान पर जबकि जीव मिल्खा सिंह (68) संयुक्त 19वें स्थान पर बने हुए हैं। रंधावा ने 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के इस टूर्नामेंट में पांच बर्डी लगाई और एक बोगी कर बैठे जबकि जीव ने चार बर्डी लगायी और दो बोगी की।

महिला एकल फाइनल में हार के बाद निराश जैस्मीन पाओलिनी।

जैस्मीन को हराकर बारबोरा बनीं चैंपियन

लंदन, एजेंसी

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम किया और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती।

28 साल की क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। सातवीं वरीय पाओलिनी पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही थीं और वह 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।

● क्रेजिसिकोवा ने जीती दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी

<< विंबलडन खिताब को चूमतीं चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट

लंदन। कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरूष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी।

भारत के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि भारत के आगामी सफेद गेंद के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब यह एक दिन आगे 27 जुलाई से शुरू होगा।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। कार्यक्रम के पहले के कार्यक्रम के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 26 जुलाई को खेला जाना था, लेकिन अब यह 27 जुलाई को होगा। इसके बाद दो टी-20 मैच 28 जुलाई और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।

स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म के स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर अपनी अगली फिल्म में दमदार एक्शन सीन करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक हो सकती है।कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के अंडर चल रही है। आदित्य रॉय इस एक्शन फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर के लिए यह खास ट्रेनिंग कानपुर में रखी की गई है। इस स्पेशल ट्रेनिंग में किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट्स तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेनिंग के जरिए आदित्य रॉय कपूर को न सिर्फ फिल्म के लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि उनकी ओवरऑल फिजिकल कंडीशन भी बेहतर की जा रही है। आदित्य की ट्रेनिंग दो महीने तक चलने वाली है।

हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त, की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गई है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, ''#एनजीइएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

यूरो कप फाइनल 1966 विश्वकप के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंग्लैंड के पास मौका, आज स्पेन से होगा मुकाबला

58 साल का सूखा खत्म करना चाहेगा इंग्लैंड

बर्लिन, एजेंसी

स्पेन की टीम रविवार को जब यूरो 2024 के फाइनल में उतरेगी तो उसकी कोशिश रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड 1966 विश्व कप खिताब के बाद इस खेल में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगा।

स्पेन और जर्मनी ने तीन-तीन यूरो खिताब जीते हैं और रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्पेन का पलड़ा भारी होगा। स्पेन की टीम टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीतने में सफल रही है। टीम पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उसने पिछले साल जून में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। 17 साल के लामाइन यमल स्पेन के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन बार गोल के मौके बनाए और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपना पहला गोल किया। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। यमल के लिए यह टूर्नामेंट वैसा ही रहा है जैसा कि 2018 विश्व कप में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे और 1958 विश्व कप में 17 साल के पेले के लिए था। स्पेन 12 साल के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टीम ने अपना पिछला फाइनल यूरो 2012 में इटली के खिलाफ खेला था। टीम ने तब इटली को 4-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था।

इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट की देखरेख में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 2016 में उनके टीम से जुड़ने के बाद इंग्लैंड 2018 में विश्व कप सेमीफाइनल और अब लगातार यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। स्पेन के कप्तान अलवारो मोराटा चोट से उबर कर अभ्यास करते दिखे जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। मोराटा को यह चोट पिछले मैच में जीत का जश्न मनाते हुए लगी थी।

अभ्यास सत्र में पसीना बहाते स्पेन के यमल व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

स्पेन तीन बार का चैंपियन

स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में चैम्पियन रही है। यूरो 2024 में छह खिलाड़ी टूर्नामेंट के सबसे अधिक तीन गोल पर हैं और इनमें दो फाइनल में खेल रहे हैं। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और स्पेन के डानी ओल्मो शामिल है। इंग्लैंड की और स्पेन की टीम छह साल के अंतराल पर एक दूसरे का सामना करेगी। दोनों ने 2018 नेशंस लीग में डबल-हेडर खेला था, जिसमें स्पेन ने 2-1 से जीत दर्ज की और इंग्लैंड ने एक महीने बाद सेविला में 3-2 से जीत दर्ज की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

प्रकृति का प्रकोप

बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में शनिवार को भारी बारिश के बाद तुतला भवानी जलप्रपात में बाढ़ आ गयी। ● एजेंसी

सिएटल में वीजा आवेदन केंद्र की शुरुआत हुई

ह्यूस्टन, एजेंसी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया

अमेरिका के सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, पोर्ट कमिश्नर सैम चो सहित स्थानीय नेता इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मेयर हैरेल ने आवेदकों को भारतीय पासपोर्ट और वीजा प्रदान किया, जो समुदाय के लिए एक खास पल था।

सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने वहां रह रहे भारतीयों की तारीफ की, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को समृद्ध बनाने में उनके योगदान की सराहना की। सिएटल के अलावा बेलेव्यू में भी एक ड्रॉप-ऑफ प्रतिष्ठान प्रारंभ किया है ताकि पूर्वी क्षेत्र के लोगों को वीजा और पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। सिएटल और बेलेव्यू भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का संचालन वीएफएस ग्लोबल कर रहा है, यह विदेश मंत्रालय का आउटसोर्स्ड वीजा सेवा साझेदार है। ये केंद्र भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने और इससे संबंधित अन्य समस्याओं से निपटने में मदद के लिए स्थापित किए गए हैं।

रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैंने एस. 138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे।

● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद बना कानून

होनहार विदेशी छात्रों के लिए विधेयक पेश

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। एच-1बी वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों द्वारा सर्वाधिक मांग है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य थानेदार ने कहा, एक आप्रवासी के तौर पर, अमेरिका में शिक्षा के अवसरों ने मुझे हर मौका दिया और मैं देश में हमारे सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को रखने के महत्व को समझता हूं।

एक नजर

इक्वाडोर में पूर्व राष्ट्रपति उम्मीदवार की हत्या में 5 अभियुक्तों को सजा

क्विटो। इक्वाडोर की एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या के पांच आरोपियों को 12 से 34 साल जेल की सजा सुनाई। कार्लोस अंगुलो, मादक पदार्थों की तस्करी गिरोह लॉस लोबोस के नेताओं में से एक, और लौरा कैस्टिलो को हत्या की साजिश रचने के लिए अधिकतम 34 साल और आठ महीने की जेल की सजा सुनाई गई। अन्य दो पुरुषों और एक महिला को साथी के रूप में 12 साल की सजा सुनाई गई। अदालत ने विलाविसेंसियो के परिवार को पूर्ण मुआवजा देने की भी बात की। नौ अगस्त, 2023 को क्विटो शहर में एक राजनीतिक रैली के बाद एक सशस्त्र हमले में 59 वर्षीय राजनेता और पत्रकार विलाविसेंशियो की हत्या कर दी गई थी।

किसी देश के दबाव में नहीं आऐंगे : पेजेश्कियन

तेहरान। ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय हितों और शांति की पूर्व शर्त के अनुरूप सभी देशों के साथ संतुलित संबंध स्थापित करेगी, लेकिन अमेरिका पर जोर देते हुए कहा कि उनका देश दबाव में नहीं आएगा। मसूद पेजेश्कियन ने शुक्रवार देर रात देश के सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स में नयी दुनिया के लिए मेरा संदेश शीर्षक से लिखा जिसमें नवीनतम राष्ट्रपति चुनाव की प्रशंसा की गई है जिसने उल्लेखनीय स्थिरता का प्रदर्शन किया। इसमें उन्होंने लिखा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान किये गय वादों को बरकरार रखने का संकल्प लेते हैं। ईरान के 69 वर्षीय हार्ट सर्जन और लंबे समय तक सांसद रहे पेजेश्कियन ने पांच जुलाई के चुनाव में कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह ली।

चीन का मिसाइल परीक्षण ताइवान ने सतर्कता बढ़ाई

ताइपे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि वह चीन की मिसाइल इकाई के परीक्षणों पर नजर रख रहा है और उसकी वायु सेना ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है। चीन स्वशासित द्वीप से 1,600 किलोमीटर से अधिक दूर के क्षेत्र में यह परीक्षण कर रहा है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसका कहना है कि इसे मुख्य भूभाग के साथ फिर से एकीकृत किया जाना चाहिए। ताइवान की सैन्य समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय ने शनिवार को इनर मंगोलिया में चीन के रॉकेट फोर्स द्वारा कई परीक्षण अभियान का पता लगाया।

केपी शर्मा ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

मंत्रियों की सूची को लेकर विचार-विमर्श, सोमवार को शपथ लेंगे

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नयी गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नयी गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे। शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।



● निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को संसद का विश्वास मत खो दिया

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा। इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा, जिसका बाद में विस्तार किया जाएगा।

इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 31 की मौत

यरूशलम। इजरायल में मई की शुरुआत में वेस्ट नाइल बुखार फैलने के बाद से शुक्रवार को 12 नई मौतों की पुष्टि के साथ मौत का आंकड़ा 31 हो गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में 49 नए संक्रमण की सूचना दी, जिससे देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 405 हो गई, जो वर्ष 2000 में 425 की वार्षिक रिकॉर्ड के समीप है।

मंत्रालय ने इस वायरस के लिए मच्छरों के लिए अनुकूल गर्म और अधिक आर्द्र मौसम को जिम्मेदार ठहराया, जो मच्छरों के काटने से पक्षियों में और पक्षियों से मनुष्यों तक पहुंचाता है। इजरायल की समाचार वेबसाइट वाईनेट ने कहा कि अधिकांश संक्रमित 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग हैं, हालांकि बच्चों में भी वायरस का पता चला है। अधिकांश संक्रमणों में हल्के सर्दी के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कभी-कभी, कुछ लोगों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारियां विकसित हो जाती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, इज़राइल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तामीर गोशेन ने समाचार वेबसाइट को जानकारी दिया कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए।

दक्षिणी गाजा में हमला 71 लोगों की गई जान

यरूशलम, एजेंसी

- हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया था हमला

दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हुए एक इजराइली हमले में 71 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। यह जानकारी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। वहीं एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि हमला हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया। इजराइली अधिकारी ने बताया कि खान यूनिस में हमला मोहम्मद दीफ को निशाना बनाने के लिए किया गया, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था।

दीफ कई वर्षों से इजराइल की सबसे वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। अभी औपचारिक घोषणा नहीं होने के चलते एक अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि हमास के एक अन्य शीर्ष अधिकारी राफा सलामा को भी हमले में निशाना बनाया गया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 289 अन्य घायल हुए हैं और कई घायलों और मृतकों को पास के नासिर अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने 40 से अधिक शवों की गिनती की और गवाहों ने हमले का वर्णन किया।

वरिष्ठ हमास कमांडर को मार गिराया

गाजा। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल पर गत वर्ष सात अक्टूबर के हमले की साजिश में शामिल हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को हाल ही में गाजा शहर पर हुए हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा कि हमास का उप कमांडर अयमान शोवादेह, वर्तमान में शेजैया बटालियन और पूर्व में हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख संचालक मारा गया। सूत्रों के मुताबिक आईडीएफ सैनिकों पर शोवादेह ने कई हमले किए थे। इजरायली सेना ने शेजैया शहर में दो सप्ताह में सक्रिय आतंकवादियों और उनके बुनियादि ढांचे को खत्म करने का काम किया। बुधवार को आईडीएफ ने शेजैया मिशन समाप्त करने की घोषणा की।

गुरुद्वारा में हमले में एक किशोर को आरोपी बनाया गया

लंदन। ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर गुरुवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में अशांति के रूप में संदर्भित कर रही है। नाबालिग होने के कारण लड़के के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। भारत के बाहर सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारा की ओर से कहा गया है कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और घटना के समय गुरु ग्रंथ साहिब जी दरबार हॉल में नहीं थे।

केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, शनिवार को केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने 17 वर्षीय एक लड़के पर हिंसा करने, जान से मारने की धमकी देने, धारदार हथियार से किसी व्यक्ति को धमकाने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने का आरोप लगाया।

मध्य नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढही 22 लोगों की मौत

अबुजा। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया।

नेपाल में भूस्खलन: एक भारतीय का शव बरामद

काठमांडू, एजेंसी

- दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने की घटना में शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक का शव बरामद किया गया। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत से ढका हुआ पाया गया। उसके पास से भारतीय पहचान पत्र भी बरामद हुआ है। इस घटना में लापता हुए अन्य भारतीय नागरिकों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियां, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में हुई है। नेपाल के सुरक्षा बलों और गोताखोरों की मदद से बचावकर्मियों ने लापता व्यक्तियों की तलाश शनिवार को फिर से शुरू की। वहीं, पहले यह जानकारी थी कि दोनों बसों में 60 से ज्यादा लोग सवार थे। नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिसकर्मियों के साथ-साथ गोताखोर तलाश अभियान फिर से शुरू कर रहे हैं।

अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)। अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है, जिसे अर्जेंटीना देश में यहूदी स्थलों पर दो घातक आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

इद्दत मामले में अदालत ने इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किया बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

इमरान खान और बुशरा बीबी को फरवरी में सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और प्रत्येक पर 500,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उस समय निचली अदालत ने उनके निकाह को धोखाधड़ी करार दिया था। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने जोड़े की शादी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। इसके बाद खान दंपति ने सजा को चुनौती दी थी और राहत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। अदालत ने 28 पन्नों के फैसले में कहा कि मेनका लगभग छह साल तक निष्क्रिय रहा, जिससे उसका रुजू का अधिकार समाप्त हो गया, जो तलाक के बाद इद्दत की अवधि के भीतर रिश्ते को सामान्य करने की अवधि है। अदालत ने कहा, यदि उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें (खान और बुशरा) तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड के गठन और धार्मिक विद्वानों से परामर्श की मांग करने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।

पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी के बरी होने के कोर्ट के आदेश के बाद खुशी मनाते पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष गौहर खान व अन्य।

आईएएस पूजा खेडकर की मां को नगर निगम का नोटिस

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

- सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का निर्देश दिया गया

पुणे नगर निगम ने विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को एक नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने आईएएस प्रशिक्षु पूजा के माता-पिता मनोरमा और दिलीप खेडकर के अलावा पांच अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। कुछ दिन पहले ही एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक से धमकाती नजर आ रही थीं। वर्ष 2023 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी खेडकर परिवीक्षाधीन हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। शनिवार शाम को पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के बाणेर रोड स्थित ओम दीप बंगले पर मनोरमा खेडकर को नोटिस थमाने की कोशिश की, लेकिन घंटी बजाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। बंगले के मुख्य द्वार पर नोटिस चिपका दिया है।

खगोल विज्ञान | आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना

अधर में लटका ए3 त्सुचिंशान एटलस का भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह धूमकेतु बिखर जाएगा या फिर आसमान में अपनी छटा बिखेरेगा, कहा जाना निश्चित नहीं है। इस धूमकेतु की खोज पिछले साल हुई। इसका नाम ए3 त्सुचिंशान एटलस है।

धूमकेतु हमारे सौरमंडल के रोमांचक पिंडों में शुमार हैं, जो एक लंबी पूंछ बनाते हैं और हमारी धरती के करीब से होकर गुजर जाते हैं। इनकी चमक खूबसूरत होती है और सूर्य की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। इन दिनों धूमकेतु ए3 त्सुचिनशान एटलस हमारे करीब पहुंचने वाला है। खास बात यह है कि इसकी आगे की यात्रा का रास्ता शायद खुला नहीं है। जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह अपरिहार्य कारणों से बिखर चुका है और ब्रह्मांड के अंधियारे में आगे बढ़ रहा है। मगर बड़ी बात यह भी कही जा रही है कि यदि यह सुरक्षित आगे बढ़ा तो इस वर्ष का सर्वाधिक चमकदार धूमकेतु बनेगा।

ए3 त्सुचिंशान एटलस।

बहरहाल खगोलीय रहस्यों में रुचि रखने वाले दुनियाभर के लोग इस धूमकेतु के नग्न आंखों से दिखाई देने का इंतजार कर रहे हैं। 2023 की शुरुआत में इसकी खोज हुई थी। अक्टूबर 2024 में पृथ्वी व सूर्य के नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल आंतरिक सौर मंडल के करीब आ रहा है। पिछले तीन महीनों के दौरान इसकी चमक में वृद्धि नहीं देखी गई है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका केंद्र खंडित हो रहा है। यह अध्ययन चेक अमेरिकी खगोलशास्त्री और नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के धूमकेतु विशेषज्ञ ज़ेडेनेक सेकनिना ने किया है।

दूरबीन से देखा जा सकता है धूमकेतु

खगोल के प्रति रुचि रखने वालों का कहना है कि यह धूमकेतु बड़ी चुनौती है। इसकी तस्वीर ले पाना आसान नहीं होगा। इसकी पहचान कर पाना भी मुश्किलों भरा होगा। इसका अध्ययन कर रहे नासा समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी इसके रहस्य उजागर कर पाना बड़ा इतिहास बनेगा। एक छोटी दूरबीन के सहारे इसे देखा जा सकता है।

यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

कीव, एजेंसी

- खेरसॉन क्षेत्र में गोलाबारी में तीन लोगों की गई जान

यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस की गोलाबारी में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने यहां दी। इस बीच, शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात रूस और यूक्रेन के बीच लगातार ड्रोन हमले हुए। आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन प्रांत के गवर्नर अलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने बताया कि इसकी राजधानी के करीब हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, शनिवार दोपहर एक और व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेनी सेना ने शनिवार तड़के रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र स्थित त्सिमल्यांस्की जिले में एक तेल डिपो को निशाना बनाया। ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं।